जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 16 संख्याः 137 प्रभात चूरू, शुक्रवार 13 सितम्बर, 2024 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## अशोक गहलोत ने सभी घोड़े खोल दिये हैं ए.आई.सी.सी. में

### वे किसी भी तरह, ए.आई.सी.सी. में अंगूठा टेकने के लिये कोई सा भी पद लेने को तैयार हैं

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 सितम्बर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, जो लोकसभा चुनावों में अपने बेटे की पराजय के बाद, कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे, ने अन्ततः बाहर निकलने की हिम्मत जुटाने का निर्णय ले लिया है। वे कल दिल्ली आ रहे हैं तथा रात को दिल्ली में रुकेंगे।

समझा जाता है कि कुछ समय से अशोक गहलोत ए.आई.सी.सी. में अपने सम्बन्धों को पुनर्जीवित कर रहे थे। इस सब के पीछे उनका उद्देश्य अपने राजनैतिक कैरियर को पुनः पटरी पर लाना तथा पार्टी में कोई पद हासिल करना ही था।

समझा जाता है कि चूँकि हरियाणा के चुनाव नजदीक ही हैं तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपिन्दर सिंह हूड्डा की वहाँ चल रही है, इसलिए गहलोत ने उनसे कहा कि वे उनकी कुछ मदद करें। इस तरह, गहलोत पैर रखने की जगह की तलाश में हैं।

समझा जाता है कि गहलोत को हरियाणा चुनावों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया जा सकता है।

अगर ऐसा हो जाता है, जो इस जिम्मेदारी के निर्वहन का काम एक महीने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- हरियाणा के विधानसभा चुनाव में भूपेन्द्र हुड्डा सर्वेसर्वा हैं और गहलोत ने हुड्डा से मदद मांगी है, कैसा भी छोटा-मोटा पद दिलवाने में।
- हुड्डा की मदद से संभावना है, गहलोत हरियाणा के चुनाव में पर्यवेक्षक नियुक्त हो जायें। यह नियुक्ति मुश्किल से एक माह के लिये ही प्रभावी है और कुछ खास काम नहीं है इस पद पर, विशेषकर इसलिए कि हुड्डा ही हरियाणा का चुनाव फायनैंस कर रहे हैं, अतः पर्यवेक्षक की भूमिका और भी कमज़ोर हो जाती है।
- सामान्यतौर पर, जब किसी भी मु.मंत्री को पर्यवेक्षक बनाया जाता है तो यह भी मकसद होता है कि वह मु.मंत्री चुनाव को फायनैंस भी करेगा।
- जब से गहलोत ने सोनिया गांधी के खिलाफ बगावत की थी, राहुल व प्रियंका उन पर विश्वास करने को तैयार नहीं हैं।
- गहलोत हर कीमत पर सचिन पायलट को मु.मंत्री नहीं बनने देना चाहते थे और यह ही उनकी बगावत का मुख्य कारण था।

## ममता बनर्जी ने इस्तीफा देने की पेशकश की

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 सितम्बर। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जूनियर डॉक्टरों और राज्य सरकार के बीच चल रहे टकराव के संदन में अपने पद से इस्तीफा देने की पेशकश की है।

- ममता बनर्जी ने जूनियर डॉक्टर्स व राज्य सरकार के टकराव के संदर्भ में इस्तीफा देने का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने कहा, वे दो घंटे तक डॉक्टर्स के प्रतिनिधियों का इंतज़ार करती रहीं, पर कोई नहीं आया।
- असल में डॉक्टर्स की मांग है कि चूंकि ममता बनर्जी हर बात को गलत तरीके से पेश करती हैं, इसलिए जब वार्ता का सीधा प्रसारण होगा, तब ही वे ममता बनर्जी से मिलेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जूनियर डॉक्टरों के प्रतिनिधियों से मिलने के लिए उन्होंने दो घंटे इंतजार किया।

तृणमूल कांग्रेस के अंदर उनके इस्तीफे तथा उनकी जगह नया चेहरा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सीता की विनम्रता व दोस्ताना याद रहेगा- सतीश मिश्रा

### सीताराम येचुरी की दिल्ली के मेदान्ता अस्पताल में ''लंग इन्फैक्शन'' से मृत्यु हो गई, वे 15 अगस्त से वैन्टीलेटर पर थे

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 सितम्बर। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया मार्क्सवादी (सी.पी.आई.एम.) के महासचिव सीताराम येचुरी का लम्बी बीमारी के बाद गुरुवार को निधन हो गया। उनके निधन से देश ने एक सच्चे जन नेता को खो दिया, जो हमेशा गरीबों और पिछड़ों के लिए आगे आकर लड़ा।

अपने मित्रों में सीता नाम से लोकप्रिय येचुरी हमेशा से प्रगतिवादी लक्ष्यों के लिये प्रतिबद्ध रहे, अपने पथ से कभी भी नहीं डिगे। उन्होंने गैर भाजपाई दलों में आम सहमति बनाने के लिए बड़ी मेहनत की।

उनकी मृत्यु संविधान और उदार लोकतंत्र के समर्थकों के लिए भी भारी झटका है, पर मेरे लिए यह व्यक्तिगत नुकसान भी है, वे मेरे मित्र थे।

माकपा व अस्पताल सूत्रों ने उनकी मृत्यु की पुष्टि की है। बहत्तर वर्षीय सीताराम गत 19 अगस्त को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती हुए थे, तब से ही वे वैंटीलेटर पर थे।

वे नई दिल्ली एम्स के आई.सी.यू. में भर्ती थे और उनका श्वसन नली के गंभीर संक्रमण का इलाज चल रहा था।

- एक मेधावी छात्र के रूप में उन्होंने 1969 में देश भर में अव्वल नम्बर से सैन्ट्रल बोर्ड ऑफ सैकेण्डरी एजुकेशन की हायर सैकण्डरी परीक्षा पास की थी।
- 1974 में वे सी.पी.एम. के छात्र संगठन से जुड़े तथा 1975 में एमरजैन्सी में गिरफ्तार हुए तथा एमरजैन्सी के बाद जे.एन.यू. की स्टूडैन्ट यूनियन के अध्यक्ष बने और उसके बाद पार्टी में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे और अंत में तीन बार पार्टी के महासचिव रहे।
- वे कामरेड सुरजीत की, विपक्ष में समन्वय बैठाने की नीति के अनुयायी थे।
- वे राहुल के निकटस्थ सलाहकार थे, विपक्ष के गठबंधन इण्डिया अलॉयन्स के प्रमुख नेता थे, तथा उनकी मृत्यु से इण्डिया गठबंधन को भारी झटका लगा है।

जाने-माने विपक्षी नेता येचुरी संसद के भीतर व बाहर कट्टर भाजपा विरोधी रुख के लिए जाने जाते थे। माकपा में उनके दबदबे का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे 1984 से ही माकपा की केन्द्रीय समिति के सदस्य थे और येचुरी 1992 से पोलित ब्यूरो के सदस्य बने।

राज्यसभा में येचुरी का कार्यकाल 2020 में खत्म हुआ था। तब माकपा के केरल गुट के प्रमुख प्रकाश करात व पिनाराई विजयन थे, उन्होंने येचुरी को दोबारा मनोनीत करने से मना कर दिया था।

केरल लॉबी के इस इनकार से उदारवादी लोकतांत्रिक ताकतों को भारी झटका लगा था क्योंकि वे सभी को साथ लेकर चलने वाले नेता थे। येचुरी बहुत मुखर वक्ता थे तथा जटिल मुद्दों पर भी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मांडया में सांप्रदायिक तनाव, पर हालात नियंत्रण में

-लक्ष्मण वेंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 सितम्बर। बैंगलुरू में कुछ 100 कि.मी. दूर मांडया नगर में, बुधवार की साम्प्रदायिक संघर्ष के बाद से तनाव बना हुआ है। लेकिन, बुधवार तथा गुरुवार को पुलिस द्वारा की गई सख्त तथा तुरंत कार्यवाही के बाद, जिनमें, 52 लोगों को हिरासत में लिया गया, स्थिति अब नियंत्रण में है।

पुलिस ने इस क्षेत्र में हाई अलर्ट घोषित किया है, और मुख्यमंत्री एस.सिद्धारमैया ने कहा कि मांडया जिले के नागमंगला में गणपति विसर्जन जुलूस के दौरान भड़की हिंसा असामाजिक तत्वों का काम है, जिसमें समाज की शांति को खतरा है तथा सरकार ने इसका गंभीर संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर जो लोग विभाजन का प्रयास कर रहे हैं उनके खिलाफ सख्त पुलिस कार्यवाही की जाएगी

दरअसल, जब गणेश चतुर्थी का जुलूस बदरीकोप्पालू नामक गाँव से गुजर रहा था, यह खबर फैल गई कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- कर्नाटक के मांडया शहर में बुधवार रात गणेश विसर्जन जुलूस पर पथराव की घटना से शहर में भारी सांप्रदायिक तनाव हो गया था। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर 52 लोगों को गिरफ्तार किया।



## विचार बिन्दु

अकर्मण्यता के जीवन से यशस्वी जीवन और यशस्वी मृत्यु श्रेष्ठ होती है।

–चंद्रशेखर वेंकट रमण

# फांसी की सजा का कोई औचित्य नहीं

कहते हैं, भारत एक ऐसा देश है, जहाँ प्रत्येक बात के लिये कानून है, किन्तु लागू करने में अत्यन्त शिथिलता है। धर्म प्रधान देश है, किन्तु जघन्य अपराध करने में कठोरतम सजा फांसी से भी भारत के लोग भयभीत नहीं हैं। निर्भया, दिशा और अभी अभी अपराजिता के केस यहाँ हुये। आरजी कर मेडिकल की प्रशिक्षु महिला डॉक्टर का बलात्कार और बाद में उसकी हत्या ने, महिलाओं की सुरक्षा के प्रश्न को लेकर, देश की आत्मा को झकझोर दिया है। समूचा देश दु:खी है उद्वेलित है सुरक्षा के लिये आन्दोलन कर रहा है। प्रत्येक जघन्य, क्रूर अपराध के बाद कानून में सजा को कठिनतम बनाया है। 10 वर्ष की सजा के स्थान पर फांसी की सजा का प्रावधान किया है, किन्तु रेप की घटनाओं में कमी नहीं हुई। हाल ही की यह घटना 8 अगस्त, 2024 की रात्रि की थी। दिनांक 28 अगस्त की रात्रि की गेंगरेप की घटना जैसलमेर महिला थाने पर दर्ज किया गया है। ये घटनायें मानवता के लिये कलंक है। लेखक डा. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने अपने एक लेख में बतलाया है कि 2012 में निर्भया काण्ड के बाद कानून कठोर तथा फास्ट स्पेशिल कोर्ट स्थापित करने के उपरान्त भी रेप हत्याओं में बढ़ोत्तरी हुई है। निर्भया एपिसोड के समय 24915 केस हुये तथा 2022 में यह संख्या बढ़कर 31516 हुई।

इंग्लैण्ड में 100 वर्षों पूर्व में किसी महिला कर्मचारी के चम्मच की चोरी व ब्रेड चुराकर खाने पर फांसी की सजा सरे आम दी जाती थी। उस समय की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया कि जब फांसी की सजा दी जा रही थी तो उस समय कई लोगों की जेब कटी थीं। अर्थात् फांसी की सजा का भयातुर प्रभाव नहीं था। हाउस ऑफ लोर्डस् ने उसी समय फांसी की सजा को बंद कर दिया। वहां फांसी की सजा आज भी नहीं है। फांसी की सजा कई देशों में नहीं दी जाती। यह भी सच है कि भारत, चीन व यूएसए में मौत की सजा दी जाती है। जस्टिस भगवती ने मृत्युदण्ड को संविधान के अनुच्छेद 14 व 21 के तहत Ultra Vires करार दिया था। Cr.P.C की धारा 354 में केवल प्रति विशिष्ट मामलों में मौत की सजा देने की व्यवस्था है। अफ्रीकी क्रिमिनल प्रोसीजर कोड 1977 में मृत्युदण्ड की सजा का उल्लेख है किन्तु वहां की संविधान पीठ ने उसे Unconstitutional करार दिया है।

International Covenant on Civil and Political Rights, 1966 तथा बाद में हुये अन्य अनुबंधों में यह सहमति बनी कि अन्तर्राष्ट्रीय हस्ताक्षरकर्त्ता देश यह अपेक्षा करते हैं कि फांसी की सजा को समाप्त किया जावे और इस संबंध में जो भी संभव उपाय हैं वे किये जावें तथा वे सब सहमत हैं कि:–

Article 1, (2)

"Each State party shall take all necessary measures to abolish the death penalty with its jurisdiction.

अधिकांश देशों की धारणा है कि मौत की सजा का Deterrent effect नहीं है। दिनांक 28.04.1989 को Commission, Human Rights ने प्रचण्ड मत से मृत्युदण्ड पर Moratoriam लगाया था।

उपरोक्त सहमति व अन्तर्राष्ट्रीय घोषणा की पृष्ठभूमि में हमें यह विचार करना है कि क्या दुष्कर्म विरोधी ममता दीदी के बिल में दोषी को मृत्युदण्ड (फांसी) दिये जाने की जो व्यवस्था है, उसका कोई औचित्य है? लेखक इस विचार से सहमत है कि दोषियों को कठोरतम सजा दी जावे; किन्तु फांसी की सजा के पक्ष में नहीं है। बंगाल विधानसभा ने बिल पारित किया है उसे राज्यपाल को भेजा जावेगा और वे मंजूरी के लिये राष्ट्रपति को भेजेंगे। बंगाल राज्य ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में संशोधन का प्रस्ताव दिया है। तृणमूल विपक्षी दलों में है, ऐसी स्थिति तथा उपरोक्त अन्तर्राष्ट्रीय संधि के होते हुये क्या राष्ट्रपति इसे स्वीकृति प्रदान करेंगे यह सम्भव प्रतीत नहीं होता। यहां पर लिखना समीचीन होगा कि पहले भी आंन्ध्र प्रदेश व महाराष्ट्र ने मौत की सजा को अनिवार्य किया था, किन्तु उन्हें स्वीकृति (मंजूरी) नहीं दी गई है। बंगाल के गर्वनर ने ममता के Anti Rape Bill को राष्ट्रपति को भेज दिया है।

अपराजिता बिल अथवा Anti Rape बिल जिसे राज्य विधानसभा ने शीर्षक दिया है वह है, ''अपराजिता वीमन एण्ड चाइल्ड (वेस्ट बंगाल क्रिमिनल लॉ अमेंण्डमेंट) बिल है। क्रिमिनल लॉ के संबंध में कानून बनाने का अधिकार केन्द्र तथा राज्य सरकार दोनों को है।

**इंग्लैण्ड में 100 वर्षो पूर्व में किसी महिला कर्मचारी के चम्मच की चोरी व ब्रेड चुराकर खाने पर फांसी की सजा सरे आम दी जाती थी। उस समय की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया कि जब फांसी की सजा दी जा रही थी तो उस समय कई लोगों की जेब कटी थीं। अर्थात् फांसी की सजा का भयातुर प्रभाव नहीं था। हाउस ऑफ लोर्डस् ने उसी समय फांसी की सजा को बंद कर दिया।**

बंगाल के प्रस्तावित विधेयक में केन्द्र के तीन कानूनों में, यथा भारतीय नागरिक संहिता, 2023 (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) 2012 में संशोधन किया गया है। बीएनएस की धारा 64 में सजा कम से कम 10 वर्ष या उम्रकैद है जबकि अपराजिता में शेष आयु जेल में ही काटने का और जुर्माने या मौत की सजा प्रस्तावित है। बीएनएस की धारा 66 में पीडिता की मौत पर 20 साल सजा, उम्र कैद, फांसी है अपराजिता में सिर्फ फांसी का प्रस्ताव है। धारा 70 में गेंगरेप में 20 साल सजा का प्रावधान है अपराजिता में उम्र कैद या मौत की सजा का प्रस्ताव है। बीएनएस में पीड़िता की पहचान बताने पर 2 वर्ष की सजा, अपराजिता में 3 से 5 वर्ष की सजा जुर्माना। बीएनएस की धारा 65(1), 65(2), 70(2) में 16, 12 व 18 वर्ष के अपराधियों के लिये रियायत है किन्तु अपराजिता में सबको समान सजा का प्रस्ताव है।

यहां यह लिखना समीचीन होगा कि राज्यों को अलग कानून बनाने का अधिकार है, किन्तु केन्द्रीय कानून में संशोधन नहीं कर सकते। यदि कोई राज्य इस प्रकार कार्य करता है तो राज्यपाल विधेयक को मंजूरी के हेतु राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं। (बिल राष्ट्रपति को भेजा जा चुका है)

बंगाल विधान सभा द्वारा पारित अपराजिता बिल सर्व सम्मति से पारित हुआ है। इसके लिये कुछ प्रावधान निम्नलिखित हैं:–

अ) थाने के ऑसी (अधिकारी) को एफआईआर दर्ज होने के 21 दिन में जांच पूरी करनी होगी।

ब) जांच पूरी न होने पर 15 दिन अतिरिक्त दिये जा सकते हैं।

स) हर जिले में विशेष अदालत स्थापित होगी।

द) पीड़ित की पैरवी के लिये विशेष लोक अभियोजक की नियुक्ति की जावेगी।

य) इस बिल में पीड़िता की मौत या गम्भीर मस्तिष्क क्षति का शिकार होने पर दोषी की मृत्युदण्ड और अन्य दोषियों को बिना पैरोल उम्रकैद सजा का प्रावधान है।

इसमें कोई मतभेद नहीं है कि दुष्कर्म के मामलों में परिस्थितियों की गम्भीरता के साथ, सजा की सख्ती होनी चाहिये। फांसी की सजा के प्रावधानों का डेटेरेन्ट प्रभाव नहीं है ऐसा अधिकांश देश मानते हैं। भारत यूएनओ का सदस्य है। अन्तर्राष्ट्रीय सन्धियों का यदि भारत हस्ताक्षरकर्ता है तो संधियों की शर्तों की पालना करना उसका दायित्व है। इस बाबत संविधान के अनुच्छेद 51 में यह स्पष्ट निर्देश है कि State Treaty Obligation की पालना करेगा। जैसा ऊपर चरणों में अभिव्यक्त किया है कि अन्तर्राष्ट्रीय संधि के अनुसार फांसी की सजा Abolish करना देश का कर्त्तव्य है। देखें:– [Second optional protocol to the International Covenant on Civil and Political Rights 41/128, annex, 44 UN GAOR Supp (No.49) at 207, UN Troc A/44/49 (1989) entered in 15 force, July 11, 1991]

देश ने भी अनुभव किया है फांसी की सजा की कठोरता का भी बलात्कारियों पर कोई असर नहीं हुआ है। निर्भया में फांसी की सजा का प्रावधान किया गया; किन्तु बेअसर साबित हुआ।

ममता दीदी के फांसी की सजा के बिल को प्रथम दृष्टया यह कहा जा सकता है कि वह उक्त संधि के प्रावधानों के विरूद्ध है। भारतीय न्याय संहिता की धारायें 64, 66 व 70 भी जिनमें फांसी की सजा दिये जाने का प्रावधान है वे भी संधि के प्रावधानों के सामने नत मस्तक है।

फांसी की सजा जिस व्यक्ति को दी गई है उसे क्षमा याचना अथवा सजा को उम्र कैद में Commute कराने का अधिकार संविधान में दिया गया है। यह कदम भी मृत्युदण्ड को समान करने जैसा है। राष्ट्रपति व राज्यपाल को क्षमा का यह अधिकार क्रमश: अनुच्छेद 72 व 161 में दिये हैं। इसी का उल्लेख अन्तर्राष्ट्रीय संधि, 1966 के Part-III अनुच्छेद 6 के उपचरण 4 में दिया है, वह इस प्रकार है:–

Pardon or Comutation of the sentence of death may be granted in all cases."

यहां may शब्द का प्रयोग है, किन्तु इसका अर्थ है shall क्योंकि कोई भी देश दूसरे देश के राष्ट्रपति को कार्य करने का निर्देश नहीं दे सकता। वह केवल प्रार्थना ही कर सकता है।

संसार के लगभग 130 देश फांसी की सजा को समाप्त कर चुके हैं। वर्तमान् में भारत में मौत की सजा फांसी की फंदे पर लटका कर दी जाती है। उम्रकैद की सजा (आजीवन कारावास) को भी विस्तार से समझाने की आवश्यकता है। आजीवन कारावास का अर्थ क्या बीस साल अथवा इससे ज्यादा अथवा कम हो अथवा जीवन की समाप्ति तक है इसे स्पष्ट करना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त मौत की सजा (फांसी की सजा) के विकल्प के रूप में क्या सजा हो सकती है? इस पर चर्चा व चिन्तन होकर आधिकारिक निर्णय होना चाहिये। लॉ कमीशन को यह काम सौंपा जावे। सजा ऐसी हो, जिससे अभियुक्त की तथा बलात्कारियों की रूह कांप उठे और अमानवीय भी न हो। जो भी आतंकवादी गिरफ्तार किये गये है, उनकी यही इच्छा रहती है कि उन्हें फांसी दी जावे। उसे मरने की चिन्ता नहीं है। आतंकी तो मरने के लिये ही आतंकी बनता है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# भारत के संविधान के होते हुए, क्या सार्थकता है मनु स्मृति पर यदा-कदा की निरर्थक बहस का?



महावीर सिंह

**गतांक से आगे.............**

उन्होंने सृष्टि बनाई (1.15)। श्लोक 1.31 के अनुसार सदैव अदृश्य ईश्वर ही मनुष्यों को ब्राह्मण, योगी, गुरु, राजा, मंत्री, चोर, डाकू आदि-आदि बनाता है। प्रलय, सृष्टि सृजन की यह बातें छोटे-मोटे परिवर्तनों के साथ हर धर्म के ग्रन्थों में मिलेंगी। श्लोक 1.33 के अनुसार ब्रह्मा नें चार वर्ण बनाए। मुख से ब्राह्मण, भुजाओं से क्षत्रिय, जंघाओं से वैश्य व पैरों से शुद्र बनाए अर्थात वर्ण व्यवस्था भगवान कृत है और कौन मनुष्य किस वर्ण में जन्म लेगा यह भी भगवान ही निर्धारित करता है। श्लोक 1.34 के अनुसार ब्रह्माजी ने अपने शरीर के दो भाग किए-एक स्त्री व दूसरा पुरुष बनाया। इनके मेल से पूरी मनुष्य जाति बनी।

मनुस्मृति की सृष्टि रचना और जीव जगत की बातें, डार्विन के जीवों के क्रमिक बदलाव व उन्नयन के सिद्धांत व आधुनिक भौतिक की वैज्ञानिक खोजों से क़तई मेल नहीं खाती। प्रथम अध्य्याय के श्लोक संख्या 1.89 से 1.93 तक विभिन्न वर्णों के कर्मों का निर्धारण किया। शुद्र का काम केवल और केवल बिना वैर, द्वेष के अन्य तीन वर्णों की सेवा करना बताया है। श्लोक 1.96 के अनुसार ब्राह्मण सर्वश्रेष्ठ है, सबसे पहले जन्म। ब्राह्मण के बोले मंत्रों से ही पृथ्वी, अंतरिक्ष आदि में निवास करने वाले देवता अपना हव्य व पितर अपना कव्य प्राप्त करते हैं। ब्राह्मण से अधिक श्रेष्ठ कोई प्राणी नहीं। श्लोक 1.97-98 आदि पर भी सभी प्राणियों में ब्राह्मण को ही श्रेष्ठ बताया है। 1.102 के अनुसार तो ब्राह्मण की कृपा से ही दूसरे लोग अन्न, वस्त्र व अन्य वस्तुएं प्राप्त कर उपभोग करते है।

उपरोक्त श्लोक व इनकी विभिन्न व्याख्याएं वर्तमान सामाजिक परिदृश्य में, किसी भी दृष्टि से संविधान व अन्य कानूनों व तर्क अनुरूप नहीं कही जा सकती। अर्थात अधिकतर बातें अमान्य है। श्लोक 2.33 के अनुसार विभिन्न वर्णों के व्यक्तियों के नाम भी उस वर्ण के कर्म के अनुसार हों जैसे क्षत्रिय के लिए अजय, विजय, शुद्र के लिए राम सेवक, चन्द्र दास आदि। दूसरे अध्य्याय में ही कौन वर्ण कैसे वस्त्र धारण करे यह भी उल्लेखित कर दिया। इस अध्य्याय में केवल तीन वर्णों के गर्भधारण, जन्म, यज्ञोपवित, शिक्षा, ब्रह्मचर्य आदि कत्तर्व्यों, संस्कारों, विद्याध्यन, आदि का वर्णन है। इनमें शुद्र वर्ग के लिए कुछ नहीं है। श्लोक 2.70 में स्त्रियों को विवाहोपरांत पति के अधीन रहना है। गुरु पुत्र छोटा हो तो भी गुरु समान पूजनीय है (2.212)। गुरु की स्वर्ण पत्नियां गुरु के समान पूजनीय है किंतु गुरु की क्षत्रिय-वैश्य कुल की पत्नियां केवल खड़े होकर नमस्कार किया जाए (2.214)। इसी अध्य्याय के श्लोक 217, 218 पर लिखा है कि स्त्रियां अपनी श्रंगार चेष्ठाओं द्वारा पुरुषों को मोहित करती है, बुरे मार्ग पर ले जाती हैं। 2.138 के अनुसार 100 वर्ष का क्षत्रिय हो, 10 वर्ष का ब्राह्मण बालक हो तो भी क्षत्रिय पुत्र समान होगा व ब्राह्मण पुत्र पिता तुल्य। 1.240 के अनुसार शुद्र 100 साल का हो तो भी आदरणीय नहीं माना जाए। 3.12 के अनुसार ब्राह्मण वर्ण के बाहर क्षत्रिय, वैश्य, शुद्र कन्या से विवाह कर सकता है। इसी अध्य्याय में लिखा है कि यदि द्विज की पत्नी शुद्र हो तो क्या क्या हानियां होंगी। मांस भक्षण विरोध पर आजकल कई प्रकार सेनाएँ घूमती-फिरती है। 3.271 पर लिखा है कुछ पशुओं के मांस से पितर कितनी-कितनी अवधि तक खुश रहते हैं। 3.272,273 के अनुसार खीर से 12 वर्ष पितर तृप्त रहते है, कुछ मछलियों, गैंडे, लाल बकरे के मांस से पितर अनन्तकाल तक प्रसन्न रहते है। इसी अध्य्याय में श्राद्ध कर्म पर कई श्लोक है, श्राद्ध किस से, कैसे करवाएं। मांसाहार पर चेप्टर 5 में भी लिखा है। 5.22-31 अनुसार यज्ञ करने, अपने सेवकों के भोजन के लिए भक्षण योग्य पशु का वध देवोचित व मान्य है। 5.27,36 के अनुसार ब्राह्मण मांस को विधिनुसार पवित्र कर खाए। 5.56 के अनुसार प्राणियों में मांसाहार, मदिरापान, मैथुन स्वाभाविक प्रवर्ती है। इनके करने से कोई दोष नहीं। अध्य्याय 4 में ब्राह्मण के लिए भी नियम है यथा ब्राह्मण नौकरी नही करे, अन्न भंडारण, धनसंग्रह नही करे, जीवन यापन के लिए छलकपट नहीं करे और शिलउजच्छ से ही जीवन यापन करे (4.6 से 11)। कौन से कार्य करे, न करे इनका भी वर्णन है।

अध्य्याय 6 में विभिन्न गृहस्थ आदि आश्रमों से सम्बन्धी व आहार सम्बन्धी नियम है। अध्याय 7 में राज व्यवस्था से सम्बंधित नियम है यथा कैसे मंत्री चुने, कैसे और कितना कर लगाकर वसूल करें, व्यवस्था कैसे बनी रहे, दूसरे राजाओं से सम्पर्क आदि। 7.59 के अनुसार राजा को विश्वसनीय ब्राह्मण मंत्री को सभी कार्यों का भार सौंप देना चाहिए। 8वें अध्य्याय में विभिन्न प्रकार के विवादों के बारे में, विवादों के निपटारे सम्बन्धी नियम हैं। ऋण लेने, देना, लौटना आदि की व्यवस्था, चोरी, डाका, बलात्कार, खेत सीमा विवाद, पशु चोरी आदि विभिन्न प्रकार के अपराधों के मुकद्दमों की सुनवाई, साक्षी कोन हो, साक्ष्य कैसे लिया जाए, किस अपराध के लिए क्या दण्ड हो आदि का वर्णन। 8.46 के अनुसार द्विजातियों (तीन उच्च वर्ग) द्वारा प्रमाणित देश, कुल, जाति के अनुसार निर्णय की व्यवस्था बताई है जो अब मानने योग्य नहीं।

श्लोक 8.88 में बताया है कि किस वर्ण के साक्षी को कैसे सम्बोधित करें, यथा ब्राह्मण को-''महाराज बोलिए, क्षत्रिय को राजन सच बोलिए आदि'' शुद्र से कहा जाएगा झूठ बोलोगे तो सब पाप लगेंगे। 8.142 के अनुसार किस वर्ण वाले से क्या ब्याज लिया जाना चाहिए-ब्राह्मण से 2, क्षत्रिय 3, वैश्य से 4 व शुद्र से 5 प्रतिशत ब्याज लेना चाहिए। बहुत से आपराधिक विवादों के निपटारे में व दण्ड देने में विभिन्न वर्णों के लोगों के लिए अलग जल्द दण्ड प्रावधान जो अब पूर्णत: अमान्य हैं जैसे-265 से 276, व कई अन्य कई श्लोक में बताया है। 278 से 283 के अनुसार शुद्र जिस अंग से द्विजातियों पर प्रहार करे, वह अंग काट देना चाहिए।

शुद्र वर्ण के अपराधियों के लिए, अन्य वर्णों के उसी प्रकार के अपराधों के लिए बताए दण्डों से भिन्न जघन्य-अंग विच्छेद आदि अन्याय पूर्ण दण्ड प्रावधान है जो अब पूर्णरूपेण अमान्य है। भारत जैसे संवैधानिक राष्ट्र में ऐसे क्रूर दण्डों के बारे में कोई सोच भी नही जा सकता। श्लोक 378 के अनुसार ब्राह्मण का सिर मुंडवाकर देश निकाला देना मृत्युदंड तुल्य है और ब्राह्मण कैसा भी पाप करे उसकी पिटाई, वध न करें। श्लोक 415 के अनुसार स्त्री, पुत्र, दास को निर्धन माना जाता है, उनकी सम्पति पर स्वामी का अधिकार होता है। 8.381,382 के अनुसार अडल्ट्री (पर स्त्री, पुरुष के साथ यौन सम्बद्ध) के लिए भी वर्णानुसार दण्ड/जुर्माने के प्रावधान है।

महिलाओं के सम्बंध में 9.3,9.6 पर लिखा है कि जन्म से लेकर मृत्य तक महिला को देखभाल, रक्षा के लिए कोई न कोई संरक्षक चाहिए और महिलाओं को उसके अधीन ही रहना चाहिए। 5.150 से 157 तक भी घुमा-फिराकर कुछ ऐसा ही लिखा है। 5.158 पर तो यह भी लिखा है कि स्त्री चरित्रहीन, गुण रहित पति को भी देवता समझे और सेवा करे। 5.160,161 के अनुसार पति की मृत्यु के बाद स्त्री कन्दमूल खा कर अपना शरीर सुखा ले और भूल कर भी अन्य पुरूष के साथ की इच्छा नहीं करे। यदि उसके कोई पुत्र न हो तो पुत्र इच्छा से भी नहीं। 9.15 पर महिलाओं के चरित्र पर अनुचित या वर्तमान समय के अनुसार अप्रसांगिक बात लिखी हैं। 9.16 के अनुसार स्त्रियों के जातकरण, नामकरण पर वेद मंत्र न पढे जाए। 9.45 के अनुसार पुरुष पत्नी का त्याग कर सकता है किंतु महिला ऐसा नही कर सकती। 9.93 के अनुसार 8 व 12 वर्ष की कन्या कभी पाणी ग्रहण मान्य है। 9.11 के अनुसार यदि कन्या स्वयं अपना वर चुनती है तो पिता, भाई व अन्य परिवार जनों द्वारा दिये गए उपहार, आभूषणों पर उसका कोई अधिकार नहीं रहता और उनको लोटा देना चाहिए। लेखक भी गांवों में जाता रहता है, विभिन्न आयु के लोगों के समूहों से बात करता है। कई बार सुनने को मिलता है कि हिन्दू राष्ट्र बनना चाहिए, कुछ कानून केवल हिंदुओ के लिए ही क्यों?

यदि कुछ लोगों के लिए उनके धर्म के अनुसार कानून हो सकते है तो हिंदुओं के लिए भी पुराने धर्म शास्त्रों के अनुसार क्यों नही? इस प्रकार के अधिकतर लोगों को न हिन्दू राष्ट्र की कोई रूपरेखा का पता है और न हिंदुओं को टारगेट बनाने वाले या किसी अन्य धर्म वालों को फेवर करने वाले कानूनों के सम्बंध में कुछ विशेष जानकारी होती। लगता है कि ऐसे लोगों को, जानबूझ कर आधी-अधूरी बातें समझाई जाती है। ऐसे लोग तर्क के आधार इन बातों को समझने-समझाने में ही असमर्थ दिखाई देते है। वे केवल सिखाए गए अस्पष्ट बातों को दोहराते हैं जो दर्शाता है कि, छोटे स्तर पर ही सही, कोई न कोई ऐसा नरेटिव तो चलता और चलाया जाता है।

पाठक स्वयं निर्णय करें कि समय-समय पर मनुस्मृति का हवाला देकर उसके पक्ष-विपक्ष में जो निरर्थक बहस चलाई जाती है वह क्यों चलाई जाती है, उसका क्या औचित्य, जनता का इस से क्या भला?

**–महावीर सिंह,**
**पूर्व आईएएस**

# पपुरना के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सात महीने से डॉक्टर नहीं है

## मौसमी बीमारियों के चलते स्वास्थ्य केंद्र में रोजाना ओपीडी में लगभग 150 से ज्यादा मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी उपखंड के पपुरना के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पिछले सात माह से डॉक्टर नहीं होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने गुरुवार को पंचायत समिति में आयोजित जनसुनवाई में एसडीएम सविता शर्मा को ज्ञापन देकर पीएचसी पपुरना में डॉक्टर लगाने की मांग की।

एडवोकेट निरंजन लाल सैनी ने बताया कि राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पपुरना में पिछले 7 महीने से कोई भी डॉक्टर नहीं हैं। मौसमी बीमारियों के चलते स्वास्थ्य केंद्र में रोज लगभग ओपीडी में 150 से ज्यादा मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। खेतड़ी उपखंड क्षेत्र का सबसे बड़ा पीएचसी पपुरना ही है। डॉक्टर नहीं होने के चलते मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है।

आमजन को स्वास्थ्य केंद्र का लाभ डॉक्टर के रिक्त पद के चलते नहीं मिल पा रहा है। आपातकालीन में भी डॉक्टर की अस्पताल में व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन अस्पताल के समयावधि के पश्चात कोई भी डॉक्टर अस्पताल में नहीं मिलता हैं, जिससे ग्रामीणों एवं मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



ग्रामीणों ने एसडीएम सविता शर्मा को ज्ञापन देकर पीएचसी पपुरना में डॉक्टर लगाने की मांग की।

- **ग्रामीणों ने पंचायत समिति में आयोजित जनसुनवाई में एसडीएम को ज्ञापन देकर पीएचसी पपुरना में डॉक्टर लगाने की मांग की**
- **एसडीएम सविता शर्मा ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से बात कर जल्द व्यवस्था करवाने का आश्वासन दिया**

राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पपुरना के अंतर्गत नौ सब सेंटर जिनमें बंधा की ढाणी, लालगढ़, राजकुमारपुरा, जाट की ढाणी, संजयनगर, गाडराटा, प्रतापपुर देवनगर आते हैं और चार बड़ी ग्राम पंचायत का क्षेत्र पपुरना, रामकुमारपुरा, संजयनगर, गाडराटा है जिनकी आबादी लगभग 36 हजार से अधिक है।

ग्रामीणों ने पीएचसी में जल्द डॉक्टर लगाने की मांग की है। इस दौरान एसडीएम सविता शर्मा ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से बात कर जल्द व्यवस्था करवाने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर शुभम महराणिया, नितेश जांगिड़, सुभाष सैनी, मक्खन लाल, राजेंद्र कुमार टेलर, तोफिक, मनीष सैनी करमाडी, करण सैनी, चिमन, मनजीत, योगेश जांगिड़, जाकिर, राहुल सैनी, जितेंद्र, सोहेल, राकेश कुमार सहित सैकड़ो ग्रामीणजन मौजूद थे।

## राशिफल शुक्रवार 13 सितम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, दशमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र रात्रि 9:36 तक, सौभाग्य योग रात्रि 8:48 तक, तैतिल करण दिन 11:02 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 3:24 से मकर राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-धनु, मंगल-मिथुन, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-कन्या, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज रवियोग सम्पूर्ण दिन-रात रहेगा। आज रामदेव जयन्ती और तेजा दशमी, सुगन्ध, धूप दशमी, दशावतार जयन्ती व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:47 तक, लाभ-अमृत 7:47 से 10:31 तक, शुभ 12:23 से 1:55 तक, चर 4:59 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:15, सूर्यास्त 6:30

### मेष




नवीन/व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### वृष




अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। मित्रों/रिश्तेदारों से अनबन हो सकती है। वाणी की कटुता के कारण परिवार में तनाव हो सकता है।

### मिथुन




परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### कर्क




व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में उचित सहयोग मिल सकता है। दिनचर्या में सुधार होगा।

### सिंह




नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

### कन्या




घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बनी रहेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक यात्रा संभव है।

### तुला




व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

### वृश्चिक




व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु




व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### मकर




घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में आपसी अनबन बढ़ सकती है और स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।

### कुंभ



आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### मीन



व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेंगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

## सीआरपीएफ के जवान के घर में चोरी

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ में जाट भवन के पास नसीब कॉलोनी में सीआरपीएफ के जवान के घर पर चोरों ने खिडकी से घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

प्रकरण में विकास चौधरी निवासी गांव चैलाना बास के अनुसार चोरो नें लाइसेंसशुदा पिस्टल, पिस्टल में 10 जिन्दा राउंड एवं 70 हजार नगदी पर हाथ साफ कर दिया। विकास चौधरी ने इस संबन्ध में राजगढ थाने में परिवाद सौपकर मामला दर्ज करने की मांग की है। तथा दिए गए परिवाद में बताया कि उसकी बहन का घर नसीब कॉलोनी में जाट भवन के पास स्थित है। जिसमें अज्ञात चोर ने घर में घूसकर लाइसेन्सशुदा का पिस्तौल और 70 हजार रूपये नगदी चोरी हुई है। तथा घर में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए है, मगर गंभीर बात यह है कि अज्ञात चोर चोरी की वारदात को अंजाम देकर घर लगे सीसीटीवी कैमरे की डीबीआर भी उखाड कर साथ ले गए। विकास चौधरी ने बताया कि चोरी की वारदात को लेकर पुलिस थाना राजगढ में रिपोर्ट दी गई है। चौधरी ने बताया कि उसके जीजाजी और बहन दोनों सीआरपीएफ में सेवाएं दे रहे हैं।

# टायर फटने से कार पलटी, एक बच्चे सहित तीन की मौत, पांच घायल

**तारानगर,** (निसं)। तारानगर क्षेत्र के गांव जिगसाना ताल में ईंट-भट्टा के पास ईको कार टायर फटने से पलट गई। हादसे में तीन जनों की मौत हो गई व पांच जने घायल हो गये। जानकारी के अनुसार हरियाणा से एक ईको कार में महिला, पुरुष व बच्चे सहित आठ जने सवार हो कर तारानगर में जोतराम मन्दिर में धोक लगाने के लिये आ रहे थे।

- **हरियाणा से कार में आठ जने तारानगर में मन्दिर में धोक लगाने आ रहे थे**
- **राजगढ़ सड़क मार्ग पर ईंट-भट्टे के पास हुआ हादसा**

तारानगर पुलिस से मिली जानकारी अनुसार गुरुवार करीब शाम 4:10 बजे थाने में ईको कार के दुर्घटना की सूचना मिली, सूचना पाकर थाने के एएसआई सुमेरसिंह मीणा मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। मौके पर ईको कार पलटी हुई मिली। गाड़ी के नीचे दो व्यक्ति दबे हुये मिले जिन्हें साथियों की साहता से बाहर निकाला एवं उप जिला अस्पताल भेजा, अन्य घायलों को क्षेत्र के ही निजी अस्पताल संजीवनी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। सूचना मिलते ही डीएसपी मिनाक्षी भी मय जाप्ता के मौके पर पहुंची एवं दुर्घटनास्थल का मौका निरीक्षण किया गया। पुलिस ने बताया कि कार में कुल सात व्यक्ति तथा एक छोटा बच्चा सवार थे। जिनमें इसवन्ती, सागर, प्रियांस, आशिष व नवीन आदि 8 लोग सवार थे जिसमें सत्यवान पुत्र चेतराम जाति प्रजापत उम्र 62 साल, नवीन पुत्र मेहर सिंह जाति जाट उम्र 50 साल, प्रियांस 2 साल 6 माह इन तीनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जिनके शव उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाये गये हैं एवं ईशवन्ती की हालत गंभीर होने के कारण हायर सेन्टर रैफर किया गया है। घायल सागर, पूजा, हैपी, आशिष आदि का संजीवनी अस्पताल में इलाज जारी है।



हादसे में इको कार क्षतिग्रस्त हो गई।

## कबड्डी में सातड़ा और लूणासर ने मारी बाजी

**चूरू,** (निसं)। जिले की सरदारशहर तहसील के गांव बलाल में 68वीं जिला-स्तरीय जूनियर व सीनियर वर्ग छात्रा कबड्डी प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को समारोह पूर्वक हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि नगर परिषद् सभापति राजकरण चौधरी थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि बेटियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. एच. आर. ईसराण ने की।

ईसराण ने शिक्षा के बहुआयामी पहलुओं की व्याख्या करते हुए खेलों को स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक बताया। समारोह के विशिष्ट अतिथि उप जिला शिक्षा अधिकारी रामूराम बुंदेला, भागीरथ सहारण, आसिफ खोकर भालेरी और विजयपाल धुआं थे। कार्यक्रम संयोजक प्रधानाचार्य रामकुमार खिचड़ ने बताया कि जूनियर वर्ग में राजस्थान पब्लिक शिक्षण संस्थान सातड़ा विजेता और राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जयसंगसर की टीम उपविजेता रही तथा सीनियर वर्ग में चौधरी नर्सिंग शिक्षण संस्थान लूणासर विजेता व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फोगा उपविजेता रही।

इस अवसर पर अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर व मैडल पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर भंवरलाल नेहरा, रामूराम मेघवाल, दुनीराम नेहरा, रामकुमार सिंह, हंसराज मुंड, बीरबल नेहरा, इंद्राज मुंड, गोपीराम नेहरा, बीरबल मेघवाल, रामेश्वर मुंड, जगदीश मेघवाल, धनपत, लालचंद, रामलाल मुंड, हरचंद मुंड, शीशपाल, भेंरूलाल, शिव भगवान, सीताराम, सहीराम नेहरा, राधेश्याम पूनिया, राजेंद्र सुंडा, कुलदीप राठौड़, धर्मवीर दुलड़ सहित अनेक ग्रामीण व पूर्व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक प्रधानाचार्य खिचड़ ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन बेगराज कस्वां व ओम कड़वासरा ने संयुक्त रूप से किया।

### सार-समाचार

## सहकारिता मंत्री दक आज तारानगर में

**तारानगर,** (निसं)। तारानगर के श्री बनेचन्द सरावगी उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में भामाशाह ताराचंद गोयल, रतनलाल गोयल द्वारा नव निर्मित नारायणी देवी राधा कृष्ण भगत विज्ञान एवं वाणिज्य भवन का लोकार्पण संत पूज्य स्वामी डॉक्टर संजय कृष्ण सलिल के सानिध्य में होगा, कार्यक्रम में मुख्य वक्ता क्षेत्रीय संगठन मंत्री विद्या भारती शिव प्रसाद, मुख्य अतिथि सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम कुमार दक होंगे व अध्यक्षता पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, विशिष्ट अतिथि संयोजक प्रवासी प्रकोष्ठ भाजपा कुमार लखोटिया, अखिल भारतीय अग्रवाल सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष पद्म भूषण देवेंद्र झाझड़िया, विभाग प्रचारक मुकेश कुमार, आदर्श शिक्षण संस्थान चूरू के जिला अध्यक्ष मदन लाल प्रजापत, स्थानीय विद्यालय समिति के सदस्य एवं समस्त आचार्य गणों सहित अनेक सम्मानित व्यक्ति मौजूद रहेंगे।

## गणेश महोत्सव में श्रद्धालुओं की धूम

**चूरू,** (निसं)। जिला मुख्यालय पर इन दिनों गणेश पूजा के कार्यक्रम परवान पर हैं। शहर में कई स्थानों पर चल रही गणेश पूजा में आरती में श्रद्धालु उत्साह पूर्वक भाग ले रहे हैं। वार्ड 32 शिव कॉलोनी में आयोजित गणेश पूजा महोत्सव में दोनों समय आरती के दौरान श्रद्धालु श्रद्धा के साथ गणपति को रिझाते हुए दिखाई देते हैं। शिव मित्र मंडल के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की भागीदारी वातावरण को आध्यात्मिक बना रही है। आयोजन समिति के मोहित सैनी ने बताया कि बुधवार रात्रि को भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें संतों और स्थानीय कलाकारों के द्वारा भजनों की मनभावन प्रस्तुतियां दी गई।

## बाबा रामदेव का मेला आज से

**बीदासर,** (निसं)। कस्बे के गणगौरी चौक स्थित बाबा रामदेव के मुख्य मंदिर में दो दिवसीय भाद्रपद शुक्ल दशमी का मेला शुक्रवार से शुरू होगा। जिसको लेकर मंदिर प्रांगण की विद्युत स्वचालित यंत्रों से रंग बिरंगी भव्य सजावट की गई है, तथा बाबा के दरबार का विशेष रूप से श्रृंगार किया गया है। वही मंदिर प्रांगण में भादवा माह से शुरू हुई अखंड ज्योत में रात्रि कालिन होने वाली महाआरती में श्रद्धालुओं का हजूम उमड़ रहा है। दशमी के उपलक्ष में बाबा रामदेव मित्र मंडल के तत्वाधान में शुक्रवार की रात्रि में लोक देवता बाबा रामदेव की जयंती पर गणगौरी चौक में भंजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मित्र मंडल के अध्यक्ष शिव कुमार टाँटिया ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि में होने वाली भंजन संध्या में अलवर की सुमन राव, नोखा के दिनेश हिंदुस्तानी व राजलदेसर के तुलसीराम एंड पार्टी के भजन गायकार भजनों की प्रस्तुतियां देंगे।

## खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया

**सादुलपुर,** (निसं)। तहसील के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरु बडी में चल रही 68वीं जिला स्तरीय 17 से 19 वर्ष आयु वर्ग छात्र-छात्रा फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन समारोह गुरुवार को संयोजक एवं प्रधानाचार्य प्रेम सिंह सांगवान की अध्यक्षता में एवं विनोद पूनिया पंचायत समिति प्रधान राजगढ के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। वहीं विशिष्ट अतिथि दीवान सिंह सूरा एसीबीओ राजगढ, रामफल लम्बोरिया उप प्रधान राजगढ, सरपंच प्रतिनिधि सुनील जांगिड व सुरेश पूनिया भामाशाह उपस्थित रहे। वहीं फाइनल मुकाबले में 17 वर्ष छात्रा वर्ग में मैच खैरू बडी व ढाढरिया चारणान के बीच खेल गया, जिसमें खैरु बडी की टीम विजेता रही। वहीं निर्णायकों व विजेता खिलाडियों को ट्रॉफी व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# मेले में ऊंट-घोड़ी नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

**चूरू,** (निसं) निकटवर्ती ग्राम घड़वा जोहड़ा गोगामेड़ी धाम में आयोजित दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का समापन गुरुवार को समारोह पूर्वक हुआ।

इस दौरान बुधवार रात्रि को भव्य जागरण का आयोजन किया गया। मेड़ी के भगत धर्मपाल खड़ोलिया ने बताया कि चंचल नाथ टिला झुंझुनू के पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज ने अपनी मधुर वाणी से एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित स्त्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। ओमनाथ महाराज ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विजय नाथ, विचार नाथ, निवृत्ति नाथ, आकाश नाथ, निर्मल नाथ, अभय नाथ ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर गोपीराम सैनी, अध्यक्ष विद्याधर गुर्जर, शिवरतन शर्मा ने आगंतुक संतों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान गुरुवार को भव्य मेले का आयोजन किया गया। ऊंट-घोड़ी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। मेले का उद्घाटन पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, प्रधान दीपचंद राहड़ व विक्रम सिंह कोटवाद ने फीता काटकर किया। मेड़ी के भगत धर्मपाल ने बताया कि मेले में ऊंट नृत्य व घोड़ी नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। ऊंट नृत्य में रोहितास कुलड़िया बीबासर झुंझुनू ने प्रथम व सांवताराम आसलखेड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

- **ग्राम घड़वा जोहड़ा गोगामेड़ी धाम में आयोजित दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का समापन**

घोड़ी नृत्य में सांवताराम आसलखेड़ी ने प्रथम स्थान व भवानी सिंह कारंगा फतेहपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर आगंतुक अतिथियों का मेड़ी कमेटी के सदस्यों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## भाजपा के सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक

**रतनगढ़,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी रतनगढ़ विधानसभा के आठों भाजपा मण्डलों की एक संयुक्त बैठक गुरुवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बसन्त शर्मा ने कहा भाजपा पूरे देश भर में सदस्यता महा अभियान को संघटन पर्व के रूप में मना रही है। 11 सितंबर से 16 सितंबर के बीच भाजपा कार्यकर्ता घर घर जाकर भाजपा के नए सदस्य बनाएगा। रतनगढ़ विधानसभा सदस्यता अभियान के प्रभारी पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने कहा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को घर घर पहुँचाने एवं भाजपा के नए सदस्य बनाने का कार्यकर्ताओं से आव्हान किया। जिला संयोजक अभिषेक चोटिया ने सदस्यता अभियान की जानकारी दी। इस अवसर पर सुजानगढ़ प्रधान मनभरी देवी, जिला उपाध्यक्ष संतोष तालणियां, जिला मंत्री भारती मुदगल, रतनगढ़ विधानसभा संयोजक अर्जुनसिंह फ्रांसा आदि मौजूद रहे।

# अध्यापक लापता, गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ तहसील के हमीरवास थानान्तर्गत गांव सरदारपुरा निवासी एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिग्गा तहसील श्रीडूंगरगढ़ में पदस्थापित अध्यापक के स्कूल से गायब होने के आरोप का मामला सामने आया है जिसको लेकर गुमशुदा अध्यापक की बहन ने पुलिस थाना श्रीडूंगरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस के अनुसार चूरू जिले के राजगढ़ तहसील के गांव सरदारपुरा निवासी सरोज पत्नी रामफल जाट निवासी सरदारपुरा पीएस हमीरवास जिला चूरू ने मय अपने पति रामफल के साथ उपस्थित होकर पुलिस थाना श्रीडूंगरगढ़ में दर्ज करवाई गई रिपोर्ट में बताया है कि उसका भाई विनोद कुमार (33) पुत्र नानकसिंह जाट निवासी ढाणी भाकरान तहसील सिवानी जिला भिवानी हरियाणा जो कि गांव बिग्गा तहसील श्रीडूंगरगढ़ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्यापक है और कस्बा श्रीडूंगरगढ़ में मकान किराये लेकर अकेला रहता है और गांव बिग्गा आना जाना करता है। 10 सितम्बर को सुबह उसके भाई सुरेश के मोबाईल पर उसके भाई विनोद कुमार ने अनजान मोबाईल नम्बर से फोन किया और घबराया हुआ कहने लगा कि यह मेरा आखिरी फोन है, फिर फोन कट गया और वापिस उसके भाई से बात नहीं हुई। उसके भाई सुरेश ने उसे सारी घटना के बारे में बताया तो वह नजदीक होने कारण तुरंत श्रीडूंगरगढ़ आ गयी और अपने भाई को तलाश करने स्कूल गयी तो पता चला कि 9 सितम्बर को सुबह करीब 11 बजे तक वह स्कूल में था, उसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चल रहा है।

उसने अपने भाई के आस पड़ोस सभी से पता कर लिया परन्तु उसके भाई का कुछ पता नहीं चला तथा उसके परिवार रिश्तेदारी में भी पता कर लिया परन्तु उसके भाई का कहीं कुछ पता नहीं चल रहा है। पुलिस ने गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# डी.आई.जी. जेल ने खेतड़ी सब जेल का निरीक्षण किया


**खेतड़ी,** (निसं)। डीआईजी जेल ने गुरुवार को खेतड़ी सब जेल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल के कैदियों की जानकारी लेकर जेलर को व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार डीआईजी जेल मोनिका अग्रवाल करीब तीन बजे खेतड़ी जेल पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने जेलर मोतीलाल के साथ जेल का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल में विचाराधीन बंदियों की जानकारी लेकर जेलर को जेल की व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए। जेलर मोतीलाल ने बताया कि डीआईजी जेल मोनिका अग्रवाल की ओर से किए गए निरीक्षण के दौरान जेल में बंद कैदियों के मामलों की जानकारी अवगत करवाई गई। वहीं कैदियों को जेल प्रशासन की ओर से दिए जा रही सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध करवाई गई। इस दौरान डीआईजी मोनिका अग्रवाल ने कैदियों से कहा कि मनुष्य को अपने व्यवहार में परिवर्तन करना चाहिए। गलतियां होने के बावजूद उन्हें दोबारा दोहराने से व्यक्ति पूर्ण रूप से अपराधी बन जाता है, जिससे एक अच्छे व्यक्ति का भविष्य खराब हो जाता है। इस दौरान उन्होंने जेल में बंद कैदियों से वार्ता करते हुए अपने जीवन व व्यवहार में सुधार लाकर अपराध से दूर रहने की सलाह दी। वहीं नैतिकता पूर्ण बेहतर जीवन यापन करने की बात कही। जेलर मोतीलाल ने बताया कि खेतड़ी जेल काफी पुरानी होने के कारण निर्माण कार्य करवाया गया है। वर्तमान में खेतड़ी सब जेल में 41 बंदी विचाराधीन है। बंदियों की सुरक्षा के लिहाज सेजेलप्रशासन की ओर से आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश परजेलों की जांच कराने को लेकर चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत पूर्व में भी स्थानीय पुलिस और प्रशासन की ओर सेजेलका औचक निरीक्षण किया जा चुका है।

- **कैदियों की जानकारी लेकर जेलर को दिए व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश**

# राठौड़ ने ददरेवा में श्रीगोगाजी महाराज के दर्शन किये

**सादुलपुर,** (निसं)। राजस्थान सरकार के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने गुरूवार का जाहवीर श्रीगोगजी महाराज के जन्म स्थली ग्राम ददरेवा धाम में पहुंचकर श्री गोगा जी महाराज की दर्शन किए।

साथ ही ग्राम पंचायत ददरेवा द्वारा पिछले आठ -दस दिन से मेले पर आयोजित ठण्डा पेयजल एवं शरबत वितरण कार्यक्रम में पहुंचकर कर मेले में आगुंतक श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की। यह अनुभव अत्यंत प्रेरणादायक और आत्मिक शांति देने वाला रहा। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के पूर्व नेता राजेन्द्र राठौड़ ने श्री गोगाजी महाराज की कृपा से हम सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहे की मंगलकामना की। मेले में आगमन पर उनके साथ भाजपा नेता महावीर पूनिया, राकेश जाँगीड, भाजपा महामन्त्री चन्द्राराम गुरी, ददरेवा सरपंच बिशु रजलीवाल, पूर्व सरपंच जाहिद खान, बजरंग सरपंच, सुनील शर्मा, पपू कलाल व राजेन्द्र रुलानिया सहित ग्राम पंचायत सदस्य व मेला समिति सदस्य के साथ-साथ ग्रामीणजन मौजूद रहे।



पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने जाहरवीर श्रीगोगजी महाराज के जन्म स्थली ग्राम ददरेवा धाम में पहुंचकर दर्शन किये।

इसी प्रकार ग्राम जवानीपुरा में राजेन्द्र राठौड़ पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजस्थान विधानसभा ने ग्रामीण जनों के सहयोग से नवनिर्मित गोगामंदिर लोकदेवता गोगा महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर उपस्थित श्रदालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि गोगा महाराज संप्रदाय सदभाव के प्रतिक हैं, जिन्होंने धर्म व गायों की रक्षा के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन लगा दिया। सिद्ध पुरुष और सर्प देवता के रूप में आज उनकी पूजा होती है। इस अवसर पर बीजेपी नेता राकेश जांगिड़, बीजेपी नेता चंद्राराम गुरी, मनभर मेघवाल, पूर्णाराम प्रजापत, संजय दर्जी, विरेंद्र सिंह राठौड़, महेन्द्र स्वामी सहित अन्य उपस्थित थे।


राजस्थान सरकार

## कार्यालय जिला क्षय निवारण केन्द्र रतनगढ़ जिला चूरू

क्रमांक :- लेखा/एनटीईपी/2024/153 दिनांक 11.09.2024

**खुली निविदा सूचना**

इस कार्यालय के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | अमानत राशि | निविदा बेचने का अंतिम तिथि | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जिला क्षय निवारण केन्द्र हेतु वाहन उपलब्ध करवाने बाबत | 480000/- | 9600/- | 18.09.2024 को सांय 6. 00 बजे तक | 19.09.2024 को दोपहर 1.00 बजे तक | 19.09.2024 को दोपहर 3.00 बजे | 300/- |

UBN-MHS2425SSOB02933

निविदा की अन्य शर्तें निविदा फार्म के साथ संलग्न है। निविदा फार्म कार्यालय समय में इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। उक्त निविदा सूचना को पोर्टल SPPP.rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

जिला क्षय निवारण अधिकारी, रतनगढ़ जिला चूरू


# हत्या के मामले में फरार 20 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**खेतड़ी,** (निसं)। पचेरीकलां पुलिस ने देर शाम को हत्या के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी पर पुलिस ने 20 हजार रुपए का इनाम भी घोषित कर रखा था।

थानाधिकारी राजपाल सिंह यादव ने बताया कि 7 दिसंबर 2023 को पथाना निवासी संतोष देवी ने रिपोर्ट दी कि 6 दिसंबर की शाम करीब छह बजे उसे गांव के लोगों ने बताया कि तीन लोग धारदार हथियारों से उसके पति के साथ मारपीट कर रहे हैं। जब उसने मौके पर पहुंचकर देखा तो मनोज उर्फ कालिया, राजवीर उर्फ धौलिया और उसका भाई पूनिया उसके पति पप्पू के साथ मारपीट कर रहे थे। जब उसने बचाने का प्रयास किया तो आरोपी गाली-गलौच करते हुए मौके से फरार हो गए। इस दौरान घायल पप्पू को सिंघाना के अस्पताल पहुंचाया गया जहां से हालत गंभीर होने पर पप्पू को नारनौल ले जाया गया। इस दौरान नारनौल पहुंचने से पहले पप्पू की रास्ते में ही मौत हो गई।

- **20 हजार रुपए का इनाम था घोषित, आरोपी पर 22 मामले दर्ज हैं**



पचेरीकलां पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार किया।

मामले को गंभीरता से लेते हुए झुंझुनूं एसपी शरद चौधरी ने एक विशेष टीम का गठन किया तथा वारदात के आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। वारदात में शामिल एक आरोपी सरजीत उर्फ सुशिया को पहले गिरफ्तार कर लिया था, जबकि मुख्य आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए वारदात के मुख्य आरोपी टॉप टेन में शामिल राजवीर उर्फ धौलिया को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर पुलिस की ओर से बीस हजार रुपए का ईनाम भी घोषित कर रखा था। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पचेरीकलां, खेतड़ी, पाटन, खेतड़ीनगर, कोतवाली झुंझुनूं व नारनौल में मारपीट, जानलेवा हमला, आर्म्स एक्ट सहित 22 मामले दर्ज हैं। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## समारोह पूर्वक मनाई जाएगी अग्रसेन जयंती

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी,** (निसं)। अग्रवाल समाज की मीटिंग गुरुवार को स्थानीय अग्रवाल भवन में पूर्व अध्यक्ष सुरेश मोदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीटिंग में भगवान अग्रसेनजी की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया भगवान अग्रसेन जयंती समारोह के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंत्री लखीप्रसाद बादुसरिया ने बताया कि भगवान अग्रसेन जयंती समारोह के लिए कमल तोदी, संदीप बजाज, राजेश जाजोदिया एवं गोविंद जाजोदिया को संयोजक बनाया गया उन्होंने बताया कि लक्ष्मणगढ़ में प्रथम बार अग्रसेन जयंती पर महालक्ष्मी मंगल पाठ भी होगा तथा विभिन्न कार्यों के लिए समिति व उपसमिति का गठन किया गया है ! उन्होंने बताया कि अग्रवाल समाज के अध्यक्ष विमल चिराणिया स्वास्थ्य कारणों के चलते मीटिंग में अनुपस्थित रहे। मीटिंग में अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष सुरेश बजाज, लक्ष्मीकांत चूड़ीवाला, कोषाध्यक्ष मनोज जालान, मंत्री गोविंद जाजोदिया , कार्यकारिणी सदस्य संदीप बजाज, राजेश जाजोदिया ,विनय जाजोदिया उपस्थित थे ।


राजस्थान सरकार

## कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, चूरू

क्रमांकः- एफ./रा.पो.चू./स्था/2024-25/2107 दिनांक :- 12.09.2024

**निविदा सूचना सं. 01/2024-2025**

इस संस्थान को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये निम्नलिखितानुसार कार्मिकों की जॉब बैसिक पर आवश्यकता है। अतः पंजीकृत सेवा प्रदाता एजेंसियों से कर्मचारियों को उपलब्ध कराने हेतु निविदा दिनांक 18.09.2024 को सांय 4.00 बजे तक बेची जाकर दिनांक 19.09.2024 को 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष दोपहर 3.00 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | विवरण | कुल पद संख्या | कार्य विवरण एवं योग्यता | अनुमानित वार्षिक लागत (रू. में) | बयाना राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डाटा एंट्री आपरेटर | 01 | निविदा शर्तों के साथ संलग्न | 112008/- रू (9334/-रू per month) | 5800 /-रू |
| 2 | सफाई कर्मचारी (सामग्री सहित) | 02 | | 177840/-(7410/-रू per month per person) | |
| total | | | | 289848/- | |

निविदा प्रपत्र राशि रू 200/- डीडी (प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निकल महाविद्यालय, चूरू के नाम देय) कार्यालय में जमा करवाकर दिनांक 18.09.2024 तक कार्यालय समय में कार्य दिवस को प्राप्त की जा सकती है।

NIB CODE-PCC2425A0001

निविदा का विस्तृत विवरण http:/sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN Code- PCC2425SSOB00001

प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, चूरू

# ''तरंग शक्ति'' के माध्यम से भारत ने साझेदार देशों के साथ रक्षा संबंधों को मजबूत किया है : रक्षामंत्री

## भारतीय वायु सेना के युद्धाभ्यास ''तरंग शक्ति'' का अवलोकन करने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जोधपुर पहुंचे

**जोधपुर, (कासं)।** भारतीय वायु सेना के अब तक के सबसे बड़े युद्धाभ्यास ''तरंग शक्ति'' का अवलोकन करने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार सुबह जोधपुर पहुंचे। यहां रक्षा मंत्री ने वायुसेना स्टेशन पर चल रहे ''तरंग शक्ति'' युद्धाभ्यास-2024 का अवलोकन किया और आसमान में वायुसेना की हैरतअंगेज कलाबाजियां देखी। इसके बाद राजनाथ सिंह ने डिफेंस एविएशन एक्सपो का भी शुभारंभ किया।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जोधपुर यात्रा के दौरान उम्मेद भवन पैलेस पहुंचे।

- **रक्षा मंत्री ने वायुसेना स्टेशन पर चल रहे ''तरंग शक्ति'' युद्धाभ्यास-2024 का अवलोकन किया और आसमान में वायुसेना की हैरतअंगेज कलाबाजियां देखी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बहुराष्ट्रीय अभ्यास ''तरंग शक्ति'' को साझेदार देशों के साथ सहयोग, समन्वय और विश्वास को मजबूत करने का एक प्रयास बताया। समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि तरंग शक्ति के माध्यम से भारत ने सभी साझेदार देशों के साथ अपने रक्षा संबंधों को और मजबूत किया है और उनमें यह विश्वास जगाया है कि जब भी जरूरत पड़ेगी, हम सब एक साथ खड़े होंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब इतनी जटिलता और बड़े पैमाने का अभ्यास होता है, तो अलग-अलग कार्य संस्कृतियों, हवाई युद्ध के अनुभवों और युद्ध लड़ने के सिद्धांतों वाले सैनिक एक-दूसरे से बहुत कुछ सीखते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज का ऐतिहासिक आयोजन भारतीय वायु सेना की शानदार उपलब्धियों का जश्न मनाने का अवसर है। हम न केवल सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने की उपलब्धियों का जश्न मना रहे हैं, बल्कि इस बात पर भी गर्व कर रहे हैं कि हमारी सशस्त्र सेनाएं अब दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेनाओं में से एक मानी जा रही हैं।

रक्षा मंत्री ने बताया कि स्वतंत्रता के समय भारतीय वायुसेना के पास दो प्रकार के विमानों के केवल छह स्क्वाड्रन थे। इसी तरह, बाकी युद्ध उपकरण न केवल पुराने थे, बल्कि उनकी संख्या भी सीमित थी। लेकिन आज, दुनियाभर के बेहतरीन और आधुनिक विमानों और अगली पीढ़ी के उपकरणों से लैस भारतीय वायुसेना ने खुद को बदल दिया है। रक्षा मंत्री ने हाल ही में फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान हेलीकॉप्टर इंजन के साथ हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के सहयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि हमने खुद को केवल हथियारों और उपकरणों के आयातक से एक ऐसे राष्ट्र में बदल दिया है जो आज लगभग 90 देशों को हथियार और उपकरण निर्यात करता है।

उन्होंने कहा कि घरेलू रक्षा क्षेत्र ने हथियारों, प्लेटफार्मों, विमानों आदि के निर्माण में स्वदेशीकरण की दिशा में मजबूत कदम उठाए हैं। आज हम हल्के लड़ाकू विमानों, सेंसर, रडार के निर्माण और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध को अंजाम देने में काफी हद तक आत्मनिर्भर हो गए हैं।

इस अवसर पर संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी अभ्यास तरंग शक्ति में विशिष्ट आगंतुक दिवस समारोह में भाग लिया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, चीफ ऑफ एयर स्टाफ (सीएएस) एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी, चीफ ऑफ नेवल स्टाफ (सीएनएस) एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और मित्र देशों के वरिष्ठ सैन्य नेताओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में अग्निवीर वायु महिला एयर वॉरियर ड्रिल टीम (एडब्ल्यूडीटी) द्वारा एक प्रदर्शन और एलसीए तेजस, एलसीएच प्रचंड, सारंग और एसकेएटी टीमों द्वारा प्रदर्शन किया गया। बाद में रक्षा मंत्री ने प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय रक्षा और एयरोस्पेस एक्सपो का उद्घाटन किया, जिसमें स्वदेशी रक्षा विनिर्माण और एयरोस्पेस नवाचार के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया गया।

**रक्षा मंत्री राजस्थानी नृत्य देखकर हुए अभिभूत :-** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को जोधपुर यात्रा के दौरान उम्मेद भवन पैलेस पहुंचे। उम्मेद भवन पैलेस में परंपरानुसार उनका स्वागत हुआ व गजसिंह व हेमलता राज्ये ने उनकी अगवानी कर स्वागत किया। पूर्व नरेश गजसिंह ने रक्षा मंत्री एवं देश व विदेश के उच्च सैन्य अधिकारियों के सम्मान में भोज का आयोजन किया।

भोज में रक्षा मंत्री, सीडीएस लेफ्टिनेंट जनरल अनिल सिंह चौहान, वायु सेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी सहित अन्य अधिकारी शरीक हुए। विदेशी सैन्य अधिकारी भी शरीक हुए। इस अवसर पर अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, जापान, यूएसए, ब्राजील, यूएई, आर्मेनिया, श्रीलंका, ग्रीस, सूरीनाम व सिंगापुर के वायु सेना के सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए। रक्षा मंत्री व अन्य देश व विदेश के सैन्य अधिकारियों के लिए पैलेस के सेन्ट्रल डॉम में राजस्थानी लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोक नृत्य व लोक धुनों की प्रस्तुति से सभी अभिभूत हुए। इस अवसर पर गजसिंह ने रक्षा मंत्री को स्मृति चिन्ह व वायु सेना अध्यक्ष ने तरंग शक्ति युद्ध अभ्यास का स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

# 75 हजार के तीन मोबाइल चोरी

**अजमेर, (कासं)।** अलवर गेट पुलिस थाना इलाके में स्थित मार्टिंडल ब्रिज से एक पार्सल चोरी करने का मामला सामने आया है। पार्सल में 75 हजार कीमत के तीन मोबाइल फोन रखे हुए थे। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चोरी का मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। अलवर गेट थाने के हेड कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आदर्श नगर थाना इलाके में गांव बड़लिया निवास ए प्रकाशनाथ ने शिकायत दी है कि 9 सितंबर की शाम को मार्टिंडल ब्रिज पर उसका पार्सल आया था। पार्सल में तीन कीमती फोन रखे हुए थे। उसे पार्सल को उनके गांव का ही गणपतनाथ पुत्र किशननाथ नामक युवक चोरी करके ले गया। इस संबंध में गणपतनाथ के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 (बी) के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश की जा रही है।


## कार्यालय (वि0) नगर निगम कोटा दक्षिण (राज0)

क्रमांक:- ननिको द./वि0/2024/427-435 दिनांक 11.09.2024

**-:: संशोधित ई-निविदा सूचना ::-**

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा क्रमांक ननिको द./वि0/2024/359-367 दिनांक 29.08.2024 के क्रम संख्या 3 पर अंकित कार्य राष्ट्रीय मेला दशहरा 2024 में LED Video Wall लगाने का कार्य के BOQ में LED Video Wall (Indoor/Outdoor) स्पेशिफिकेशन के स्थान पर LED Video Wall Outdoor पढा जावें तथा तदानुसार ही BOQ में दरे प्रस्तुत की जावें। साथ ही उक्त कार्य की समयावधि निम्नानुसार बढाई जाती है -

1. निविदा अपलोड करने की तिथि : 17.09.2024 (सायं 6 बजे तक)
2. धरोहर राशि/निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग फीस प्राप्त के साक्ष्य प्राप्ती तिथि : 18.09.2024 (सायं 5 बजे तक)
3. निविदा तकनीकी बिड खोलने की तिथि : 18.09.2024 (सायं 6 बजे तक)
4. वित्तिय बिड खोलने की तिथि : तकनीकी बिड परिक्षण पश्चात्

उक्तानुसार निविदा की तिथि बढाई जाती है। शेष शर्ते यथावत् रहेगी।

राज.संवाद/सी/24/5162 अधिशाषी अभियंता (वि.)

## कार्यालय मेला प्रकोष्ठ नगर निगम, कोटा उत्तर/दक्षिण, राजस्थान

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल-कोटा, email : nnksouth@gmail.com, websites : www.kotamc.rg.com, www.urban.rajasthan.gov.in/nnks, Ph.: 0744-2502142

क्रमांक :- ननिको/दक्षिण/मेला प्रकोष्ठ/2024/325 - 340 दिनांक :- 12/09/2024

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा ई-निविदा (E-Tendering) के माध्यम से इच्छुक अनुभवी आयोजको से 131वॉं राष्ट्रीय मेला दशहरा 2024 में दिनांक 03.10.2024 को मेला उदघाटन के अवसर पर दुर्गा नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत करने का कार्य हेतु कुल राशि 35.00 लाख रूपये की निविदा दिनांक 13.09.2024 से दिनांक 19.09.2024 तक आमंत्रित की जाती है। संवेदक निविदा से सम्बंधित निविदा प्रपत्र, शर्ते वेबसाईट **http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदाओं को इसी वेबसाईट पर ऑनलाईन भरी जानी है। निविदा संबंधी जानकारी नगर निगम कोटा की वेबसाईट **www.kotamc.org, www.urban.rajasthan.gov.in/nnks** पर भी देखी जा सकती है।

**NIB Code : DLB2425A2543, UBN No. : DLB2425SLOB07960**

अधीक्षण अभियन्ता एवं अतिरिक्त मेला अधिकारी नगर निगम कोटा दक्षिण

राज.संवाद/सी/24/5156

## कार्यालय नगरपालिका मण्डल सांभर लेक, जिला-जयपुर


क्रमांक/न.पा.सां./निर्माण/2024-25/852 दिनांक:-10.09.2024

**ई-बोली सूचना (07/2024-25)**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका सांभरलेक में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदको एवं विभिन्न अभियान्त्रिकी विभाग के संबंधित श्रेणी "A"AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं स्वायत्त शासन विभाग में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदको से, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, उनके निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया हेतु ऑन-लाईन बोली आमंत्रित की जाती है, बोली फार्म एवं ई-बोली से सम्बन्धित विवरण व शर्ते वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| बोली का कार्य (कुल 03 कार्य) | : | NIB Code:- |
|---|---|---|
| Unique Bid Number | | DLB2425WSOB07975<br>DLB2425WSOB07979<br>DLB2425WSOB07980 |
| बोली की कुल लागत | | राशि 78.30 लाख (सभी कार्यो की अनुमानित लागत) |
| बोली जारी करने की दिनांक | | दिनांक 10.09.2024 |
| बोली दस्तावेजों को डाउनलोड करने की दिनांक व समय | | दिनांक 12.09.2024 को सांय 16.00 बजे से |
| ऑन लाईन बोली जमा कराने की अन्तिम दिनांक | | दिनांक 23.09.2024 को सांय 16.00 बजे तक |
| भौतिक रूप से कार्यालय में बोली शुल्क व धरोहर राशि जमा कराने की दिनांक | | दिनांक 24.09.2024 को अपराह 13.00 बजे तक नगर पालिका सांभरलेक कार्यालय में |
| ऑनलाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | | दिनांक 25.09.2024 को अपराह 13.00 बजें |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | | 90 days |

राज.संवाद/सी/24/5170 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

पाली जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण नदियां उफान पर है, जिसके कारण पिछले पांच दिन में ही जवाई बांध में सात फीट पानी आ गया। गुरुवार शाम को 50 फीट जल स्तर हुआ। अब इसमें करीब डेढ़ साल का पानी आ गया है। 40 फीट के पार होते ही किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलता है। वहीं पाली शहर का हेमावास बांध 28 फीट पहुंच गया है। इसकी चादर सुबह तक शुरू हो जाएगी। जिले का रायपुर बांध भी ओवरफ्लो हो गया है। जिले के करीब 14 से अधिक बांध ओवरफ्लो हो गए हैं, जिससे पानी की समस्या इस बार मिट गई है। जवाई बांध में पानी की आवक जारी होने से इसकी भराव क्षमता 60 फीट तक पहुंच सकती है।

# बुजुर्ग से 9.87 लाख की ऑनलाइन ठगी

**अजमेर, (कासं)।** शहर में ऑनलाइन ठगी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है, ठगों ने एक बार फिर बुजुर्ग को सिम 3जी से 5जी में बदलने का झांसा देकर ओटीपी पूछा और अलग-अलग ट्रांजेक्शन के द्वारा 9 लाख 87 हजार रुपए विड्रोल कर लिए। बुजुर्ग के बेटे ने मामले की शिकायत साइबर थाने में दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

साइबर थाना पुलिस के मुताबिक पालरा निवासी युवक की ओर से थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया गया है। युवक ने शिकायत देकर बताया कि उसके पिता के पास एक कॉल आया था, जिसमें कॉलर ने सिम 3जी से 5जी में कन्वर्ट करवाने के लिए कहा था। 24 घंटे में कन्वर्ट नहीं करवाने पर सिम की सेवाएं बंद करने की चेतावनी दी थी। पीड़ित ने बताया कि उसके पिताजी को बाद में झांसे से में लेकर सिम को कन्वर्ट करने के नाम पर ओटीपी पूछा और कहा कि सिम निकालकर वापस फोन में डालते ही 5जी में कन्वर्ट हो जाएगी लेकिन उसके पिता की एक्सीडेंट क्लेम की तीन एफडी थी, जिसमें तीन एफडी से अलग-अलग ट्रांजैक्शन कर अमाउंट विड्रोल किया गया। बाद में सेविंग अकाउंट से भी राशि विड्रोल कर करीब 9लाख 87 हजार की ठगी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


## राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड

(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी-लिग्नाईट, सी-स्कीम, जयपुर- 302005(राज.), फोन नम्बर: (0141)2227938, 2227710, 2227715, फैक्स: (0141)2227360, 2227761 Email:- Jaipur.rsmml@rajasthan.gov.in

**निविदा सूचना** दिनांक :- 05/09/2024

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| F.6(1)62/CC/2024/114 Dated 11.09.2024 UBN No. MML2425SLOB00117 | गिरल लिग्नाईट माईन्स, बाड़मेर के लिये एम्बूलेन्स मय चालक सहित किराये पर लेन हेतु। मॉडल वर्ष 2022 या उसके बाद का होना आवश्यक है। अनुमानित राशी- 12.00/- लाख, धरोहर राशी-24,000/-, निविदा प्रपत्र मूल्य-590/-, जी.एस.टी.सहित, ई-निविदा प्रक्रिया शुल्क रूपये 500/- का डी.डी. जो कि एम.डी.आर.आई.एस.एल. जयपुर के नाम देय हो। |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com, https//eproc.rajasthan.gov.in अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा प्रबंधक (यांत्रिकी-अनुबंध) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/24/5119 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

## कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :-न.प.सु/विकास शाखा/2024/3384 दिनांक :- 12.09.2024

**:-ई-निविदा सूचना-2024-25 :-**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निविदा दिनांक 27.09.2024 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड कमांक DLB2425WSOB08029 है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/24/5182 आयुक्त, नगर परिषद सुजानगढ

## कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज.) 345001

क्रमांक/विकास/2024-25/1471 दिनांक :- 11.09.2024

**-: निविदा सूचना संख्या 10/2024-25 :-**

NIB Code - DLB2425A2518

नगर परिषद् जैसलमेर की ओर से नगर परिषद् जैसलमेर में उपयुक्त श्रेणी व अन्य विभागों में "ए" व 'एए' श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से उपरोक्त कार्य हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित कार्यो की विस्तृत जानकारी, निविदा की शर्ते आदि वेबसाईट http://eproc.rajasthan.in व http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। उक्त कार्यो के यू.बी.एन. नं. DLB2425WSOB07881, 07882 है।

आयुक्त नगर परिषद् जैसलमेर

राज.संवाद/सी/24/5140

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सुल्तानपुर

क्रमांक: 784 दिनांक :- 10.09.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 08/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन एवं सड़क निर्माण कार्यके लिये उपयुक्त श्रेणी में. सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए बी, सी, डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो. से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेंगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.dipronline.org व http://www.pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा अपलोड करने की तारीख 18.09.2024 को 06:00 बजे तक।

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2425WSOB05497 | 2 | PWD2425WSOB05498 |
| 3 | PWD2425WSOB05499 | 4 | PWD2425WSOB05500 |
| 5 | PWD2425WSOB05501 | 6 | PWD2425WSOB05502 |
| 7 | PWD2425WSOB05503 | | |

(अंकित बिन्दल) अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड सुल्तानपुर

DIPR/C/8693/2024

## कार्यालय नगरपरिषद झालावाड़ (राज0)

क्रमांक: न.परि.झा./लाईट/2024/3486 दिनांक: 11.09.2024

**-: ई-निविदा सूचना :-**

NIT NO. 03/2024-25

UBN No. : DLB2425WSOB07895, DLB2425WSOB07896

नगरपरिषद झालावाड़ द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु स्वायत्त शासन विभाग एवं विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागो में उचित श्रेणी में पंजिकृत संवेदको से निम्न कार्य हेतु ऑन लाईन निविदाये आमन्त्रित की जाती है :-

1. नगरीय क्षैत्र झालावाड़ में वार्ड सं0 1 से 45 में एलईडी स्ट्रीट लाईट मय फेज वायर स्थापन कार्य।
2. नगरीय क्षैत्र झालावाड़ में वार्ड सं0 1 से 45 में फेज वायर स्थापन कार्य।

संवेदक निविदा प्रपत्र को बेवसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व प्राप्त की जा सकेगें।

आयुक्त नगरपरिषद् झालावाड़

राज.संवाद/सी/24/5145


# रूपवास में भारी बरसात ने तबाही मचाई

**रूपवास, (निसं)।** रूपवास क्षेत्र में चारों ओर पानी ही पानी हो जाने से आमजन व मवेशी बेहद परेशान हैं। वहीं जगह-जगह विद्युत के पोलों के टूट जाने से बिजली भी गुल हो गई। कस्बे में तीन दिन से हो रही भारी बारिश व गुरुवार को दिन-रात हुई भारी बारिश से सभी कॉलोनियों में पानी भर जाने के कारण पानी घरों में घुस गया।

गंगा मन्दिर कॉलोनी निवासी महेश बंसल, बंटी सिंघल, नरेश गर्ग, सूरज, आशीष मित्तल मोटर लगाकर पानी की निकासी कर रहे हैं, जबकि कॉलोनी की दोनों गलियों में तीन से चार फीट तक पानी भर जाने के कारण जल आर-पार हो गया है। इस तरह से नगरपालिका के पानी निकासी के सभी दावे फेल हो चुके हैं। इन गलियों का सुबह पार्षद भगवान सिंह चाहर, अरविंद सिंघल, आलोक रावत व उत्तमसिंह ने जायजा लेकर अध्यक्ष व ईओ को हालातों से अवगत कराते हुए इंजन लगवाने की बात कही। वहीं धौलपुर रोड स्थित पीएनबी बैंक के सामने वार्ड नं. 18 गंगा मन्दिर कॉलोनी में रहने वाले लोगों के परिवारों ने पानी के कारण घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। इस बारे में लोगों ने एसडीएम, थानाधिकारी, नगरपालिका अध्यक्ष व ईओ से पानी निकालने के लिए पम्पसेट व इंजन लगवाने की मांग की है।

# कोटा में वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल टीम का छापा

- **टीम ने कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया, पांच मुकदमे भी दर्ज किए**
- **टीम को वन्यजीव के शरीर के 80 अंग मौके पर मिले, मॉनिटर लिजर्ड के प्राइवेट पार्ट 40, बिल्ली प्रजाति के पंजे 6, हिरण की कस्तूरी 17, गीदड़ के शरीर की हड्डी व अन्य 17 अंग हैं**
- **कैट फैमिली के 6 पंजे मिले हैं जिसमें ये बिल्ली के हो सकते हैं या फिर पैंथर के भी हो सकते हैं, जिन वन्यजीवों के अंग मिले हैं, उनमें से अधिकांश शेड्यूल वन के जानवर हैं**

**कोटा, (निसं)।** वन्यजीव विभाग की टीम ने वाईल्डलाईफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो दिल्ली की टीम के साथ मिलकर अवैध बेचान में छापा मार कार्रवाई करते हुए वन्यजीव की तस्करी के पूरे मामले का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में सामने आया है कि मॉनिटर लिजर्ड के प्राइवेट पार्ट को घर में बरकत के अफवाह के चलते लोग खरीद रहे थे और इसी के चलते इन्हें शिकार कर मारा जा रहा जा था। साथ ही लोग इसे घर पर रखने के लिए खरीद कर ले जा रहे थे।

टीम ने कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पांच मुकदमे भी दर्ज किए हैं। यह पूरी कार्रवाई गमछा तकनीक से की गई। गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों में आत्माराम सिंधी, राकेश कुमार, समर्पण जैन, आशीष जैन और विजय कुमार खिलानी शामिल हैं। इन पांचों को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। जिन वन्यजीवों के अंग मिले हैं, उनमें से अधिकांश शेड्यूल वन के जानवर हैं।

इस पूरे मामले में उपवन संरक्षक वन्यजीव कोटा अनुराग भटनागर ने कहा कि दिल्ली से आई टीम के सदस्यों के साथ कोटा में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इसमें चार कार्रवाई घंटाघर एरिया में की गई है, जबकि एक कार्रवाई गुमानपुरा में हुई है। इसमें पांच मुकदमे दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है। टीम को वन्यजीव के शरीर के 80 अंग मौके पर मिले हैं। मॉनिटर लिजर्ड के प्राइवेट पार्ट 40, बिल्ली प्रजाति के पंजे 6, हिरण की कस्तूरी 17, गीदड़ के शरीर की हड्डी व अन्य 17 अंग हैं। इस मामले में कैट फैमिली के 6 पंजे मिले हैं जिसमें ये बिल्ली के हो सकते हैं या फिर पैंथर के भी हो सकते हैं। जांच के लिए सैंपल को वाईल्डलाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया देहरादून भेजा जाएगा। वहीं अब डीएनए जांच में ही सामने आ पाएगा कि कैट फैमिली के कौन से जानवर के ये पंजे हैं।

उपवन संरक्षक वन्यजीव कोटा अनुराग भटनागर ने बताया कि दिल्ली की टीम के दो सदस्य आए थे। इसके अलावा मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व और वन विभाग की टेरिटोरियल से भी टीम सादे वर्दी में बुलाई गई थी। उसके बाद पूरी रणनीति बनाकर छापेमारी की कार्रवाई की गई। इसमें गमछा तकनीक को अपनाया गया। इसमें टीम का एक सदस्य पहले कंधे पर गमछा रखकर अंदर गया। उसने पहले ही आगाह कर दिया था कि जैसे ही कंधे से गमछा हटेगा टीम छापा मार देगी। इसी तरह से एक के बाद एक पांच जगहों पर कार्रवाई की गई। डीसीएफ भटनागर ने कहा कि शिकार कोई दूसरा व्यक्ति किया है। उसने बड़ी संख्या में वन्यजीव को मारा है। ऐसे में इन आरोपियों के जरिए उसे माल खरीद कर भेजा जा रहा था। प्रारंभिक तौर पर ये बातें में पूछताछ में सामने आई हैं। ऐसे में अन्य कोई व्यक्ति भी इस तरह से अवैध रूप से वन्यजीव के अंगों की तस्करी या बेचान कर रहा है तो वो विभाग में आकर अंगों को जमा कर सकता है। फिलहाल उसके अंग को जमा कर लिया जाएगा, जबकि अगर वन विभाग की टीम छापेमारी की कार्रवाई करती है तो उसके खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ लोग हैं जिन्होंने अपने घरों में अब भी वन्यजीव के अंगों को रखा। हमारी उनसे अपील है कि वो भी फॉरेस्ट डिपार्टमेंट को वन्यजीवों के अंगों को जमा करा दें।


## राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड

RIICO (राजस्थान सरकार का उपक्रम)

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर- 302005, फोन-0141-2227751,4593201 ई-मेल-riico@riico.co.in वेबसाईट- www.riico.co.in

**निविदा सूचना**

रीको द्वारा निम्नांकित कार्यों/आपूर्ति/सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सीलबंद निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रूपये में) |
|---|---|---|
| 1. | इकाई प्रभारी, जयपुर(दक्षिण) | |
| 1.1 | औद्योगिक क्षेत्र मालवीया एवं मानसरोवर में बारिश से क्षतिग्रस्त हुई सडकों के मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01027 | 1.08 |
| 1.2 | औद्योगिक क्षेत्र मानसरोवर में कुछ स्थानों पर रोड लाईट के पोल के मरम्मत एवं लगाने का कार्यUBN-RDC2425WSOB01029 | 1.91 |
| 1.3 | इकाई कार्यालय जयपुर (दक्षिण) के कार्यालय भवन के मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01032 | 1.97 |
| 1.4 | औद्योगिक क्षेत्र हीरावाला एवं हीरावाला विस्तार में जंगल सफाई एवं मलबा हटाने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01039 | 1.49 |
| 2. | इकाई प्रभारी, ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर | |
| 2.1 | औद्योगिक क्षेत्र ईपीआईपी सीतापुरा में जेईसीसी के पास फटी हुई पाईप लाइन के स्थान पर एचडीपी पाईप लाइन की आपूर्ति व लगाने व बिछाने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01052 | 1.92 |
| 3. | इकाई प्रभारी, अजमेर | |
| 3.1 | औद्योगिक क्षेत्र गेगल में पैच रिपेयर का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01012 | 1.90 |
| 3.2 | औद्योगिक क्षेत्र माखुपुरा में नाली के मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01015 | 1.84 |
| 4. | इकाई प्रभारी, श्रीगंगानगर | |
| 4.1 | औद्योगिक क्षेत्र सांगरिया द्वितीय चरण में रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01066 | 1.56 |
| 5. | इकाई प्रभारी, जयपुर(उत्तर) | |
| 5.1 | औद्योगिक क्षेत्र विश्वकर्मा, जयपुर में पुरानी पुलिया को तोड़ने एवं ब्लॉक पाईप को हटाने का कार्यUBN-RDC2425WSOB01090 | 1.82 |

रीको द्वारा निम्नांकित कार्यों/आपूर्ति/सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाइन सीलबंद निविदाएं (लागत रूपये 2 लाख या उससे अधिक) निर्धारित प्रपत्र में eproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | इकाई प्रभारी, जयपुर(दक्षिण) | |
| 1.1 | औद्योगिक क्षेत्र बगरू छितरौली के पहुँच मार्ग के प्रारम्भ में रोड़ के सुधार एवं सरक्षण का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01023 | 44.94 |
| 1.2 | औद्योगिक क्षेत्र हीरावाला एवं हीरावाला विस्तार में वार्षिक अनुबंध के आधार पर नाली सफाई का कार्य। UBN-RDC2425WSRC01025 | 3.15 |
| 2. | इकाई प्रभारी, ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर | |
| 2.1 | औद्योगिक क्षेत्र रामचन्द्रपुरा (सीतापुरा विस्तार) में डोर टू डोर कचरा संग्रहण, आरओडब्ल्यू एवं नालियों की सफाई का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01040 | 14.39 |
| 2.2 | औद्योगिक क्षेत्र सीतापुरा तृतीय चरण आवासीय कॉलोनी में डोर टू डोर कचरा संग्रहण, आरओडब्ल्यू एवं नालियों की सफाई का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01042 | 8.77 |
| 2.3 | औद्योगिक क्षेत्र विशेष आर्थिक क्षेत्र प्रथम व द्वितीय चरण में डोर टू डोर कचरा संग्रहण, आरओडब्ल्यू एवं नालियों की सफाई का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01043 | 5.81 |
| 2.4 | इकाई कार्यालय जयपुर(दक्षिण) स्थित भण्डार गृह से औद्योगिक क्षेत्र सीतापुरा पर बॉक्स कल्वर्ट का लाने व लगाने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01044 | 2.77 |
| 2.5 | औद्योगिक क्षेत्र सीतापुरा प्रथम व द्वितीय चरण में सड़क के पेच रिपेयर का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01050 | 3.80 |
| 3. | इकाई प्रभारी, अजमेर | |
| 3.1 | ब्यावर-प्रथम में हाउसिंग कॉलोनी में आरओडब्ल्यू और नालियो की नियमित सफाई का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01030 | 4.80 |
| 3.2 | उप इकाई कार्यालय ब्यावर में ब्यावर क्षेत्र के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में एक वर्ष के लिए सामग्री सहित स्ट्रीट लाईट के रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01038 | 2.60 |
| 3.3 | औद्योगिक क्षेत्र ब्यावर-प्रथम एवं ब्यावर-द्वितीय सराधना में सड़कों के रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01035 | 3.45 |
| 4. | इकाई प्रभारी, श्रीगंगानगर | |
| 4.1 | औद्योगिक क्षेत्र उद्योग विहार, द्वितीय चरण, श्रीगंगानगर में पौधें लगाने एवं 5 वर्ष तक पौधे के रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01056 | 2.00 |
| 4.2 | औद्योगिक क्षेत्र नोहर में पार्क की मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01059 | 2.57 |
| 4.3 | औद्योगिक क्षेत्र उद्योग विहार, श्रीगंगानगर में रीको स्टाफ क्वार्टरों में मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01058 | 4.18 |
| 4.4 | औद्योगिक क्षेत्र उद्योग विहार, प्रथम चरण, द्वितीय चरण, एग्रो फूड पार्क व 13 एल.एन.पी., श्रीगंगानगर में सड़क मार्किंग, पेन्टिंग बोर्ड व छोटे स्ट्रीट साईन बोर्ड का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01061 | 8.22 |
| 5. | इकाई प्रभारी, जयपुर(ग्रामीण) | |
| 5.1 | औद्योगिक क्षेत्र शाहपुरा में कलर, पेंटिंग एवं विभिन्न मरम्मत के कार्य। UBN-RDC2425WSOB01031 | 7.40 |
| 5.2 | औद्योगिक क्षेत्र दूदू में कलर, पेंटिंग एवं विभिन्न मरम्मत के कार्य। UBN-RDC2425WSOB01033 | 2.87 |
| 5.3 | औद्योगिक क्षेत्र फुलेरा में कलर, पेंटिंग एवं विभिन्न मरम्मत के कार्य। UBN-RDC2425WSOB01034 | 3.15 |
| 5.4 | औद्योगिक क्षेत्र कांट कलवार (विस्तार) में कलर, पेंटिंग एवं विभिन्न मरम्मत के कार्य। UBN-RDC2425WSOB01036 | 7.37 |
| 5.5 | उद्योग भवन, जयपुर में चार लिफ्टो के वार्षिक रख-रखाव का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01041 | 5.85 |
| 5.6 | औद्योगिक क्षेत्र कूकस में कार्यालय भवन परिसर के मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01045 | 9.55 |
| 6. | इकाई प्रभारी, दौसा | |
| 6.1 | दौसा जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में मरम्मत के कार्य। UBN-RDC2425WSOB01007 | 9.77 |
| 7. | इकाई प्रभारी, कोटा | |
| 7.1 | औद्योगिक क्षेत्र रानपुर में आरसीसी नाली का निर्माण एवं पत्थर की नालियों का मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00995 | 36.12 |
| 8. | इकाई प्रभारी, सीकर | |
| 8.1 | औद्योगिक क्षेत्र श्रीखाटूश्यामजी रींगस में रोड़ की मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01001 | 45.25 |
| 9. | इकाई प्रभारी, भीलवाड़ा | |
| 9.1 | औद्योगिक क्षेत्र तेजपुर में 5 वर्षों की रखरखाव सहित वृक्षारोपण का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01049 | 7.16 |
| 9.2 | औद्योगिक क्षेत्र सोनियाना में 5 वर्षों की रखरखाव सहित वृक्षारोपण का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01053 | 6.19 |
| 9.3 | रीको कार्यालय भवन चित्तौडगढ की मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01055 | 16.89 |
| 9.4 | चित्तौडगढ जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में नाली सफाई, जंगल सफाई व मलबा उठाने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01057 | 4.76 |
| 9.5 | औद्योगिक क्षेत्र सोनियाना में आर.डब्ल्यू.एच.एस. निर्माण का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01060 | 8.67 |
| 9.6 | औद्योगिक क्षेत्र नरबदिया मे सीमाज्ञान पिलरों के निर्माण का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01062 | 26.02 |
| 9.7 | औद्योगिक क्षेत्र ग्रोथ सेन्टर हमीरगढ़ में जंगल सफाई व मलबा उठाने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01064 | 7.41 |
| 9.8 | औद्योगिक क्षेत्र बिलिया प्रथम,द्वितीय,तृतीय चरण, विस्तार व चतुर्थ चरण में जंगल सफाई का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01067 | 3.72 |
| 10. | इकाई प्रभारी, जयपुर(उत्तर) | |
| 10.1 | औद्योगिक क्षेत्र झोटवाडा विस्तार, जयपुर में वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त सड़क पर पैच मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01078 | 17.29 |
| 10.2 | औद्योगिक क्षेत्र झोटवाडा (हस्तांतरित), जयपुर में वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त सड़क पर पैच मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01079 | 13.76 |
| 10.3 | औद्योगिक क्षेत्र विश्वकर्मा, जयपुर में विभिन्न स्थानों पर वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त सड़क पर पैच मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01080 | 31.92 |
| 10.4 | औद्योगिक क्षेत्र विश्वकर्मा, जयपुर में जंगल सफाई एवं मलबा/कचरा हटाने का कार्य UBN-RDC2425WSOB01082 | 13.78 |
| 10.5 | इकाई कार्यालय जयपुर (उत्तर) के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में रोड मार्किंग का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01084 | 54.19 |
| 10.6 | औद्योगिक क्षेत्र विश्वकर्मा, जयपुर में ट्रैफिक लाईट के संचालन का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01085 | 2.70 |
| 10.7 | औद्योगिक क्षेत्र मण्डा-द्वितीय चरण, जयपुर में वर्षा के क्षतिग्रस्त सड़क पर पैच मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01086 | 23.34 |
| 10.8 | औद्योगिक क्षेत्र विश्वकर्मा, जयपुर में सड़क के किनारे 05 वर्ष के रखरखाव सहित पौधारोपण का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01087 | 12.08 |
| 10.9 | औद्योगिक क्षेत्र झोटवाडा विस्तार, जयपुर में पौधारोपण एवं पार्क के रखरखाव का कार्य UBN-RDC2425WSOB01088 | 18.12 |
| 10.10 | औद्योगिक क्षेत्र मण्डा-द्वितीय चरण, जयपुर में सड़क का निर्माण कार्य। UBN-RDC2425WSOB01089 | 26.12 |
| 10.11 | औद्योगिक क्षेत्र विश्वकर्मा-विस्तार, जयपुर में सीमेंट कॅन्करीट पेवमेन्ट का निर्माण कार्य UBN-RDC2425WSOB01092 | 147.45 |
| 10.12 | औद्योगिक क्षेत्र विश्वकर्मा, जयपुर में रोड़ नं० 6, 9एफ, 14 पर एचटी ओवरहैड लाईन्स एवं रोड़ नं० 12 से 32 दुकान तक 33 केवी ओवरहैड लाईन्स को अण्डरग्राउण्ड केबल द्वारा शिफ्ट करने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01094 | 302.37 |
| 11. | इकाई प्रभारी, सवाई माधोपुर | |
| 11.1 | औद्योगिक क्षेत्र मासलपुर में हाई मास्ट लाईट की आपूर्ति व लगाने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01091 | 5.90 |
| 11.2 | औद्योगिक क्षेत्र गंगापुर सिटी में खुले क्षेत्र की चारदीवारी का रंगरोगन व रख-रखाव का कार्यUBN-RDC2425WSOB01093 | 5.80 |
| 11.3 | औद्योगिक क्षेत्र खैरदा में नई आफिस पार्किंग के निर्माण का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01095 | 2.93 |
| 11.4 | औद्योगिक क्षेत्र टोंक में मुख्य सडक पर इन्टरलाकिंग टाईल की आपूर्ति व लगाने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01097 | 5.64 |
| 11.5 | औद्योगिक क्षेत्र करौली में मार्गाधिकार की नियमित सफाई का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01098 | 3.80 |
| 11.6 | उप इकाई कार्यालय के विभिन्न क्षेत्र औद्यौगिक क्षेत्रों की चारदीवारी के रंग-रोगन का कार्य UBN-RDC2425WSOB01099 | 9.54 |

निविदा का विस्तृत विवरण, नियम इत्यादि एवं भविष्य में निविदा में किसी प्रकार के संशोधन/तिथि बढ़ने की जानकारी हेतु वेबसाइट www.riico.co.in व www.eproc.rajasthan.gov.in को देखें। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: महाप्रबंधक (सिविल), फोन -0141-4593243 Raj.Samwad/C/24/5205

# मल्टी कार्गो टर्मिनल बनाने के लिये 617 हरे पेड़ काटने की कार्रवाई शुरू करने पर जवाब मांगा

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सांभर-फुलेरा तहसील के हिरनोदा में रेलवे की गति शक्ति योजना के तहत मल्टी कार्गो टर्मिनल बनाने के लिए 565 खेजड़ी सहित कुल 617 पेड़ काटने की कार्रवाई शुरू करने पर मुख्य सचिव, पर्यावरण निदेशक, अतिरिक्त कलेक्टर और सांभर लेक के एस.डी.ओ. व तहसीलदार सहित विकासकर्ता फर्म से जवाब तलब किया है। मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश मेरीडियन फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से दायर जनहित याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

**■ यह पेड़ काटने की अनुमति, पांच गुणा, यानी की 3085 पेड़ लगाने की शर्त पर दी गई थी। जबकि तहसीलदार ने 7 अगस्त को उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर कंपनी की ओर से केवल 500 पेड़ लगाने की जानकारी दी**

याचिका में कहा गया कि रेलवे की गति शक्ति योजना के तहत हिरनोदा में मल्टी कार्गो टर्मिनल बनाया जाना प्रस्तावित है। यह टर्मिनल हस्ती पेट्रो केमिकल एंड शिपिंग लि. की ओर से बनाया जा रहा है। जिस जमीन पर यह टर्मिनल बनाया जाएगा, वहां राज्य वृक्ष खेजड़ी के 565 सहित कुल 617 हरे पेड़ मौजूद थे। इन्हें हटाने के लिए कंपनी की ओर से सांभरलेक के उपखंड अधिकारी को प्रार्थना पत्र पेश कर अनुमति मांगी गई। गत 4 जुलाई को ए.डी.एम. ने इन पेड़ों को काटने की सशर्त अनुमति दे दी। इसमें एक शर्त यह भी थी कि कंपनी काटे गए पेड़ों के बदले दस फीट ऊंचाई के पांच गुणा पेड़ लगाएगी। याचिका में कहा गया कि पेड़ काटने की अनुमति देने से पहले ऐसा कोई विकल्प नहीं तलाशा गया, जिससे कम से कम पेड़ काटे जा सकते हों। इसके अलावा पेड़ काटने की अनुमति, पांच गुणा, यानी की 3085 पेड़ लगाने की शर्त पर दी गई थी। जबकि तहसीलदार ने 7 अगस्त को उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर कंपनी की ओर से पांच सौ पेड़ लगाने की जानकारी दी गई। याचिका में गुहार की गई कि पेड़ काटने के लिए दी। एन.ओ.सी. और प्रशासन की ओर से पेड़ काटने के लिए जारी नीलामी आदेश को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# सड़कों के साथ होगी ड्रेनेज की प्लानिंग : दिया कुमारी



**उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर पाँच और 12 में उच्च जलाशयों का शिलान्यास किया। इस दौरान सांसद मंजू शर्मा भी मौजूद थीं।**

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है की प्रदेश में सड़कों के साथ बेहतरीन ड्रेनेज और सीवरेज सिस्टम विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है। इससे जलभराव और बार बार सड़क टूटने की समस्या से निजात मिलेगी। सरकार इसके लिए बेहतरीन प्लान बना कर काम कर रही है। उपमुख्यमंत्री गुरुवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर पाँच और 12 में उच्च जलाशयों के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उप मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा अर्चना कर वार्ड 12 बैनाड रोड पवनपुरी में तथा वार्ड 5 पार्षद कार्यालय के सामने बढ़ारणा में उच्च जलाशयों का शिलान्यास किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा की इन उच्च जलाशयों के बनने से क्षेत्र की जनता को निर्बाध रूप से पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पेयजल की गंभीर समस्या थी इन जलाशयों के बनने से उस समस्या का समाधान हो जाएगा।

**■ वार्ड 5 और 12 की लगभग 60 हजार आबादी को मिलेगा बीसलपुर का पानी**

गोरतलब है की बीसलपुर योजना के तहत वार्ड नंबर 5 के बढ़ारणा में 7 लाख लीटर और वार्ड 12 में 20 लाख लीटर क्षमता के उच्च जलाशयों का निर्माण करवाया जा रहा है । इन उच्च जलाशयों का निर्माण कार्य मार्च 2025 और अगस्त 2025 तक पूरा किया जाना है।

उच्च जलाशय से वार्ड नंबर पाँच की जीडीए स्कीम क्वार्टर, सूर्य नगर विस्तार, गौतम विहार, गंगा विहार, जीडीए कॉलोनी, कुमावत कॉलोनी, श्रीराम नगर कच्ची बस्ती, रोड नंबर 17 मैन मार्केट, श्रीराम विहार विस्तार, ध्वज नगर, गुलाबबाड़ी, प्रेमनगर एस एवं डी ब्लॉक, देविका नगर, यादव मार्केट, युवराज विहार, विशाल नगर, श्रीराम विहार, उद्योग विहार कॉलोनियों की लगभग 20,000 आबादी को निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

इसी प्रकार वार्ड 12 की पवनपुरी में बनने वाले उच्च जलाशय से बालाजी नगर, गणेश नगर, महेश नगर, अन्नापरम एंक्लेव, ओलमपुया सिटी कॉलोनी, शंकर विहार कॉलोनी, पवनपुरी, गोपाल वाटिका, राज रेजीडेंसी, उदय नगर, रामेश्वरम, कानोडिया कॉलोनी, बालाजी विहार, गणेश नगर, चमत्कार नगर, तिरुपति नगर, मोहन वाटिका आदि इन कॉलोनियों के लगभग 38,000 लोग लाभान्वित होंगे।

कार्यक्रम में सांसद मंजू शर्मा, चेयरमैन रश्मि सैनी, राजेंद्र सैनी, भँवर सिंह, अर्चना शर्मा, सुनील शर्मा, एसई बीसलपुर प्रोजेक्ट सुधीर वर्मा, एक्सईएन श्याम सिंह, ताराचंद शर्मा, मंदिप सिंह हुड़ील, नेमीचन्द सेन, वीरेंद्र हुड़ील, महेंद्र ओला, सुनील करोड़िया, रोहिताश सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के झूठ और धोखा देने वाली राजनीति को हरियाणा की जनता समझ चुकी है : डॉ. पूनिया

**सिरसा/ऐलनाबाद।** भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने गुरुवार को ऐलनाबाद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अमीर चंद मेहता का नामांकन कराया। नामांकन के बाद डा. पूनिया ने नामांकन सभा को भी संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने ऐलनाबाद की जनता से भाजपा प्रत्याशी अमीरचंद को विजयी बनाने की अपील की। यहा डा. पूनिया ने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के झूठ और धोखा देने वाली राजनीति को हरियाणा की जनता समझ चुकी है और इस विधानसभा चुनाव में भी जनता कांग्रेस का सूपड़ा साफ करने वाली है। डा. पूनिया ने मोदी सरकार और नायब सरकार की उपलब्धियां भी गिनवाई।

**■ भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने ऐलनाबाद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अमीर चंद मेहता का कराया नामांकन**

डा. सतीश पूनिया ने कहा कि 10 वर्षों में मोदी और हरियाणा की डबल इंजन सरकार ने गरीब, युवा, किसान और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम किया है। हरियाणा की भाजपा सरकार ने युवाओं को बिना खर्ची और बिना पर्ची के नौकरियां देने का काम किया, जबकि कांग्रेस के समय में युवाओं को पर्ची और खर्ची से नौकरी मिलती थी। डा. पूनिया ने कहा कि केंद्री की मोदी सरकार और हरियाणा की भाजपा सरकार ने 10 सालों में हरियाणा के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया है। सड़कों का जाल बिछा है, जिस कारण कई घंटों का सफर अब कुछ घंटों में तय हो रहा है।

डा. सतीश पूनिया ने कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि चुनाव में समय कम बचा है। आप लोगों के पास जनता के बीच कहने के लिए अनेकों उपलब्धियां हैं। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर घर-घर जाएं और भाजपा की सरकार के पक्ष में लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने हरियाणा की जनता से आव्हान करते हुए कहा कि म्हारा हरियाणा, नॉन स्टॉप हरियाणा के संकल्प की मजबूती के लिए प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाएं।

## अग्रिम जमानत रद्द करने के लिए प्रार्थना पत्र पेश

**जयपुर, (का.सं.)।** जिले के अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-4 में गोपालगढ़ दंगा प्रकरण में सीएम भजनलाल शर्मा को मिली अग्रिम जमानत को रद्द करने के लिए प्रार्थना पत्र पेश किया गया है। अदालत ने प्रार्थना पत्र की कॉपी संबंधित पक्षकारों को दिलाते हुए मामले की सुनवाई 24 सितंबर को रखी है।

सांवर मल चौधरी की ओर से दायर प्रार्थना पत्र में कहा गया कि मामले में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज कर कई साल पहले आरोप पत्र पेश कर दिया है। इस एफआईआर में भजनलाल शर्मा ने अग्रिम जमानत के लिए अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र पेश किया था।

# दुष्कर्म मामले में व्यवसायी के खिलाफ एफ.आई.आर. रद्द

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म प्रकरण में टैंट व्यवसायी रवि जिंदल के खिलाफ विद्याधर नगर थाने में गत 29 अप्रैल को दर्ज एफ.आई.आर. को रद्द कर दिया है। अदालत ने कहा कि इस मामले में शिकायतकर्ता व पीड़िता ने एफ.आई.आर. को रद्द करने का आग्रह किया है। मामले के जांच अधिकारी ने भी पीड़िता के अतिरिक्त बयानों का रिकॉर्ड पेश किया है। ऐसे में आरोपी के खिलाफ दर्ज एफ.आई.आर. को रद्द किया जाता है। जस्टिस नरेन्द्र सिंह ने यह आदेश रवि जिंदल व शिकायतकर्ता की याचिकाओं को मंजूर करते हुए दिया।

सुनवाई के दौरान अदालत के सामने आया कि पीड़िता ने अपने बयानों में कहा है कि रवि जिंदल ने उसके साथ कोई गलत काम नहीं किया है और वह मामले में कोई कार्रवाई भी नहीं चाहती। रवि जिंदल ने भी अपनी याचिका में एफ.आई.आर. रद्द करने की गुहार की। दरअसल शिकायतकर्ता ने विद्याधर नगर पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कर रवि जिंदल पर आरोप लगाया था कि उसने उसकी नाबालिग दोहती के साथ अप्रैल 2024 में जबरदस्ती कर गलत काम किया है। बाद में पॉक्सो कोर्ट में शिकायतकर्ता व पीड़िता द्वारा मामले में जिंदल के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं चाहने का प्रार्थना पत्र दायर किया। जिसमें कहा कि जिंदल ने पीड़िता के साथ कभी भी छेड़छाड़, मारपीट व दुष्कर्म नहीं किया। आपसी मनमुटाव के कारण उसने रवि जिंदल पर अपनी दोहिती से दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। मामले पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने मामले में दर्ज एफ.आई.आर. को रद्द कर दिया है।

# युवा कांग्रेस की लड़ाई खुलकर सड़कों पर आई

**जयपुर, (का.प्र.)।** युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया और प्रदेश प्रभारी मोहम्मद शाहिद के बीच चल रही अनबन अब खुलकर सामने आ गई है। यह लड़ाई सामने आई जब तीन जिलाध्यक्षों को निष्कासित करने पर प्रदेश प्रभारी ने पूनिया को कारण बताओं नोटिस जारी कर दिया।

अध्यक्ष पूनिया ही नहीं बल्कि उनके करीबी संगठन महामंत्री अरबाब खान को भी कारण बताओं नोटिस जारी करके तीन दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। संगठन के व्हाट्सएप ग्रुप में भी प्रदेश प्रभारी ने दोनों को फटकार लगाई है। दो दिन पहले प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया ने तीन जिलाध्यक्षों को निष्क्रिय बताकर पदमुक्त कर दिया था। इसके बाद ही मोहम्मद शाहिद ने प्रभारी और सहप्रभारी की जानकारी में लाए बिना तीन जिला अध्यक्षों को निष्कासित करने के मामले में दोनों नेताओं को नोटिस जारी कर दिया। साथ ही व्हाट्सएप ग्रुप में भी लिखा कि आपके गैर जिम्मेदाराना व्यवहार को लेकर कारण बताओं नोटिस जारी किया जाता है। आज के बाद कोई भी सूची सिर्फ प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारी के हस्ताक्षर और उनके लेटर हेड पर ही जारी होगी।

# देवनानी को राजस्थान रत्नाकर की स्मारिका की प्रति भेंट



**नई दिल्ली ।** विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी को उनके नई दिल्ली प्रवास पर राजस्थान रत्नाकर संस्था द्वारा प्रकाशित स्मारिका की प्रति भेंट की गई। यह प्रति संस्था के मीडिया संयोजक और राजस्थान विधान सभा की पत्रकार दीर्घा मंत्रणा समिति के सदस्य गोपेन्द्र नाथ भट्ट ने विधानसभाध्यक्ष देवनानी को राजस्थान स्टेट गेस्ट हाऊस चाणक्यपुरी में भेंट की।

संस्था के चेयरमैन राजेन्द्र गुप्ता ने बताया कि स्मारिका में विधानसभाध्यक्ष देवनानी के साथ ही अन्य कई विशिष्ट हस्तियों के शुभकामना संदेश प्रकाशित किए गए हैं। साथ ही इसमें राजस्थान से जुड़े आलेख और संस्था की विभिन्न गतिविधियों का प्रकाशन भी किया गया हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में प्रवासी राजस्थानियों की प्रतिष्ठित सामाजिक और समाजसेवी संस्था राजस्थान रत्नाकर के स्वर्ण जयन्ती वर्ष में हाल ही नई दिल्ली के इण्डिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित संस्था के वार्षिक समारोह के अवसर पर प्रकाशित संस्था की वार्षिक पत्रिका का लोकार्पण केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मन्त्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और केन्द्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्य मन्त्री अर्जुन राम मेघवाल तथा पाली के सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री पी पी चौधरी तथा उपस्थित अन्य अतिथियों ने किया गया था।

## महापौर मुनेश गुर्जर को ए.सी.बी. ने जारी किया नोटिस

**जयपुर ।** हैरिटेज नगर निगम की महापौर मुनेश गुर्जर की परेशानी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। स्वायत्त शासन विभाग के बाद अब गुरुवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ए.सी.बी.) ने महापौर को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में 19 सितंबर को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा गया है।

दरअसल, नगर निगम ऑफिस में मुनेश गुर्जर के नाम नोटिस जारी किया गया। इसमें लिखा गया है कि, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत अपराध प्रमाणित पाया गया है। इसके बाद स्वायत्त शासन विभाग द्वारा आपके खिलाफ अभियोजन स्वीकृति मिली है। हाई कोर्ट ने भी आपके खिलाफ दो सप्ताह (19 सितंबर तक) में चालान पेश करने के आदेश जारी कर रखे हैं। ऐसे में आपको 19 सितंबर सुबह 10 बजे न्यायालय में पहुंचने के लिए पाबंद किया जाता है। ज्ञात रहे कि मुनेश गुर्जर के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी देने को रिकॉर्ड पर लेते हुए 2 सप्ताह बाद सुनवाई होनी है। सोमवार को जस्टिस एनएस ढड्ढा ने यह निर्देश सुधांशु सिंह ढिल्लन की याचिका पर दिया था। इसके बाद स्वायत्त शासन विभाग ने एक्शन लेते हुए बुधवार को नोटिस जारी किया था। नोटिस में डीएलबी ने मुनेश पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप पर जवाब मांगा है। इसके लिए तीन दिन का समय दिया था।

# रामदेव जयन्ती एवं तेजा दशमी पर शुभकामनाएं

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रामदेव जयन्ती एवं तेजा दशमी (13 सितम्बर) के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने कहा कि बाबा रामदेव और वीर तेजाजी ने अपना पूरा जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। बाबा रामदेव जी सामाजिक समरसता स्थापित करने, दीन-दुखियों व असहाय लोगों की मदद करने के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहे, वहीं वीर तेजाजी ने गायों की रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए।

उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से बाबा रामदेव जी और वीर तेजाजी के आदर्शों को अपनाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को भाईचारे की भावना को मजबूत करने, भेदभाव एवं ऊंच-नीच को मिटाने तथा निरीह जीव-जन्तुओं की रक्षा करने का संकल्प लेकर प्रदेश की उन्नित एवं खुशहाली में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

## ऋण के लिये 31 अक्टूबर तक किये जा सकेंगे आवेदन

**जयपुर।** राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाईकर्मचारी वर्ग, अन्य पिछड़ा एवं दिव्यांगजनों को विभिन्न उद्योगों, व्यवसाय एवं सेवा कार्य में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु आनलाइन आवेदन अब 31 अक्टूबर तक किये जा सकेंगे।

## चतुर्वेदी समाज का महाकुंभ 13-14 को

**जयपुर ।** जयपुर में श्री माथुर चतुर्वेदी समाज की महाकुंभ 13-14 सितम्बर को जयपुर में होगा। टोंक रोड स्थित पिंजरापोल गौशाला स्थित सुरभि सदन में पहले दिन श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग होगी। वहीं दूसरे दिन राजस्थान महापरिषद का प्रान्तीय अधिवेशन होगा। इसमें समाज की प्रतिभाओं का सम्मान और सामूहिक स्नेह-भोज का आयोजन भी किया गया है।

महापरिषद के प्रदेशाध्यक्ष हृदयेश चतुर्वेदी और महामंत्री पीयूषपाणि चतुर्वेदी ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी मीटिंग और राजस्थान महापरिषद के प्रान्तीय अधिवेशन के लिए प्रदेश और देश के कोने-कोने से स्वजातीय बांधव जयपुर पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद के प्रांतीय अधिवेशन में प्रात: 10 बजे से प्रांतीय अधिवेशन शुरू होगा।

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रदेश महामंत्री प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही प्रमुख जनों का सम्बोधन होगा। कार्यक्रम में प्रात: 11.45 से दोपहर 12.15 तक खुला मंच का आयोजन किया गया है।

# देश विरोधी ताकतों के पक्ष में बयान दे रहे हैं राहुल गांधी : जितेंद्र गोठवाल

**जयपुर।** विदेश में भारत की प्रतिष्ठा धूमिल करने और आरक्षण विरोधी वक्तव्य के बाद देशभर में राहुल गांधी के बयान की घोर निंदा की जा रही है। भाजपा महामंत्री और विधायक जितेंद्र गोठवाल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के एसटी-एससी मोर्चा की ओर से आज अंबेडकर सर्किल पर राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज मीणा, भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नारायण मीणा, प्रदेश उपाध्यक्ष महेश मीणा, एसटी मोर्चा प्रदेश मंत्री कालू राम मीणा, एससी मोर्चा के महामंत्री मुकेश गर्ग, पार्षद जितेंद्र लोदिया सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि राहुल गांधी जब जब भी विदेश यात्रा पर गए, तब तब वे विदेशी अखबारों में सुर्खिया बटोरने के लिए देश की आलोचना करने से भी पीछे नहीं रहे, लेकिन इस बार तो राहुल गांधी ने हद कर दी और देश की आलोचना के साथ-साथ देश विरोधी ताकतों का पक्ष लिया। इतना ही नहीं, खालिस्थान की मांग करने वालों का बयान तक आया कि राहुल गांधी भी हमारे पक्ष की बात कर रहे हैं।




**भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल के नेतृत्व में एसटी-एसटी मोर्चा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया।**

गोठवाल ने कहा कि राहुल गांधी ने विदेश में जाकर धर्म को धर्म से, जाति को जाति से तोड़ने का बयान दिया है। वहीं आरक्षण समाप्त करने जैसा बयान देकर देश के दलित, शोषित और वंचित वर्ग के साथ अन्याय करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि देश में जब-जब चुनाव आए, कांग्रेस और इनके नेता आरक्षण देने की बात करते है लेकिन चुनाव समाप्त हो जाने के बाद आरक्षण को समाप्त करने का बयान देते है। राहुल गांधी द्वारा आरक्षण समाप्त करने के बयान दलित भाई-बहनों के अधिकार को मारने जैसा है। राहुल गांधी के बयान से ये साबित हो गया कि कांग्रेस पार्टी एसटी-एसटी की हितैषी नहीं हो सकती। कांग्रेस का नकाब के पीछे का चेहरा जनता के सामने आ गया है।

# प्रदेश में मानसून की मेहरबानी से 357 बांध लबालब : सुरेश रावत

**जयपुर ।** जल संसाधन मंत्री ने सुरेश सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में इस वर्ष मानसून की असीम कृपा रही है। मरु प्रदेश राजस्थान के लिए यह मंगल उत्सव का समय है। उन्होंने कहा कि वर्षा के इस सुखप्रद समय को उत्सव के रूप में मनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के सम्पूर्ण रूप से भरे बांधों और जलाशयों पर 14 सितम्बर को जलझूलनी एकादशी के दिन राजस्थान जल महोत्सव-2024 मनाने का निर्णय लिया गया है।

**■ 'सामान्य से 215 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज, प्रदेश के पूरे भरे बांधों और जलाशय स्थलों पर 14 सितम्बर को जलझूलनी एकादशी के दिन मनाया जायेगा राजस्थान जल महोत्सव'**

रावत ने कहा कि प्रदेश में इस बार सामान्य से 215 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है, जो प्रदेश के विकास का सुखद संदेश है। अच्छे मानसून के चलते प्रदेश के बांध कुल भराव क्षमता के 83 प्रतिशत तक भर चुके हैं। तकरीबन 357 बांध लबालब हैं और अधिकांश जलाशय पूरे भर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी वर्षा से आगामी साल में प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली में वृद्धि होगी और चहुँमुखी विकास होगा। उन्होंने कहा कि आमजन में भी इस समय हर्ष का माहौल है।

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि जलझूलनी एकादशी पर प्रदेश भर में राजस्थान जल महोत्सव-2024 के तहत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जल संग्रहण एवं जल मितव्ययता के बारे में चर्चा की जाएगी। उन्होंने आयोजन की पूर्व तैयारियों के संबंध में सम्बंधित विभागों और जिलों को निर्देश प्रदान किये तथा आपसी समन्वय से कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए कहा। उन्होंने कहा कि महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं तथा छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, काश्तकारों, आमजन, संस्थाओं, मीडिया तथा सबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी अधिकाधिक संख्या में जोड़ने के निर्देश दिये।

## साइक्लोथॉन का आयोजन 29 को

**जयपुर ।** जयपुर रनर्स क्लब, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 और संस्कृति युवा संस्था द्वारा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और इंटरनल हॉस्पिटल के सहयोग से वर्ल्ड हार्ट डे पर 29 सितम्बर को साइक्लोथॉन का आयोज़न किया जायेगा।

## बॉलीवुड के गीत पेश करेंगे कलाकार

**जयपुर ।** बिड़ला सभागार में हेल्दी स्माइल्स ग्रुप एवं यूनिक ड्रीम बिल्डर्स की ओर से 15 सितंबर को शाम 6 बजे गोल्डन एरा के 11वें संस्करण में बॉलीवुड फिल्मों के सदाबहार गीतों की संध्या संजोई जाएगी। कार्यक्रम आयोजक डॉ. बलविंदर सिंह ठक्कर ने बताया कि इसमें शहर के सुप्रसिद्ध गायक डॉ.समीर शर्मा सैम के साथ शहर के कई कलाकार 1960 के दशक से नए जमाने के गीतों को गुलदस्ता अपनी पुरकशिश आवाज में प्रस्तुत करेंगे।

डॉ.समीर शर्मा सैम के संजोजन में शहर के वरिष्ठ कलाकार केपी सक्सेना, गीतिका चतुर्वेदी, डॉ.जितेंद्र सिंह मक्कर, रुचि खंडेलवाल, ऋचा खोडा एवं नवोदित कलाकार निकिता बंसल कई सुरीले गीत पेश करेंगे। कार्यक्रम में मेडले एवं मैश अप प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केन्द्र होंगी। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विशाल बंसल, निदेशक आयकर (अन्वेषण) एवं संरक्षक प्रधान अवधेश कुमार समेत मशहूर वरिष्ठ गजल गायक अहमद हुसैन एवं उस्ताद मोहम्मद हुसैन मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में प्रवेश नि:शुल्क प्रवेश पत्रों से होगा।

# सूरजपोल मंडी में 265 लीटर घी सीज

**जयपुर ।** शुद्ध आहार- मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को सूरजपोल मंडी स्थित मैसर्स रामप्रसाद रामगोपाल के यहां कार्रवाई करते हुए हुए 265 लीटर देसी घी जब्त कर सीज किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि शुद्ध आहार- मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को सूरजपोल मंडी स्थित मैसर्स रामप्रसाद रामगोपाल के यहां कार्रवाई करते हुए हुए 265 लीटर देसी घी जब्त कर सीज किया है।

खाद्य सुरक्षा के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के अनुसार पूर्व में लिए गए नमूने जांच में फेल होने पर फर्म पर विक्रय किए जा रहे इंडाना घी के सैंपल लेने के बाद सम्पूर्ण 265 लीटर घी को मौके पर जब्त कर सीज किया गया। इस समस्त कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम के खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन गोदारा, पवन गुप्ता, नरेंद्र शर्मा शामिल रहे।

## प्रभारी मंत्री गहलोत ने घर घर जाकर बनाए सदस्य

**झुंझुनूं,** (निसं)। प्रवास पर आए जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने भाजपा के सदस्यता महाअभियान के तहत श्री गणेश मंदिर शक्ति केंद्र के बूथों पर घर घर जाकर भाजपा के सदस्य बनाए।

प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने झुंझुनूं शहर मंडल के बूथ संख्या 54 पर जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, बूथ अध्यक्ष विक्रम सैनी व नगरपरिषद के नेता प्रतिपक्ष बुधराम सैनी के साथ पैदल घर घर जाकर भाजपा के सदस्य बनाए। इस मौके पर उन्होंने स्वयं बूथवासियों के मोबाइल से मिस्ड कॉल करवाकर लिंक के माध्यम से सदस्यता कार्ड बनवाया। उन्होंने बूथवासियों को भाजपा की रीति नीति व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार राजस्थान की खुशहाली व विकास पर कार्य कर रही है। राष्ट्रीयता की सोच रखने वाली पार्टी भाजपा का सदस्य बनना गर्व की बात है। इस मौके पर पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पूनियां, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, भाजपा नेता बबलू चौधरी, जिला महामंत्री सरजीत चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, जिला मंत्री महेंद्र चंदवा, डॉ. राजेश, कुलदीप कालीपहाड़ी, संजय, मुरारी, सत्यनारायण हलकारा, घड़सी, दलिप, खालिद हुसैन, इंद्राज सैनी, पार्षद विजय सैनी, चंद्रप्रकाश शुक्ला, संजय पारिक, प्रमोद जानूं, कुलदीप पूनियां, नगर महामंत्री रवि लांबा, नगर उपाध्यक्ष ललित जोशी, विकास पुरोहित सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निकायों, पंचायतों और सहकारी समितियों के चुनाव एक साथ होंगे : अविनाश गहलोत

### पीएम के जन्मदिन पर प्रदेश में मनाया जाएगा रोजगार उत्सव : समाज कल्याण मंत्री अविनाश गहलोत



**प्रभारी और राज्य के समाज कल्याण मंत्री अविनाश गहलोत ने झुंझुनूं में रोजगार उत्सव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।**

- **हर जिले में नियुक्ति प्राप्त करने वाले युवाओं से सीएम करेंगे संवाद, झुंझुनूं में रोजगार उत्सव की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा**
- **अतिवृष्टि से हुए नुकसान के मामले पर गहलोत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 अक्टूबर से पहले गिरदावरी पूरी हो जाए**

**झुंझुनूं,** (निसं)। आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। इस दिन को प्रदेश में रोजगार उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। यह जानकारी गुरूवार को झुंझुनूं में जिले के प्रभारी और राज्य के समाज कल्याण मंत्री अविनाश गहलोत ने दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार के गठन के बाद जिन युवाओं को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र मिला है। उनके साथ पूरे प्रदेश में रोजगार उत्सव मनाया जाएगा। सभी जिलों के युवाओं से खुद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वर्चुअली संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंत्री अविनाश गहलोत ने अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों के साथ जिला परिषद सभागार में बैठक की।

इस मौके पर उन्होंने बजट क्रियान्विति की समीक्षा की। इसके अलावा जिले के सरकारी भवनों के लिए तीन करोड़ रूपए के प्रस्तावों पर चर्चा करने के अलावा अतिवृष्टि से हुए नुकसान पर बात की। उन्होंने कहा कि जहां पर किसानों की फसल खराब हुई है या फिर सड़कें व सरकारी भवन क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनके प्रस्ताव सरकार को जल्द भिजवाएं, ताकि उनकी स्वीकृतियां जारी कर टैंडर करवाए जा सके। बारिश का मौसम जाने के साथ ही टूटी सड़कों और क्षतिग्रस्त हुए भवनों के मरम्मत का काम होगा। उन्होंने कहा कि पहली बार ऐसा हो रहा है कि बारिश से खराब हुई सड़कों और भवनों की मरम्मत के लिए सरकार ने सुध लेते हुए इनका बजट जारी करने का निर्णय लिया है। इस मौके पर उन्होंने बताया कि जिन कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण होना है वो भी कार्यक्रम करवाए जाए। मंत्री अविनाश गहलोत ने सीईटी परीक्षा के लिए झुंझुनूं में सेंटर ना बनाने को लेकर भी मामला दिखवाने और भविष्य में झुंझुनूं में सेंटर आए, इसके लिए आश्वस्त किया। उन्होंने झुंझुनूं शहर में ड्रेनेज के लिए भी कलेक्टर को निर्देश दिए कि वे सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ अलग से बैठक कर इसके समाधान के बारे में चर्चा करें। इससे पहले जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने उन्हें जिले में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में प्रभारी मंत्री ने झुंझुनूं शहर में सीवरेज लाइन से घरों को जोड़ने के कार्य की भी प्रगति रिपोर्ट जानी। बैठक में एडीएम रामरतन सौंकरिया ने जानकारी दी कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में महाविद्यालयों के लिए 3 करोड़ रुपए के प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं। प्रभारी मंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वह जिले में गर्ल्स सैनिक स्कूल और खेल विश्वविद्यालय के क्रियान्वयन के लिए भी प्रयासरत हैं। इस दौरान एसपी शरद चौधरी, सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, भाजपा नेता विश्वंभर पूनियां, बबलू चौधरी, डॉ. राजेश बाबल, भाजपा शहर अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री सुरजीत चौधरी आदि मौजूद रहे। इस मौके पर मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुसार वन नेशन वन इलेक्शन की तर्ज पर वन स्टेट वन इलेक्शन का पूरा खाका प्रदेश में तैयार कर लिया गया है। निकायों, पंचायत राज और सहकारिता के चुनाव एक साथ करवाए जाएंगे, जिसके लिए जल्द ही नोटिफिकेशन जारी होगा। नए जिलों को लेकर उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार को घेरा और कहा कि रेवड़ियों की तरह जिले बनाए गए जिनकी जरूरत नहीं थी।

## सार-समाचार

### पुलिसकर्मियों का एसपी ने सम्मान किया



**झुंझुनूं,** (निसं)। चोरी हुई स्कॉर्पियो गाड़ी की बरामदगी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने व लोहार्गल मेले में ड्यूटी के दौरान बेहतर इंतजाम बनाए रखने की कार्यशैली से प्रभावित होकर झुंझुनूं एसपी शरद चौधरी ने दो पुलिसकर्मियों का हौसला अफजाई कर सम्मान किया है। एसपी शरद चौधरी ने बताया कि 26 अगस्त को बसंत विहार झुंझुनूं में घर के सामने से खड़ी स्कॉर्पियो गाड़ी चोरी होने का मामला दर्ज हुआ। जिस पर टीम का गठन किया गया। जिस पर पुलिस टीम ने आरोपी का पीछा करते हुए बालोतरा से आरोपी मोहनलाल के घर से यह चोरी हुई स्कॉर्पियो गाड़ी बरामद की। जिस पर टीम के साथ इस मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कोतवाली थाने के कांस्टेबल प्रवीण जाखड़ को एसपी शरद चौधरी ने उचित ईनाम व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा लोहार्गल मेले के दौरान महिलाओं की भीड़ नियंत्रित करने व कर्तव्यनिष्ठ ड्यूटी निभाने पर गोठड़ा थाने की महिला कांस्टेबल मंजू को एसपी चौधरी ने ईनाम व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

### एसपी ने कोतवाली थाने का निरीक्षण किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। एसपी शरद चौधरी ने कोतवाली थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाने में दर्ज मामलों की जांच, अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था, यातायात वयवस्था, महिला सुरक्षा और पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। थाने के मालखाना, बैरिक, एचएम कार्यालय, हवालात, थाना परिसर, कंप्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारी-कार्मिकों को निर्देश दिए कि वे कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करें और आमजनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करें। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की सेवा के लिए है और उन्हें सदेव जनता के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। थाना के अपराधों की समीक्षा की जाकर अपराध पर अंकुश लगाने, पेंडिंग प्रकरणों में जल्द अनुसंधान पूर्ण करने, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी करने, अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने, महिला व बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर विशेष ध्यान देने, यातायात व्यवस्था में सुधार लाने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए कदम उठानें आदि दिशा निर्देश दिए गए।

### भाजपाइयों ने किया प्रभारी मंत्री का स्वागत

**झुंझुनूं,** (निसं)। प्रवास पर आए प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत का सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी एवं नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा की अगुवाई में पार्टी दुपट्टा पहना, पुष्प गुच्छ एव प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पूनियां, भाजपा नेता बबलू चौधरी, जिला मंत्री महेंद्र चंदवा, सोशल मीडिया संयोजक चंद्रप्रकाश शुक्ला, संजय जांगिड़, मंडल प्रभारी अरुणा सिहाग, नगर महामंत्री रवि लांबा, विजेंद्र हटवाल, नगर उपाध्यक्ष ललित जोशी, रामनिवास सैनी, जगदीश गोस्वामी, पार्षद विजय सैनी, संजय पारिक, प्रमोद जानूं, कुलदीप पूनियां, कपिल सोनी, दयाराम सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र छावसरी, इंद्राज सैनी, विनोद जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जाहरवीर गोगाजी का मेला संपन्न

**झुंझुनूं,** (निसं)। समीपवर्ती गांव आबूसर में स्थित श्री जाहरवीर गोगा जी का विशाल मेला व रात्रि जागरण भंडारे का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन के संयोजक भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश बसावतिया ने बताया कि गोगाजी के परम भक्त जयलाल गुडेसर के सानिध्य में रात्रि जागरण का आयोजन हुआ। जिसमें मामा भांजा भजन गायक पार्टी गोगाजी महाराज की यश कीर्ति भजनों के माध्यम से प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झुंझुनूं के भाजपा नेता बबलू चौधरी थे। इस कार्यक्रम के व्यवस्थापक चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम के आयोजक गोगाजी के समस्त भक्तगण व आबूसर ग्रामवासी थे। भाजपा नेता बबलू चौधरी ने गोगाजी महाराज की धोक लगाकर समस्त ग्रामवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर के महंत ने उनको साफा व गोगाजी महाराज का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर बीरबल गुडेसर, बाबूलाल गुडेसर, बनवारीलाल तंवर, जगदीशप्रसाद खालिया, बलबीर खालिया, कैलाश शर्मा, हरिश्चंद्र गोठड़िया, जगदीश कोटड़िया, रामजीलाल जांगिड़, तेजप्रकाश सैन, सुरेंद्र बगड़, उदाराम झाझड़िया, कुरड़ाराम गोडेसर, महावीर पूनियां व श्यामसुंदर लालपुरिया की गरिमामय उपस्थिति रही। सरपंच रोहिताश कुमार आबूसर ने आभार जताया।

### न्यौराणा स्कूल ने फुटबॉल का फाइनल जीता

**पाटन**, (निसं)। कस्बे के निकट ग्राम पंचायत न्यौराणा की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ने 68वीं जिला स्तरीय फुटबॉल का फाइनल मैच खेलते हुए मंडूसा के खिलाड़ियों को 1-0 से हराकर जीत हासिल की है। शारीरिक शिक्षक शिवकुमार सैनी ने बताया कि प्रतियोगिता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नांगलिया गुर्जर वास (खेतड़ी) में आयोजित हुई। फुटबॉल में छात्रों का फाइनल मैच न्यौराणा वर्सेज मंडूसा के खिलाड़ियों के बीच हुआ जिसमें न्यौराणा स्कूल के 17 वर्षीय खिलाड़ियों ने मंडूसा के खिलाड़ियों को एक जीरो से हराकर जीत हासिल की है। वहीं 17 वर्षीय छात्राओं का फाइनल मैच राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय न्यौराणा वर्सेस देवनारायण आवासीय विद्यालय मेहाडा के बीच खेला गया, जिसमें न्यौराणा स्कूल की छात्राओं ने तीन दो से मैच जीत कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन देख कर विद्यालय की प्रिंसिपल निर्मला देवी ने टीम प्रभारी नरेश कुमार सैनी, कृष्णा मीणा व कोच प्रभारी शिव कुमार सैनी तथा खिलाड़ियों को बधाई दी है।

### नवोदय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया

**पाटन,** (निसं)। कस्बे में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में गुरुवार शाम नीमकाथाना जिला कलेक्टर शरद मेहरा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने ऑफिस एवं गर्ल्स हॉस्टल व मैस का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मैस के अंदर बने भोजन कक्ष को कलेक्टर ने देखा तो उसमें उमस एवं गर्मी पाई गई, उन्होंने एग्जॉस्ट फैन लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा विद्यालय परिसर में साफ सफाई एवं कचरे से भरी हुई नालियों को देखकर नाराजगी जताई, साथ ही नालियों की साफ सफाई तथा बरसात के पानी की निकासी के लिए नालियों को सही करने के निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर ने विद्यालय की कक्षा 11 व 12 की बालिकाओं से बातचीत कर पढ़ाई एवं व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान पाटन तहसीलदार मुनेश सर्वा, जवाहर नवोदय विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ पूनम खेदड़, विद्यालय का स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

### विष्णु भूत जिलाध्यक्ष बने

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी,** (निसं)। विद्या भारती राजस्थान से संबंद्ध भारतीय शिक्षा प्रसार समिति सीकर की जिला कार्यसमिति के निर्विरोध हुए चुनाव में समाजसेवी भामाशाह उधोगपति विष्णु भूत जिला अध्यक्ष चुने गए है। सांवली मार्ग सीकर स्थित आदर्श विद्या मंदिर आयोजित साधारण सभा में निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार महला ने निर्वाचन की घोषणा करते हुए बताया कि अध्यक्ष पद पर विष्णु भूत, उपाध्यक्ष पद पर कमल किशोर बंसल, कोषाध्यक्ष पद पर राधा किशन चोबदार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। इससे पूर्व आयोजित साधारण सभा की अध्यक्षता कमल किशोर बंसल की ने की जबकि प्रांतीय मंत्री बृजमोहन मुख्य अतिथि थे। उल्लेखनीय है कि भारतीय शिक्षा प्रसार समिति जिले में 28 आदर्श विद्या मंदिर स्कूलों का संचालन करती है।

### विकास महोत्सव मनाया

**बीदासर,** (निसं)। तेरापथ भवन के मघवा समवसरण में गुरुवार को समाधी केंद्र व्यवस्थापिका साध्वी कार्तिक यशा के सानिध्य में 31 वां विकास महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर साध्वी कार्तिक यशा ने कहा कि आचार्य तुलसी विकास पुरुष थे। उन्होंने स्वयं का विकास किया एवं संघ में भी विकास के नए आयाम स्थापित किए।

## 68वीं जिला स्तरीय बॉक्सिंग व तीरंदाजी प्रतियोगिता संपन्न

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में 68वीं जिला स्तरीय बॉक्सिंग व तीरंदाजी प्रतियोगिता का समापन हुआ। संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के खेल मैदान में किया गया। जिसमें 14 वर्षीय बॉक्सिंग बालक वर्ग में प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल झुंझुनूं प्रथम, डिवाइन पब्लिक स्कूल द्वितीय व जीएल पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रही।

वहीं 42 से 44 किलो भारवर्ग में लोकेश प्रथम, सूर्या सिंह द्वितीय, प्रद्युमन सिंह व रितिन तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार 44 से 46 किलो भार वर्ग में प्रतीक प्रथम स्थान पर रहे। वहीं, 46 से 48 किलो वर्ग में भविष्य प्रथम, मोहित द्वितीय, अब्दुल समद तृतीय स्थान पर रहे। इधर, 48 से 50 किलो भार वर्ग में कनिष्क प्रथम, महेश द्वितीय, लक्ष्य व कपिल तृतीय स्थान पर रहे। सिाा ही 34 से 36 किलो भार वर्ग में अंकित चौधरी प्रथम, मौहम्मद जैयदयक द्वितीय, प्रतीक तृतीय स्थान पर रहे एवं 36 से 38 किलो भार वर्ग में तनुज प्रथम, दिव्यम द्वितीय, सूर्यांश चाहर तृतीय स्थान पर रहे। उधर, 38 से 40 किलो भार वर्ग में निखिल प्रथम, शिवम द्वितीय, यश तृतीय स्थान पर रहे।

इसी तरह, 40 से 42 किलो भार वर्ग में मोहन प्रथम, दिव्यांशु द्वितीय, समरवीर सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इधर, 28 से 30 किलो भार वर्ग में अलिश प्रथम, मोहम्मद अहद द्वितीय, अनुज तृतीय स्थान पर व 30 से 32 किलो भार वर्ग में आयुष प्रथम, रक्षित धनकड़ द्वितीय, अयाज तृतीय स्थान पर वहीं 32-34 किलो भार वर्ग में मानव प्रथम, कार्तिक द्वितीय व मोहित तृतीय स्थान पर रहे। इसी के साथ 14 वर्षीय बालक-बालिका तीरंदाजी प्रतियोगिता में प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल प्रथम, लिटिल फ्लॉवर स्कूल द्वितीय व झुंझुनूं एकेडमी तृतीय स्थान पर रहे। बालक वर्ग में मुकुल चौधरी 270 अंक के साथ प्रथम स्थान, सात्विक चौधरी 260 अंक के साथ द्वितीय स्थान, पीयूष पूनियां 196 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## रेलवे लाइन को निरस्त करवाने की मांग, विधायक से मिले किसान


**बसावा, झाझड़, दुर्जनपुरा एवं बेरी भजनगढ़ गांव के प्रभावित किसानों ने नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल को ज्ञापन दिया।**

- **विधायक विक्रम सिंह जाखल ने किसानों का साथ देने का वायदा किया**

**खिरोड़,** (निसं)। सीमेंट कंपनियों के लिए डाली जाने वाली रेल लाइन को निरस्त करवाने को लेकर गुरुवार को क्षेत्र के बसावा, झाझड़, दुर्जनपुरा एवं बेरी भजनगढ़ गांव के प्रभावित किसान नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल से मिले और रेलवे लाइन को निरस्त करवाए जाने की मांग की। रेलवे लाइन से प्रभावित किसानों ने नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल को ज्ञापन सौंपकर हाल ही में प्रशासन द्वारा किसानों को डरा धमका कर जबरदस्ती रेलवे लाइन का किए जा रहे सर्वे को भी बंद करवाए जाने की मांग की है।

किसानों ने विधायक जाखल को बताया कि खेतों में हमारी फसल खड़ी है और प्रशासन जबरदस्ती रेलवे लाइन का सर्वे करने में लगे हैं। जिससे फसल नष्ट हो रही है।

इस पर नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल ने किसानों को बताया कि मैंने इस मामले में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भी पत्राचार के माध्यम से बातचीत की है। जिसमें किसानों के हित की ही बात हुई है। मैं हमेशा किसानों के साथ रहा हूं और आगे भी किसानों का साथ देने का आपसे वायदा करता हूं। विधायक विक्रम सिंह जाखल ने सर्वे के मामले में तुरंत प्रशासनिक अधिकारियों को फोन करके शीघ्र ही किसानों के खेतों में जबरदस्ती किए जा रहे सर्व को तुरंत बंद किए जाने के निर्देश दिए हैं। विधायक जाखल ने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि फिलहाल रेलवे लाइन का सर्वे बंद कर दीजिए क्योंकि किसानों के खेतों में हरी-भरी फसल खड़ी है। किसानों के खेतों में फसल नष्ट नहीं होनी चाहिए। नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल ने किसानों से कहा कि रेलवे लाइन के निरस्तीकरण को लेकर सरकार, रेलवे विभाग एवं प्रशासन से बात की जाएगी। विधायक विक्रम सिंह जाखल को ज्ञापन देने वालों में पंचायत समिति सदस्य बनवारीलाल दूत, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष बीरबलराम यादव, शीशराम दूत, सांवरमल यादव, चिरंजीलाल सैनी, करणीराम दूत, विजेंद्र सिंह काजला, मनोज सैनी, कजोड़मल, दिनेश दूत, मुकेश दूत, महेंद्र यादव, बृजलाल, कालूराम, सुरेश, ललिता देवी, चूकीदेवी, भंवरी देवी, गीता देवी, मंगली देवी, सावित्री देवी, मामराज मूंड, रोहिताश रूंदला, रामरतन सैनी, मेघाराम राड़, रामनिवास सैनी, मुकेश सैनी सहित काफी संख्या में किसान शामिल थे।

## महर्षि दधीचि जयंती मनाई

**सीकर,** (निसं) महर्षि दधीचि जयंती के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुए। दाधीच परिषद के मंत्री उमेश मिश्रा ने बताया कि दधीचि जयंती की पूर्व संध्या पर सालासर स्टैंड स्थित महर्षि दधीचि सर्किल पर दीपोत्सव का कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के प्रबुद्ध जन उपस्थित हुए एवं सभी ने दीपदान किया। इसके पश्चात दधीच प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच का आयोजन शाकिर भारती स्टेडियम में किया गया। जिसमें वज्र वॉरियर टीम विजेता रही दधीच प्रीमियर लीग का यह मैच वज्र वॉरियर और सारंग सुपर किंग्स टीम के बीच हुआ । जयंती के शुभ अवसर पर सुबह दधिमती माताजी मंदिर और दधीचि ऋषि का दुग्ध अभिषेक किया गया ।उसके बाद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुकेश दाधीच प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा एवं कमल सिखवाल जिला अध्यक्ष भाजपा के द्वारा किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस शिविर में 66 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। महिला मंडल के द्वारा दोपहर 1:00 बजे मंगल पाठ का आयोजन किया गया ,जिसमें महिलाओं ने दधिमती माता को अपने भजनों द्वारा रिझाया जयंती का मुख्य समारोह शाम 5:00 बजे से शुरू हुआ, जिसमें पावन सानिध्य शिव मठ धाम गडोदा के महंत महावीरजति महाराज एवं पालवास करनी गौशाला के चंद्रमा दास महाराज का पावन सानिध्य रहा समारोह की अध्यक्षता सुरेश शर्मा उप अधीक्षक पुलिस डिस्कॉम झुंझुनू पुलिस के द्वारा की गई।

## विशाल भजन संध्या आज

**रतनगढ़,** (निसं)। स्थानीय चांदगोठिया कुएं के पास (रामदेव चौक) वार्ड नं 21में स्थित श्री बाबा रामदेव मंदिर में भादवा दशमी के उपलक्ष में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। पुजारी जगदीश प्रसाद कंवल, नरेंद्र गुडेसर ने बताया कि 13 सितंबर शुक्रवार रात्रि को मंदिर के प्रांगण में विशाल जागरण का आयोजन व बाबा का भव्य श्रृंगार एवं पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा भी होगी।

## उपखंड स्तरीय जनसुनवाई हुई

**सीकर,** (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं, परिवेदनाओं के निवारण, सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरूवार को जिलेभर में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपखंड अधिकारियों ने आमजन की परिवेदनाएँ प्राप्त कर विभागीय अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जिले में आयोजित हुई उपखंड स्तरीय जनसुनवाई के दौरान लक्ष्मणगढ़ उपखंड में लक्ष्मणगढ़ विधायक गोविन्द सिंह डोटासरा, सहायक निदेशक लोक सेवाएं इन्दिरा शर्मा, उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा, फतेहपुर में उपखण्ड अधिकारी दमयन्ती कंवर, सीकर में उपखण्ड़ अधिकारी निखिल कुमार ने जनसुनवाई करते हुए आमजन के परिवादों का निस्तारण किया। उपखंड स्तरीय जनसुनवाई के दौरान पेयजल, राजस्व, विधुत, सड़क सहित अन्य परिवाद प्राप्त हुए।

# बाबा रामदेवजी मंदिर में घोड़े अलबेला ने धोक लगाकर फेरी लगाई


**251 निशान पदयात्रा के साथ आए अलबेला नाम के घोड़े का मंदिर में तिलकार्चन कर स्वागत किया गया।**

- **नवलगढ़ के लोक देवता बाबा रामदेवजी मंदिर में बाबा की ज्योत के साथ लक्खी मेला शुरू**
- **बाबा रामदेव मंदिर में ज्योत के दर्शन करने उमड़े श्रद्धालु, जयकारों से गुंजायमान हुआ नवलगढ़**

**नवलगढ़,** (निसं)। मान्यता के हिसाब से प्रदेश ही नहीं पूरे देश में दूसरे सबसे बड़े नवलगढ़ के लोक देवता बाबा रामदेवजी मंदिर में गुरुवार शाम रूप निवास पैलेस से 251 निशान पदयात्रा के साथ आए अलबेला नाम के घोड़े का मंदिर में तिलकार्चन कर स्वागत किया गया।

इससे पहले नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल ने घोड़े की पूजा अर्चना कर रवाना किया। घोड़े ने मंदिर मंडप में धोक व फेरी लगाई। इसके बाद पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा के अनुसार मंदिर पुजारियों की देखरेख में कामड़ परिवार के सदस्य रिछपाल कामड़ ने मंदिर में बाबा की ज्योत ली। ज्योत के साथ लक्खी मेला शुरू हुआ। बाबा रामदेव की ज्योत के दर्शन व घोड़े को देखने हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। ज्योत आने के साथ ही जय रामसा पीर के जयकारों से मंदिर व मेला क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। लोगों ने बाबा रामदेव को खीर चूरमा, नारियल सहित अन्य प्रकार का प्रसाद चढ़ाया व धोक लगाकर मंगल कामना की। शुक्रवार को दशमी के दिन मुख्य मेला भरेगा। बाबा रामदेव मेले में हर वर्ष 5-6 लाख श्रद्धालु धोक लगाने आते हैं। मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पदयात्रा के साथ निशान लाकर बाबा रामदेव को अर्पित करते हैं।

राजस्थान सहित दूसरे राज्यों से भी श्रद्धालु आकर बाबा रामदेव मंदिर शीश नवाते हैं। शुक्रवार भाद्रपद शुक्ल दशमी को मुख्य मेला शुरू हो जाएगा। मेला क्षेत्र में खिलौनें, कॉस्मेटिक, आयुर्वेदिक उत्पाद, मिट्टी के बर्तन, घरेलू सामान, चाट पकौड़ा, फास्ट फूड, महिलाओं के लिए उपयोगी सामान सहित सैंकड़ों दुकानें लग चुकी हैं। साथ ही बड़े-बड़े झूले भी लग गए हैं। मंदिर में गुरुवार रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें संधु संतों व भजन गायकों ने भजनों की रसगंगा बहाई। नगरपालिका प्रशासन, उपखंड प्रशासन, पुलिस, स्काउट गाइड, एनसीसी, चिकित्सा विभाग, जलदाय विभाग सहित अन्य सरकारी विभाग व अनेक सामाजिक संगठन मेले की व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं।

## स्काउट गाइड का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनू के निर्देशानुसार स्थानीय संघ झुंझुनूं एवं मान नगर का वार्षिक अधिवेशन स्थानीय संघ प्रधान एवं शिक्षाविद डॉ. गुलझारी लाल कालेर की अध्यक्षता, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पूनियां की अध्यक्षता एवं सीओ स्काउट महेश कालावत तथा सीओ गाइड सुभिता महला, लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया के विशिष्ट आतिथ्य में स्काउट गाइड कार्यालय परिसर में समारोहपूर्वक संपन्न हुआ।

स्थानीय संघ झुंझुनूं सचिव बंशीलाल ने बताया कि स्थानीय संघ वार्षिक अधिवेशन के दौरान सत्र 2023-24 की उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए आगामी कार्य योजना तैयार की गई तथा कोषाध्यक्ष रामसिंह कुलहरि ने सत्र 2023-24 का वास्तविक एवं चालू सत्र का प्रस्तावित बजट सदन के सम्मुख प्रस्तुत किया। जिसे सदन द्वारा अनुमोदित किया गया। इसी प्रकार स्थानीय संघ मान नगर सचिव धर्मपाल सिंह ने गत सत्र की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। सहायक सचिव विजय गर्वा ने प्रस्तावित बजट सदन में पेश किया। जिसे अनुमोदित किया गया। इस दौरान सीओ गाइड सुभिता महला ने संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड आंदोलन के माध्यम से बालक बालिकाओं में संस्कारों का बीजारोपण किया जाता है।

# खेल जगत



विराट कोहली ने टेस्ट फॉर्मेट में क्रांति लाने का काम किया। अब भारतीय बल्लेबाज बड़े-बड़े मंचों पर नहीं डरते। विदेशी हालातों में अच्छी क्रिकेट खेलते हैं। भारतीय टीम ने विदेशी सरजमीं पर जिस तरह कामयाबी हासिल की है, उसमें विराट कोहली का बड़ा योगदान है। **-रिकी पोंटिंग**

**पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान, विराट कोहली की प्रशंसा की।**

**आज का खिलाड़ी**

### रियान पराग



**इंडिया-ए** के बल्लेबाज रियान पराग ने बल्लेबाजी के दौरान अपने शॉर्ट्स से सबका दिल जीत लिया। उन्होंने इंडिया डी के गेंदबाज विद्वाथ कवरप्पा की ओवरपिच गेंद पर जोरदार छक्का जड़ा है। रियान पराग का ये शॉट सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।ये मैच अनंतपुर के रूरल डेवलपमेंट ट्रस्ट स्टेडियम में खेला जा रहा है। 12वें ओवर में विद्वाथ कवरप्पा ने रियान पराग को ओवरपिच गेंद फेंकी। रियान ने इस गेंद को बड़े छक्के में तब्दील कर दिया। जो सीधा स्टेडियम के बाहर चला गया। ये 12वें ओवर में आया मैच का पहला छक्का था।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था।

## द. अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के लिए राशिद की वापसी

नयी दिल्ली, 12 सितंबर। अफगानिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाली तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए लेग स्पिनर राशिद खान को 17



सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। मुख्य चयनकर्ता अहमद शाह सुलेमानखिल ने बताया मार्च में एकदिवसीय क्रिकेट में पर्दापण करने वाले ऑफ स्पिनर एएम गजनफर को भी टीम में जगह दी गई। राशिद खान चोटिल होने के कारण बीत कुछ समय से टीम से बाहर चल रहे थे उनके ठीक होने के बाद उन्हें टीम में जगह दी गई है। तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज 18 सितंबर से शुरू होगी। सभी मैच शारजाह में खेले जाएँगे। यह पहली बार होगा जब अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका द्विपक्षीय एकदिवसीय सीरीज में आमने-सामने होंगे। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 2019 और 2023 विश्वकप में मुकाबला हुआ था। अफगानिस्तान टीम में हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमत शाह, रहमानुल्लाह गुरबाज, इकराम अलीखिल, अब्दुल मलिक, रियाज हसन, दरवेश रसूली, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, राशिद खान, नांगेयालिया खारोटे, एएम गजनफर, फजलहक फारुकी, बिलाल सामी, नवीद जदरान और फरीद अहमद शामिल होंगे।

## व्हीलचेयर वर्ल्ड हैंडबॉल चैम्पियनशिप में भाग लेगी भारतीय टीम, इजिप्ट में 15 से होगा टूर्नामेंट

जयपुर, 12 सितम्बर। गुरुवार को राजस्थान क्रिकेट अकादमी में भारतीय व्हीलचेयर हैंडबॉल टीम को काहिरा (मिस्त्र) में 15 सितंबर से 22 सितंबर तक होने वाली तीसरी आईएचएफ फोर-ए-साइड व्हीलचेयर हैंडबॉल विश्व चैम्पियनशिप में भाग लेगी। इस भारतीय टीम में जावेद रमजान चौधरी (कप्तान), मोहम्मद लतीफ़ भट, मिनाक्षी हरिचंद्र जाधव, अनिल कुमार काछी, रामावत कोटेश्वर, बसप्पा सुनाधोली, सिद्दप्पा पाटागुंडी, अजीत कुमार शुक्ला, अभिजीत अप्पासाहेब पाटिल, इशरत अख्तर। कोच: आनन्द माने (महाराष्ट्र), प्रियदीप सिंह खंगारोत (राजस्थान)। मैनेजर: कैप्टन लुईस (महाराष्ट्र)। डेलीगेट: साईं कृष्णा हतंगडी (महाराष्ट्र)। हेड ऑफ डेलीगेशन: डा. आनन्देश्वर पांडे (उत्तर प्रदेश) मौजूद होंगे। इससे पूर्व आयोजित विदाई समारोह राजस्थान सरकार के शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग तथा अध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद डा. नीरज के पवन के मुख्य आथित्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर पदमश्री, अर्जुन अवार्डी व ओलम्पियन एथलीट श्रीराम सिंह शेखावत, वित्तीय सलाहकार वीणा गुप्ता, अर्जुन अवार्डी रजत चौहान, ध्यानचंद अवार्डी रामकुमार, महाराणा प्रताप अवार्डी सुरभि मिश्रा, गुरु वशिष्ठ अवार्डी सुब्रत सेन, गुरु वशिष्ठ अवार्डी करण सिंह शेखावत, राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह भी मौजूद थे। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डा. तेजराज सिंह ने बताया भारतीय टीम का कप्तान महाराष्ट्र के जावेद रमजान चौधरी को बनाया गया है। भारतीय टीम गत वर्ल्ड व्हीलचेयर चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रही थी।

## आयरलैंड की महिला टीम ने इंग्लैंड को रोमांचक मुकाबले में हराया

बेलफास्ट, 12 सितंबर। एमी मैगुएर (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद कप्तान गैबी लुईस (72) रनों की शानदार अर्धशतक पारी की बदौलत आयरलैंड की महिला टीम ने इंग्लैंड को रोमांचक एकदिवसीय मुकाबले में हराया दिया है। 154 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की सलामी जोड़ी एमी हंटर और कप्तान गैबी लुईस ने अच्छी शुरुआत की। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिये 51 रन जोड़े। सातवें ओवर में फ्रेया केम्प ने एमी हंडर (18) को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद मैडी विलियर्स ने ओर्ला प्रेंडरगैस्ट (11) को आउट कर दिया। लीह पॉल (22) रन बनाकर आउट हुई। इस दौरान कप्तान गैबी लुईस एक छोर पर डटी रही। नौवें ओवर में 137 के स्कोर पर कप्तान गैबी लुईस के (72) के आउट होने के बाद लगातार तीन और विकेट गिरने से आयरलैंड की टीम संकट में आ गई थी। हालांकि रेबेका स्टोकेल (नाबाद तीन) तथा अलाना डाल्जेल (नाबाद चार) टीम को जीत की ओर ले गई और आयरलैंड ने 22 ओवर में सात विकेट पर 155 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया। इंग्लैंड ने इस हार के बावजूद तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीत ली है। इंग्लैंड की ओर से मैडी विलियर्स ने तीन विकेट लिये। लॉरेन फाइलर को दो विकेट मिले। फ्रेया केम्प ने एक बल्लेबाज को आउट किया। पिछले मैच 275 रनों से करारी हार झेलने के बाद बुधवार की रात तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 22 के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज एम्मा लैम्ब का विकेट गवां दिया। इसके बाद टैमी ब्यूमोंट ने होली आर्मिटेज के साथ दूसरे विकेट के लिये 43 रन जोड़े। होली आर्मिटेज ने (15), पैगे स्कोल्फील्ड (21) और रयाना मैकडोनाल्ड-गे (17) रन बनाकर आउट हुई। टैमी ब्यूमोंट ने (52) रनों की पारी खेली। आयरलैंड के गेंदबाजी कहर के आगे इंग्लैंड के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। आयरलैंड के गेंदबाजों ने इंग्लैंड की पूरी टीम को 20.5 ओवर में 153 के स्कोर पर समेट दिया।

# एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत ने दक्षिण कोरिया को 3-1 से हराया

### एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में लगातार चौथी जीत दर्ज की, हरमनप्रीत ने मुकाबले में 200 वां अंतर्राष्ट्रीय गोल दागा



हुलुनबुइर (चीन), 12 सितंबर। मौजूदा चैंपियन भारत ने गुरुवार को दक्षिण कोरिया को हराकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में लगातार चौथी जीत दर्ज की है। आज यहां चीन के हुलुनबुइर में खेले गये मुकाबले में भारत ने दक्षिण कोरिया को 3-1 से हराया। भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल किए।

भारतीय हॉकी टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। टीम ने पहले मैच में चीन, दूसरे में जापान और तीसरे में मलेशिया को शिकस्त दी थी। भारत का अगला लीग मुकाबला 14 सितंबर को पाकिस्तान के साथ है।

लीग चरण के इस मुकाबले में अरिजीत सिंह हुंदल के आठवें मिनट में किए गए शानदार गोलकर भारत को बढ़त दिलाई। विवेक सागर प्रसाद जोरदार क्रॉस पास को हुंदल ने सर्कल के ऊपर से उठाकर गोल में डाला। इसके बाद हरमनप्रीत ने नौंवे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर बढ़त को दोगुना कर दिया। वहीं कोरिया के यांग जिहुन ने 30वें मिनट में गोल किया। 43वें मिनट में फिर हरमन ने गोल किया। हरमनप्रीत ने मुकाबले में अपना 200वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा। मैच के हीरो भारत के सूरज करकेरा ने कहा, कोरिया को हराना आसान नहीं है, लेकिन आज हमारा मंत्र अच्छा बचाव करना था। दबाव के मामले में कोई दबाव नहीं है क्योंकि कोच ने हमें अपना खेल खेलने की स्वतंत्रता दी है। हमने वर्षों से श्रीजेश के साथ प्रशिक्षण लिया है और हालांकि यह एक बड़ी जिम्मेदारी हैं।



## पैरालिंपिक खिलाड़ियों ने मोदी को कहा परम मित्र मोदी ने पैरालिंपिक खिलाड़ियों से की मुलाकात

नयी दिल्ली, 12 सितंबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से गुरुवार को पेरिस पैरालिंपिक के खिलाड़ियों ने मुलाकात पर कहा कि अन्य लोगों के आप पीएम के रूप में प्रधानमंत्री है तो हमारे लिए तो आप परम मित्र है। आज यहां प्रधानमंत्री आवास पर हुई बातचीत के दौरान श्री मोदी ने पैरालिंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी। इस अवसर पर पेरिस पैरालिंपिक में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों ने श्री मोदी को अपनी-अपनी ओर से टी-शर्ट, जूते और तीर जैसी चीजें उपहार स्वरुप भेंट की। पैरा तीरंदाज हरविंदर सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी को अपना तीर भेंट किया। वहींशीतल देवी ने अपने हस्ताक्षर वाली टी शर्ट प्रधानमंत्री को भेंट की। वहीं भाला फेंक चैंपियन पैरा एथलीट नवदीप सिंह ने प्रधानमंत्री को कैप पहनाई। भारतीय खेल प्राधिकारण (साई) ने प्रधानमंत्री मोदी और पैरालंपियन खिलाड़ियों के साथ मुलाकात का वीडियो साझा किया। इस दौरान खिलाडियों ने कहा कि जब लोग हमसे पूछते है कि आपका ब्रांड एम्बेसडर कौन है तो हम बताते है। हमारे ब्रांड एम्बेसडर प्रधानमंत्री मोदी है।

## इशान किशन का शतक, इंडिया-सी बड़े स्कोर की ओर

### पहले दिन का खेल समाप्त होने पर इंडिया-सी ने पांच विकेट पर 357 रन बनाए



अनंतपुर, 12 सितंबर। इंडिया सी ने अच्छी शुरुआत के बाद मध्यक्रम के बल्लेबाज इशान किशन (111) की शतकीय और बाबा इन्द्रजीत (78) रनों अद्धर्शतकीय पारियों की बदौलत गुरुवार को दलीप ट्रॉफी के चौथे मुकाबले में इंडिया बी के खिलाफ बड़े स्कोर की ओर कदम बढ़ा दिया है। आज यहां इंडिया बी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया सी ने अच्छी शुरुआत के पहले विकेट लिये 96 रन जोड़े। नवदीप सैनी ने रजत पाटीदार (40) को बोल्ड कर इंडिया बी को पहली सफलता दिलाई। स्कोर में मात्र एक रन के इजाफे के बाद मुकेश कुमार ने साई सुदर्शन (43) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद इशान किशन और बाबा इन्द्रजीत ने पारी को संभला और दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिये 189 रनों की साझेदारी हुई।

बाबा इंद्रजीत को राहुल चाहर ने (78) पर आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।अभिषेक पोरेल (12) रन बनाकर आउट हुये। पांचवें विकेट के रूप में इशान किशन को (111) पर मुकेश कुमार ने बोल्ड आउट किया। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर इंडिया सी ने पांच विकेट पर 357 रन बना लिये है ।

## नेशनल ताइक्वांडों में हुसैन मेहंदी ने जीता स्वर्ण

लखनऊ, 12 सितम्बर। यूनिटी कालेज के कक्षा 12 के छात्र हुसैन मेहदी ने कोयम्बटूर स्थित पोताची के दिशा ए लाइफ स्कूल में सात से 11 सितम्बर तक आयोजित सीआईएससीई नेशनल ताइक्वांडो के सीनियर हैवी वेट में स्वर्ण पदक जीता है। मेहदी चौक स्टेडियम में कोच विकास यादव के नेतृत्व में करीब आठ वर्षों से ताइक्वांडो के गुर सीख रहे हैं। स्वर्ण पदक जीतने पर कोच विकास ने फोन पर हुसैन मेहदी, उनके परिवार और स्कूल प्रशासन को बधाई दी। सीआईएससीई नेशनल ताइक्वांडो में स्वर्ण पदक जीतने और एसजीएफआई में खुद के नाम का एलान होने के बाद हुसैन मेहदी ने अपनी जीत का श्रेय कोच विकास तिवारी, माता-पिता और यूनिटी कालेज प्रशासन को दिया। गौरतलब है कि हैवी वेट के खिलाड़ी हुसैन मेहदी ने नेशनल ताइक्वांडो की पहली फाइट में पंजाब के फाइटर को एकतरफा मुकाबले में 12-0 अंकों से हराकर सेमीफाइनल में दस्तक दी। सेमीफाइनल में उन्हें पहले राउंड में गुजरात से अंक कम होने की वजह से शिकस्त देखनी पड़ी। हालांकि दूसरे राउंड में प्रतिद्वंद्वी पर आक्रामक खेल खेलते हुए 6-1 और तीसरे राउंड में 7-1 अंको से जीत दर्ज कर खिताबी दौर में पहुंच गये। जहां उनका मुकाबला बिहार- झारखण्ड से हुआ। खिताबी फाइट के चंद पल ही गुजरे थे कि हुसैन मेहदी ने प्रतिद्वंद्वी को नॉकआउट मारकर खिताब जीत लिया।

## शतरंज ओलिंपियाड में भारत की शानदार शुरुआत, प्रज्ञानानंदा और वैशाली चमके

नई दिल्ली, 12 सितम्बर। भारतीय पुरूष टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड में शानदार शुरूआत करते हुए मोरक्को को 4.0 से हराया जबकि महिला टीम ने जमैका पर 3.5 .0.5 से जीत दर्ज की। विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने पहले दौर से ब्रेक लिया है।



आर प्रज्ञानानंदा ने शुरूआत करते हुए तिसिर मोहम्मद को हराया। विदित गुजराती, अर्जुन एरिगेसी और पी हरिकृष्णा ने भी अपने अपने मुकाबले जीते। महिला वर्ग में आर वैशाली और तानिया सचदेव ने पहले टाइम कंट्रोल में ही जीत दर्ज कर ली जबकि दिव्या देशमुख को जीत के लिये पसीना बहाना पड़ा। वहीं वंतिका अग्रवाल ने ड्रॉ खेला। अन्य मुकाबलों में अमेरिका ने पनामा को 3.5, 0.5 से हराया।

ओपन वर्ग में 99 टीमों ने जीत के साथ शुरूआत करके दो दो अंक बनाये। प्रज्ञानानंदा ने मोरक्को के मोहम्मद को मात दी जबकि गुजराती ने ओखिर मेहदी पियरे को हराया। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज एरिगेसी ने भी जाक एलबिलिया के खिलाफ अपना मुकाबला मजबूती से जीता। हरिकृष्णा को अनस मोसियाद ने चुनौती दी लेकिन खेल की उनकी गहरी समझ प्रतिद्वंद्वी पर भारी पड़ी। पुरूष टीम अगले दौर में आइसलैंड से खेलेगी। महिला वर्ग में वैशाली को एडानी क्लार्क के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए कोई दिक्कत नहीं आई। डी हरिका को आराम दिया गया था। तानिया सचदेव ने भी गैब्रियला वाटसन पर आसानी से जीत दर्ज की। विश्व जूनियर बालिका चैम्पियन दिव्या ने रचेल मिलेर के खिलाफ बराबरी के मुकाबले में बाजी मारी। वंतिका ने हालांकि रेहाना ब्राउन से ड्रॉ खेला। महिला वर्ग में 178 टीमें भाग ले रही हैं।



## ट्रेविस हेड के तूफान में उड़े अंग्रेज

### हेड ने 19 गेंदों में जड़ा अर्द्धशतक, ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 28 रनों से हराया

नई दिल्ली, 12 सितम्बर। ट्रेविस हेड के 19 गेंद में अर्धशतक के दम पर आस्ट्रेलिया ने तीन टी20 मैचों की श्रृंखला के उद्घाटन मैच में इंग्लैंड को 28 रन से हरा दिया। आस्ट्रेलियाई टीम पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर तीन गेंद बाकी रहते 179 रन पर आउट हो गई। पावरप्ले में आस्ट्रेलिया ने 86 रन बनाये थे और दस ओवर के बाद स्कोर दो विकेट पर 118 रन था। एक समय लग रहा था कि आस्ट्रेलिया 200 का आंकड़ा पार करेगा। हेड ने 19 गेंद में अर्धशतक जमाते हुए 59 रन बनाये जिसमें आठ चौके और चार छक्के थे। इंग्लैंड को चोटिल कप्तान जोस बटलर की कमी खली। उसने चार विकेट 52 रन पर गंवा दिये। इसके बाद लियाम लिविंगस्टोन (37) और सैम कुरेन (18) ने वापसी की कोशिश करते हुए पांचवें विकेट के लिये 54 रन की साझेदारी की। इंग्लैंड ने इसके बाद दस गेंद के भीतर तीन विकेट गंवा दिये जिससे स्कोर सात विकेट पर 113 रन हो गया। पूरी टीम चार गेंद बाकी रहते 151 रन पर आउट हो गई। बाकी दो मैच कार्डिफ में शुक्रवार को और मैनचेस्टर में रविवार को खेले जायेंगे। इसके बाद पांच मैचों की वनडे श्रृंखला होगी।

## शम्स मुलानी और तनुष कोटियान ने इंडिया-ए की पारी को संभाला

### पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद इंडिया-ए ने आठ विकेट पर 288 रन बनाए



अनंतपुर, 12 सितंबर। शम्स मुलानी (नाबाद 88) और तनुष कोटियान (53) रनों की अर्धशतकीय पारियों के दम पर गुरुवार को एक समय 144 रन पर छह विकेट गवांने के बाद संकट में फंसी इंडिया ए की मैच में वापसी कराई। आज यहां इंडिया डी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और उसके गेंदबाजों ने इस फैसले का सही साबित करते हुए इंडिया ए के 144 के स्कोर पर छह विकेट विकेट चटकाते हुए उसे संकट में डाल दिया।

प्रथम सिंह (सात), मयंक अग्रवाल (सात), तिलक वर्मा (10), रियान पराग (37) और कुमार कुशाग्र (28) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे समय में निचले क्रम में बल्लेबाजी करने आये शम्स मुलानी और तनुष कोटियान ने न केवल पारी को संभाला और रन भी बटोरे। तनुष कोटियान (53) और प्रसिद्ध कृष्णा (आठ) रन बनाकर आउट हुये। पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय इंडिया ने आठ विकेट पर 288 रन बना लिये है और शम्स मुलानी (नाबाद 88) और खलील अहमद (नाबाद 15) क्रीज पर है। इंडिया डी की ओर से हर्षित राणा, विधवत कावेरप्पा और अर्शदीप सिंह ने दो-दो विकेट लिये। सारांश जैन और सौरभ कुमार ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## मांडविया और लिएंडर पेस ने खेलों में देश के प्रदर्शन को और बेहतर बनाने पर की चर्चा

नयी दिल्ली, 12 सितंबर। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेमर लिएंडर पेस के साथ



भारत में खेलों के भविष्य और ओलंपिक/ पैरालिंपिक में देश के प्रदर्शन को और बेहतर बनाने की रणनीति पर चर्चा की। इस बैठक के दौरान देश में खेलों की मजबूत नींव बनाने, जमीनी स्तर की प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें बढ़ावा देने पर बल दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने महत्वाकांक्षी एथलीटों को विश्व स्तरीय सुविधाएं, कोचिंग और प्रतिस्पर्धी अवसर के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट का चौथा दिन भी बारिश में धुला

### नोएडा में सुबह से बारिश जारी, मैदान पर पानी भरा, कल फिर निरीक्षण होगा



नोएडा, 12 सितम्बर। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच ग्रेटर नोएडा में होने वाला क्रिकेट टेस्ट मैच चौथे दिन भी शुरू नहीं हो सका। गुरुवार सुबह से , ग्रेटर नोएड सहित दिल्ली के कई हिस्सों में बारिश हो रही है। ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के मैदान पर पानी भर गया है। इस कारण अंपायर्स ने चौथे दिन का खेल रद्द करने का फैसला किया। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने बताया, अगर मौसम साफ रहा तो अंपायर्स शुक्रवार, 13 सितंबर को सुबह एक बार फिर मैदान का निरीक्षण करेंगे। उसके बाद फैसला होगा कि मुकाबला रद्द किया जाए या नहीं। वहीं, ग्राउंड से जुड़े सूत्र बतातें हैं कि आने वाले कुछ दिनों तक मैदान सूखना मुश्किल है। शुरुआती 3 दिनों का खेल भी रद्द हो चुका है। अब तक इस एकमात्र टेस्ट का टॉस भी नहीं हो सका है।

## भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए बांग्लादेश की टीम घोषित चोटिल शोरिफुल इस्लाम की जगह बल्लेबाज जाकेर अली को टीम में जगह दी

ढाका, 12 सितंबर। बांग्लादेश ने भारत के साथ होने वाले दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम की जगह बल्लेबाज जाकेर अली को 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया है। बांग्लादेश के चयनकर्ताओं ने पाकिस्तान दौरे पर गई टीम में एक बदलाव करते हुए चोटिल शोरिफुल इस्लाम की जगह बल्लेबाज जाकेर अली को टीम में जगह दी है। जाकेर ने एशियाई खेल 2023 में बांग्लादेश के लिए पदार्पण करने के बाद कुल 17 टी-20 खेले हैं, हालांकि उन्हें अब तक टेस्ट में खेलने का मौका नहीं मिला है। उन्होंने अब तक कुल 49 प्रथम श्रेणी मैच में चार शतक लगाते हुए 41.47 की औसत से रन बनाए हैं। भारत के साथ होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए बांग्लादेश की टीम इस प्रकार है:- नजमुल हसन शान्तो (कप्तान), शादमन इस्लाम, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिटन दास, मेहदी हसन मिराज, खालिद अहमद, तसकीन अहमद, हसन महमूद, तैजुल इस्लाम, महमुदुल हसन जॉय,नाहिद राणा नईम हसन और जाकेर अली मौजूद होंगे।

## महंत कैलाश शर्मा ने की राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ की वेबसाइट लांच

### खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों व रेफरीज का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

जयपुर, 11 सितम्बर। बुधवार को जयपुर में मोटी डूँगरी गणेश मंदिर प्रांगण में मंदिर के महंत कैलाश शर्मा ने राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ की वेबसाईट लांच की। इस अवसर पर यूनियन फुटबॉल क्लब, जयपुर के अध्यक्ष प्रताप भानु सिंह शेखावत, हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डा. तेजराज सिंह खंगारोत, राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह व भारतीय हैंडबॉल टीम के कोच प्रियदीप सिंह भी मौजूद थे।



यश प्रताप सिंह ने बताया कि इस वेबसाइट के माध्यम से सभी हैंडबॉल खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों व रेफ़रीज़ को रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ेगा। अब से सभी स्टेट चैम्पियनशिप्स मिनी, सब जूनियर, जूनियर व सीनियर में केवल रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही भाग ले सकता है। इस रजिस्ट्रेशन से सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों व रेफ़रीज़ को पिन नंबर मिलेगा। बिना पिन नंबर वह किसी भी टूर्नामेंट में भाग नहीं ले सकता।

उन्होंने बताया कि इस वेबसाइट में राज्य हैंडबॉल संघ के इतिहास के साथ साथ उपलब्धियों, पदाधिकारियों की सूची, ज़िला संघों की जानकारी, महाराणा प्रताप व गुरु वशिष्ठ पुरस्कार विजेताओं के नाम आदि की भी जानकारी है। यश प्रताप सिंह ने बताया कि राजस्थान का मूल निवासी ही इसमें रजिस्टर्ड हो सकेगा। इस वेबसाइट के माध्यम से ही खिलाड़ी स्वयं अपना राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का सर्टिफिकेट ऑनलाइन निकाल सकेगा। उन्होंने बताया कि राजस्थान में हैंडबॉल की समस्त जानकारी इस वेबसाइट . के माध्यम से ही मिलेगी। हैंडबॉल खेल से जुड़े सभी खिलाड़ी, कोच, रेफ़रीज़, मान्यता प्राप्त ज़िला संघ व अकादमी के खिलाड़ी इस वेबसाइट को फॉलो करते रहे।

# गहलोत के अंधे विरोध के कारण ई.आर.सी.पी. प्रोजैक्ट बरसों लटका और अनाप-शनाप महंगा हो गया

## लागत अनाप-शनाप बढ़ गई, क्योंकि राज्य सरकार के पास पैसा नहीं था इसलिए केवल प्रावधान करके छोड़ दिया और प्रोजैक्ट को टालते रहे

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 सितम्बर। पूर्वी राजस्थान के तेरह जिलों की ई.आर.सी.पी. योजना को पांच साल तक लटकाने का काम अशोक गहलोत ने किया था, वरना जोधपुर सांसद और उस समय के जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की सलाह मानकर ई.आर.सी.पी. को मोदी सरकार के समय घोषित नदी जोड़ो परियोजना पी.के.सी. (पार्वती कालीसिंध चंबल) के साथ जोड़ने की सहमति दे दी होती तो मोदी सरकार को इसे राष्ट्रीय योजना घोषित करना पड़ता और 90 प्रतिशत पैसा केन्द्र से आता एवं आज ई.आर.सी.पी. का आधे से ज्यादा काम पूरा हो चुका होता क्योंकि तब मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी सहमति दे दी होती जैसे कि आज मोहन यादव ने दी है।

राजा जब व्यक्तिगत जिद का रास्ता अख्तियार कर ले तो प्रजा के हित को सर्वोपरि न माने तो वही हालत होती है जो आज इन तेरह जिलों की जनता की हो रही है।

बहरहाल, अशोक गहलोत ने जिद में चुनावी साल में ई.आर.सी.पी. कॉरपोरेशन की घोषणा की और 9000 करोड़ के बजट की घोषणा कर दी जबकि वित्त विभाग ने इस कॉरपोरेशन को फूटी कौड़ी भी नहीं दी और सिंचाई विभाग को अपने स्तर पर फंड का इंतजाम करने को कहा। सिंचाई विभाग ने कई बांधों के पीछे जमा सैंड को निकालकर कंपनी को बेचने का ठेका जारी किया जिसकी शुरुआत बीसलपुर से हुई और 2900 करोड़ के ठेके में भ्रष्टाचार के आरोप लगे। डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने उस समय आरोप लगाए और वर्तमान विधानसभा में सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली ने भी मुद्दा उठाया।

- उन्होंने केन्द्र सरकार की मदद शायद इसलिए ठुकराई, क्योंकि तब जोधपुर के सांसद गजेन्द्र सिंह शेखावत केन्द्र सरकार में जल संसाधन मंत्री थे और गहलोत को लगता था कि इस पर शेखावत को वाहवाही मिलेगी।
- फिर, गहलोत ने चुनावी साल के अपने बजट में 9,000 करोड़ रूपए के प्रावधान के साथ ई.आर.सी.पी. कॉरपोरेशन की घोषणा कर दी, पर, वित्त विभाग ने एक फूटी कौड़ी भी आवंटित नहीं की और सिंचाई विभाग को अपने स्तर पर बजट जुटाने को कहा गया।
- इसके बाद शुरु हुआ जमीनों और रेत बेचने का सिलसिला और भारी भ्रष्टाचार का खेल। सार यह है कि ई.आर.सी.पी. को गहलोत ने राजनैतिक खिलौना बना डाला व चहेती कम्पनियों को फायदा पहुंचाने का प्रयास किया।

इतना ही नहीं गहलोत सरकार शहरों के बीच स्थित सिंचाई विभाग की बेशकीमती जमीनें नीलाम करने की विज्ञप्तियां जारी करने लगी क्योंकि वह केन्द्र सरकार की सहायत बिना 50000 करोड़ की योजना का काम शुरू करना चाहती थी जबकि गहलोत को अच्छी तरह केन्द्र की सहायता के बिना इतनी बड़ी परियोजना का काम सुचारू रूप से आगे बढ़ाना संभव नहीं है।

इसी जिद में गहलोत ने दो बांध और कुछ नहरों के निर्माण का टेंडर आमंत्रित कर लिया और जेब में नहीं होने के कारण एच.ए.एम. मॉडल पर टेंडर आमंत्रित किए। इस मॉडल में सब कुछ डिजाइन कंपनी को करना है लेकिन सरकार काम पूरा होने तक 40 प्रतिशत पैसा देगी जबकि 60 प्रतिशत पैसा सरकार इस अवधि से 20 साल तक ब्याज के साथ हर साल देगी। आखिर करोड़ों रुपए का यह ब्याज जनता क्यों भुगतने जा रही है जब केन्द्र सरकार अब एम.ओ.यू. करवा चुकी है और 90 प्रतिशत राशि केंद्र देने को तैयार दिखाई दे रहा है।

लब्बोलुआब यही है कि ई.आर.सी.पी. को एक राजनीतिक खिलौना तो गहलोत बना ही चुके हैं लेकिन इसके साथ ही एक बड़ी कंपनी के साथ सांठगांठ करके उसे भारी आर्थिक लाभ देने के टेंडर की प्रक्रिया भी शुरू कर गए, जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा किया गया कार्टेल साफ दिखाई देता है।

## डॉ. मोहन भागवत 13 से जयपुर प्रान्त के प्रवास पर

जयपुर, 12 सितंबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, जयपुर प्रांत में प्रवास के क्रम में 13 सितंबर, शुक्रवार शाम को अलवर पहुंचेंगे। वे 17 सितंबर तक अलवर रहेंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जयपुर प्रांत के प्रांत संघचालक महेन्द्रसिंह मग्गो ने बताया कि डॉ. भागवत इस दौरान विभिन्न संगठनात्मक बैठकों में सम्मिलित होंगे और दायित्ववान कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। पन्द्रह सितंबर को प्रात: इंदिरा गांधी खेल मैदान में स्वयंसेवकों के एकत्रिकरण कार्यक्रम में उद्बोधन देंगे। तत्पश्चात् 17 सितंबर को अलवर से पावटा जाएंगे, जहां महामृत्युंजय महायज्ञ में सम्मिलित होंगे। इसी दिन शाम को पावटा से प्रस्थान करेंगे।

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सूत्रों ने बताया कि डॉ. भागवत 13 से 17 सितम्बर तक जयपुर प्रान्त में प्रवास पर रहेंगे और संगठन के कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

प्रांत संघचालक ने बताया कि कार्यकर्ताओं के प्रबोधन और उनकी संभाल की दृष्टि से सरसंघचालक का देशभर में नियमित प्रवास होता है। इसी क्रम में जयपुर प्रांत का प्रवास है। सन् 2025 में आ रहे संघ के शताब्दी वर्ष में संघ कार्य के विस्तार एवं समाज परिवर्तन के कार्यों को गति प्रदान करने और कार्यकर्ताओं का प्रबोधन जैसे विषयों पर भी वे चर्चा करेंगे।

# 'प्र.मंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की बात मनगढ़ंत'

## भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमें बांग्लादेश से शेख हसीना के प्रत्यर्पण का कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है

नयी दिल्ली 12 सितंबर (वार्ता) सरकार ने बंगलादेश की अंतरिम सरकार की ओर से देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण के अनुरोध की रिपोर्ट को 'काल्पनिक' करार दिया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यहां नियमित ब्रीफिंग में श्रीमती हसीना को प्रत्यर्पित किये जाने संबंधी ढाका से आ रहीं रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया पूछे जाने पर कहा, 'हमने पहले भी कहा है कि ये सवाल काल्पनिक है। जहां तक श्रीमती हसीना की स्थिति का सवाल है तो बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बहुत कम समय के नोटिस पर सुरक्षा के संदर्भ में यहां आयीं थीं। इससे अधिक हमें कुछ नहीं कहना है।'

जायसवाल से पूछा गया था, 'क्या भारत सरकार को बंगलादेश से श्रीमती हसीना के प्रत्यर्पण का कोई अनुरोध मिला है? यदि ऐसा अनुरोध आता है तो भारत सरकार का क्या कदम होगा? तथा श्रीमती हसीना की अभी क्या स्थिति है, क्या वह राजनीतिक शरणार्थी हैं?'

ढाका में स्थानीय मीडिया में ऐसी रिपोर्टें आयीं हैं जिनमें अंतरिम सरकार के नेताओं के हवाले से कहा जा रहा है कि श्रीमती हसीना को भारत से प्रत्यर्पित कराया जाएगा।

- भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि शेख हसीना बहुत ही शॉर्ट नोटिस पर भारत आईं थीं। इस मामले में भारत अब कोई भी टिप्पणी नहीं करना चाहता।

पिछले माह पांच अगस्त को बंगलादेश में छात्र आंदोलन अनियंत्रित होने के बाद सेना के हाथ खड़े कर देने के बाद श्रीमती हसीना को अचानक इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा था। वह बंगलादेश वायुसेना के विमान से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के हिंडन वायुसैनिक अड्डे पर पहुंची थीं। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने हवाईअड्डे पर उनसे मुलाकात की थी। तब से श्रीमती हसीना यहां अज्ञात स्थान पर रह रहीं हैं।

## ममता बनर्जी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लाने की माँग चल रही है। तृणमूल कांग्रेस के कुछ सदस्य ने केवल ममता बनर्जी की जगह उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी को मुख्यमंत्री बनाने की माँग की।

ज्ञातव्य है कि अभिषेक बनर्जी पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों को कार्यकारी पदों से हटाकर उनके स्थान पर युवा चेहरों को लाने के लिए अभियान चलाते आए हैं।

आज आंदोलनरत जूनियर डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री के साथ मीटिंग के लिए मना कर दिया। उनका कहना है कि इस मीटिंग का डायरैक्ट टैलिकास्ट होना चाहिए, जिसके बिना वो मुख्यमंत्री से नहीं मिलेंगे। ममता बनर्जी की हरकतों से भली-भाँती परिचित जूनियर डॉक्टरों ने, समस्त कार्यवाही का टी.वी. पर लाइव टैलिकास्ट किए बिना मुख्यमंत्री से मुलाकात से इन्कार कर दिया। ममता बनर्जी ने टी.वी. चैनलों पर मीटिंग रिकॉर्ड करवाने से इन्कार कर दिया।

जूनियर डॉक्टर इस बात से बखूबी परिचित हैं कि मुख्यमंत्री मीटिंग के ब्योरे को अपने हिसाब से तोड़फकर तथा भ्रामक तरीके से जनता के समक्ष प्रस्तुत करेंगी। इसलिए, डॉक्टर लाइव टैलिकास्ट की माँग कर रहे हैं।

मेडिकल समुदाय अभूतपूर्व एकता प्रदर्शित कर रहा है तथा आज तो राज्य के सीनियर डॉक्टरों ने भी जूनियर डॉक्टरों के साथ खड़े होने के अपने निर्णय की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार उनकी माँगों के आगे नहीं झुकती है तो सीनियर्स भी काम रोक देंगे तथा उनका साथ देंगे।

मेडिकल समुदाय ने सर्वोच्च न्यायालय के उस आदेश की खुली अवज्ञा दर्शा दी है, जिसमें उन्हें काम पर लौटने के निर्देश दिए गए थे। सर्वोच्च न्यायालय ने इस केस को अपनी ओर से ही कलकत्ता उच्च न्यायालय से ले लिया था तथा डॉक्टरों को उनका काम फिर से शुरू कर देने के निर्देश दिए थे।

लेकिन जूनियर डॉक्टरों ने अपना आन्दोलन जारी रखा तथा अपनी पाँच सूत्रीय माँग को पूरी तरह स्वीकार किए जाने की माँग पर जमे रहे। उनकी मुख्य माँग यह है कि कोलकात्ता के आर.जी.कार मेडिकल कॉलेज में एम.डी. की तैयारी कर रही उनकी युवा सहकर्मी लेडी डॉक्टर के हत्यारों की पहचान तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जाँच की जाये।

इस जूनियर डॉक्टर को भयंकर यातनाएं दी गई थीं तथा उसकी हत्या कर दी गई थी। लेकिन उलझाने वाली बात यह है कि राज्य सरकार ने वह सब करने की कोशिश कीं, जो वह साक्ष्यों को नष्ट करने तथा इस केस को दबा देने के लिए कर सकती थी।

चूँकि ममता बनर्जी मुख्यमंत्री होने के साथ ही, पुलिस मन्त्री तथा स्वास्थ्य मन्त्री भी हैं, इसलिए रेप और मर्डर के केस की जाँच-पड़ताल तथा साक्ष्यों के रखरखाव की मुख्य जिम्मेदारी उनकी ही बनती है। मृत डॉक्टर के शव का अन्तिम संस्कार आनन-फानन में कर दिया गया तथा साक्ष्यों को समाप्त करने के लिए, अपराध-स्थल को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया।

केस की जाँच की जिम्मेदारी सी.बी.आई. को सौंप दी गई, जो कि स्थानीय पुलिस पर विश्वास के अभाव का प्रतीक है। लेकिन एक महीने के बाद भी, एक पैरा पुलिसकर्मी के अलावा, हत्या में लिप्त एक भी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं हुई है। वस्तुत: पैरा पुलिस की सम्भावित लिप्तता के बारे में परस्पर विरोधी बातें सामने आ रही है तथा अलग-अलग समय पर अलग-अलग बातें कहीं गई हैं।

सर्वोच्च न्यायालय की तीन जजों की बैंच द्वारा स्वत: संज्ञान लेकर सुने गए इस केस में, बैंच द्वारा दिए गए फैसले को लेकर पूरा मेडिकल समुदाय किसी भी स्थिति तक जाने की मुद्रा में है।

## 'उन्हें ढोल-ताशे बजाने दो'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 सितम्बर। सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एन.जी.टी. वैस्टर्न घाट ज़ोन बैंच) के उस आदेश पर स्टे दे दिया, जिसमें पुणे में भगवान गणेश की मूर्ति के विसर्जन के धार्मिक कार्यक्रम के दौरान ढोल-ताशे-झांझ समूहों में 30 लोगों की अधिकतम सीमा तय कर दी गई थी।

महाराष्ट्र सरकार, पुणे प्रशासन, महाराष्ट्र प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड तथा अन्य को नोटिस जारी करते हुए, मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चन्द्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी.पारदीवाला तथा मनोज मिश्रा की बैंच ने कहा, "लोगों को ढ़ोल-ताशा बजाने दो, यह तो पुणे की भावनाओं से जुड़ा आयोजन है।"

ग्रीन ट्रिब्यूनल की वैस्टर्न घाट ज़ोन बैंच के आदेश पर स्टे देते हुए, अदालत ने कहा, "(एन.जी.टी. के) निर्देशों से वे लोग प्रभावित होंगे, जो गणेशोत्सव के दौरान ढोल-ताशे बजाते हैं। एन.जी.टी. की निर्देश संख्या 4 पर स्टे रहेगा। उन्हें ढोल-ताशे बजाने दो। यह पुणे की भावनाओं से जुड़ा आयोजन है।"

- सुप्रीम कोर्ट ने पुणे में गणेश विसर्जन के दौरान ढोल ताशे बजाने वाले समूहों में 30 से ज्यादा लोग नहीं होने के नैशनल ग्रीन ट्रिब्युनल के आदेश पर रोक लगा दी है।

याचिकाकर्ताओं, जिनमें 'युवा वाद्य पाठक ट्रस्ट' भी शामिल है, की ओर से प्रस्तुत एडवोकेट ने कहा कि 'ढोल-ताशे' का पुणे के गणेश उत्सव के लिए बहुत बड़ा सांस्कृतिक महत्व है। इस उत्सव को होते 100 वर्ष से अधिक समय हो गया।

30 अगस्त को, एन.जी.टी. की वैस्टर्न घाट ज़ोन बैंच ने आदेश दिए थे कि निर्देशों के एक हिस्से के रूप में, पुणे के विसर्जन जुलूस के दौरान तथा गणेश-पांडालों के इर्द-गिर्द शोर की मॉनिटरिंग हो, जिससे न सितम्बर से शुरू हुए इस 10 दिवसीय गणेशोत्सव के दौरान ध्वनि प्रदूषण नियन्त्रित रहे।

एन.जी.टी. ने लाउडस्पीकरों पर नियन्त्रण लगाते हुए कहा था कि एक पंडाल में कुल 100 वॉट की क्षमता से ज्यादा लाउडस्पीकर नहीं होंगे। इसके अलावा, टोल (धातुनिर्मित अत्यधिक शोर करने वाली यूनिट) तथा डी.जे. सैट भी विसर्जन जुलूसों में निषिद्ध होंगे। अन्य निर्देशों में, ढोल-ताशा-ज़ंग बजाने वाले किसी भी ग्रुप में 30 से ज्यादा लोग नहीं होने का निर्देश शामिल था।

# 'फॉरैन्सिक लैब्स में पैन्डिंग 18,282 केस प्रदेश के किस-किस क्षेत्र से संबंधित हैं?'

## हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब तलब किया

जयपुर, 12 सितबर (का.सं.)। हाईकोर्ट ने गृह विभाग से पूछा है कि इस वर्ष 31 अगस्त तक प्राप्त डी.एन.ए. सैंपल में से कितने प्रकरणों में जांच रिपोर्ट दस दिन के बाद दी गई। इसके अलावा भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता के प्रावधानों के तहत क्या प्रदेश में विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं की संख्या में वृद्धि और उनमें प्रशिक्षित विशेषज्ञ व मानव संसाधनों को बढ़ाने के लिए कोई एक्शन प्लान तैयार किया गया है।

गौरतलब है कि अदालत में एक जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान फॉरेंसिक साईंस लैब (एफ.एस.एल.) द्वारा लम्बे समय तक रिपोर्ट जारी नहीं किये जाने के कारण लैबों की गुणवत्ता व मापदंड सुधारने के संबंध में स्वत: संज्ञान लिया और सरकार को आदेश जारी किये गये थे।

इस संबंध में गत 1 अप्रैल को हाईकोर्ट की खंडपीठ के समक्ष राज्य सरकार ने शपथ पत्र पेश कर कहा था कि प्रदेश में 18282 ऐसे प्रकरण हैं जहां एफ.एस.एल. रिपोर्ट लंबित है। सितम्बर माह के पहले सप्ताह में हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार से पूछा कि 18282 मामले किन-किन क्षेत्रों में लंबित हैं। यह स्पष्ट करने के लिये कि किस क्षेत्र में एफ.एस.एल. की रिपोर्ट के सबसे ज्यादा मामले लंबित हैं और क्यों। सी.जे. एम.एम. श्रीवास्तव और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश इस संबंध में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान में एकल पीठ की ओर से भेजे जमानत प्रकरण पर सुनवाई करते हुए दिए।

- हाई कोर्ट ने एफ.एस.एल. की रिपोर्ट जारी नहीं किए जाने तथा लैब्स की गुणवत्ता व मापदंड सुधारने के लिए स्वत: संज्ञान लेते हुए गृह मंत्रालय से जवाब तलब किया है।
- हाई कोर्ट ने पूछा कि भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता के प्रावधानों के तहत प्रदेश में फॉरेन्सिक लैब्स की संख्या बढ़ाने, उनमें प्रशिक्षित विशेषज्ञ लगाने के बारे में सरकार का क्या एक्शन प्लान है।

अदालत ने कहा कि पूर्व में राज्य सरकार की ओर से पेश शपथ पत्र से पता चलता है कि नमूनों के डी.एन.ए. परीक्षण के लिए कोई मानक समय निर्धारित नहीं है। प्रयोगशालाओं के वैज्ञानिकों की ओर से औसतन पांच से सात दिन का समय लिया जा रहा है, उल्लेखनीय है कि जघन्य अपराधों के मामलों में सैंपल की अधिक दिनों तक जांच नहीं होने पर वह जांच योग्य नहीं रहता। सरकार ने अपने जवाब में आगे कहा कि जघन्य अपराधों के मामलों को प्राथमिकता से लिया जा रहा है। वहीं इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए 50 संविदाकर्मी लगाए गए हैं और नियमित पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है।

गौरतलब है कि एकलपीठ ने इस मामले में स्वत: संज्ञान लेने के आदेश इसलिये दिये थे क्योंकि जमानत के आवेदन पर सुनवाई करने के मामलों में भी एफ.एस.एल. रिपोर्ट सही समय पर पेश नहीं की जा रही थी।

उल्लेखनीय है कि निचली अदालतों में जघन्य अपराधों के संबंध में मामलों में तो अंतिम फैसले सुनाये जाने तक एफ.एस.एल. रिपोर्ट पेश नहीं होती थी, जिससे अपराधी को पकड़ने या निर्दोष को जमानत देने तक के फैसले लंबित रहते हैं।

बहरहाल राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के समक्ष दिये गये अपने जवाब में कहा है कि प्रदेश में छह क्षेत्रीय प्रयोगशालाएं और एक राज्य स्तरीय प्रयोगशाला कार्यरत है।

अदालत ने राज्य सरकार को चार सप्ताह का समय दिया है और कहा है कि वह भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता के प्रावधानों को देखते हुए गृह विभाग में लंबित प्रकरणों और एफ.एस.एल. के संसाधनों को लेकर जानकारी पेश करें और यह बताये कि वह इस संबंध में कोई एक्शन प्लान लागू कर रही है कि नहीं।

## अशोक गहलोत ने सभी घोड़े...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तक चलेगा तथा इसमें उन्हें ज्यादा श्रम करने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी।

हरियाणा चुनावों के लिए वित्त-पोषण का काम हूड्डा कर रहे हैं, इसलिए उन्हें धन की भी आवश्यकता नहीं है। सामान्य रूप से, मुख्यमन्त्री को ही पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाता है, जिससे वे चुनावों के लिए पैसे की व्यवस्था करके, इस मामले में पार्टी की मदद कर सकें।

गांधी परिवार उन्हें समायोजित करने मूड में नहीं है, हालाँकि सूत्रों का कहना है कि वे प्रियंका गांधी से सम्पर्क बनाए हुए हैं तथा वे यदा-कदा उनकी बात सुन लेती हैं।

सचिन पायलट और जितेन्द्र सिंह के ए.आई.सी.सी. में महासचिव पदों पर होने के कारण, गहलोत को अपना रास्ता मुश्किल प्रतीत हो रहा है।

तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ गहलोत के विद्रोह के बाद, सोनिया गांधी तथा राहुल - दोनों ही उनसे अच्छे-खासे नाराज हैं तथा उन पर भरोसा करने के मूड में नहीं हैं।

अशोक गहलोत सत्ता के भूखे नेता के रूप में सामने आए थे, जो अपने मुख्यमंत्री पद को बनाए रखने की खातिर, किसी भी हद पर रुकने के लिए तैयार नहीं थे।

वे ऐसा तब तक करते रहे, जब तक राजस्थान की जनता ने उन्हें हरा नहीं दिया।

उसके बाद, उनके पुत्र वैभव भी लोकसभा चुनाव हार गए थे।

गहलोत गांधी परिवार के बहुत प्रिय नेता थे। वे उन्हें इतने ज्यादा पसंद थे कि सोनिया गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए उनका चयन किया था, जिसे उन्होंने दो-टूक शब्दों में अस्वीकार कर दिया क्योंकि वे राज्य के मुख्यमंत्री बने रहना चाहते थे। इन सब लम्बी-चौड़ी बातों तथा तिकड़मों के पीछे सचिन पायलट के प्रति उनकी घोर नफरत थी। गहलोत यह सुनिश्चित करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते थे कि सचिन पायलट उन्हें पछाड़ कर, मुख्यमंत्री नहीं बन जायें।

इस परिदृश्य में, गहलोत अब पिछड़ गए हैं तथा जयपुर और नई दिल्ली में अब उनका कोई खास महत्व नहीं रहा है। इस विपरीत स्थिति में, वे अपनी वापसी के लिए तथा प्रासंगिक बने रहने के लिए अपने सारे सूत्रों तथा सम्पर्कों को काम में ले रहे हैं।

# मोदी का चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ के अवास पर जाना रास नहीं आया शिवसेना को

## शिवसेना और एन.सी.पी. के प्रमुख नेताओं ने इस मामले में आपत्ति जताई

मुंबई,12 सितंबर (वार्ता) महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भगवान गणेश की पूजा करने के लिए नयी दिल्ली में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ के आवास पर जाने को 'अभूतपूर्व' बताया।शिवसेना (यूबीटी) के नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने संदेह जताया कि क्या शिवसेना के उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट को न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के अधीन न्याय मिलेगा। उन्होंने सीजेआई को महाराष्ट्र के दो प्रमुख राजनीतिक दलों - शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी(एसपी) से जुड़ी याचिका की सुनवाई से खुद को अलग करने की सलाह दी।

राउत ने कहा , 'न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ नवंबर में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। दिल्ली में भी कई जगहों पर गणेश उत्सव मनाया जाता है। लेकिन मुझे यकीन नहीं है कि मोदी न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के अलावा किसी और के घर गये हैं या नहीं। वह उनके घर गये और साथ में आरती भी की।' राज्यसभा सदस्य ने यह भी सवाल उठाया कि क्या प्रधानमंत्री, जो इस मामले में एक पक्ष भी हैं, और मुख्य न्यायाधीश, जो इस मामले में फैसला सुनाने जा रहे हैं, संविधान और प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं। राकांपा (एसपी) की सुप्रिया सुले और क्लाइड क्रैस्टो तथा कांग्रेस के अतुल लोंधे एवं सचिन सावंत ने इस घटनाक्रम पर आपत्ति जतायी।

# सीता की विनम्रता व दोस्ताना याद रहेगा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बोल सकते थे, उनकी भाषा इतनी सरल थी कि सड़क पर चलने वाले आम आदमी को भी समझ में आ जाती थी। अगर माकपा उन्हें दोबारा प्रत्याशी बनाती तो वे प.बंगाल से जीत जाते, जहाँ कांग्रेस उनका समर्थन करने के लिए तैयार थी।

राजनैतिक हलकों में माना जाता था कि येचुरी कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सलाहकार थे और इंडिया गठबंधन के पीछे उनका बड़ा हाथ था।

12 अगस्त 1952 में चेन्नई में जन्मे येचुरी तेलुगू भाषी परिवार के थे। उनके पिता सर्वेश्वर सोमायाजुला येचुरी आंध्र प्रदेश परिवहन निगम में इंजीनियर थे, उनकी मां कल्पाकम येचुरी सरकारी अफसर थीं। हैदराबाद में पले बढ़े येचुरी ने दसवीं तक ऑल सेंट हाई स्कूल में पढ़ाई की थी।

वर्ष 1969 में तेलंगाना आंदोलन के कारण वे दिल्ली आ गए, जहां उन्होंने प्रैसीडैन्ट्स एस्टेट स्कूल में एडमीशन लिया और सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा में देश भर में पहला स्थान प्राप्त किया। उसके बाद उन्होंने सैंट स्टीफन्स कॉलेज से अर्थशास्त्र में बी.ए. (ऑनर्स) किया और फिर जवाहर लाल नेहरू युनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र में एम.ए. किया। दोनों बार उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वे जे.एन.यू. से ही पीएच.डी. कर रहे थे, पर आपातकाल में गिरफ्तारी की वजह से उन्हें रिसर्च छोड़नी पड़ी।

येचुरी 1974 में माकपा की छात्र शाखा स्टूडैंट फैडरेशन ऑफ इंडिया (एस.एफ.आई.) में शामिल हुए थे और इसीलिए 1975 में लगे आपातकाल में उनकी गिरफ्तारी हुई थी। आपातकाल के बाद वे जे.एन.यू. छात्र संघ के अध्यक्ष बने। उन्होंने और प्रकाश करात ने जे.एन.यू. को समाजवादी-वामपंथी गढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सन् 1978 में येचुरी एस.एफ.आई. के अखिल भारतीय अध्यक्ष चुने गए। पहली बार केरल व बंगाल से बाहर का कोई व्यक्ति एस.एफ.आई. का अध्यक्ष बना था। वर्ष 1984 में माकपा का संविधान संशोधित हुआ और पांच सदस्यीय केन्द्रीय सचिवालय गठित किया गया, जिसमें येचुरी, प्रकाश करात, सुनील मोईत्रा, पी. रामचंद्रन, एस. रामचंद्रन, पिल्लै जैसे युवा नेता शामिल किए गए थे, जिन्हें पोलित ब्यूरो के निर्देशानुसार काम करना था।

1992 में माकपा की चौदहवीं कांग्रेस में येचुरी को पोलित ब्यूरो का सदस्य बनाया गया और 19 अप्रैल 2015 में विशाखापट्टम में हुई 21वीं कांग्रेस में वे पार्टी के पांचवे महासचिव बनाए गए। उनसे पहले प्रकाश करात महासचिव थे, जो 2005 से 2015 तक तीन कार्यकाल तक माकपा के महासचिव रहे। हैदराबाद में 18 अप्रैल से 22 अप्रैल 2018 से तब हुई कांग्रेस में उन्हें दोबारा महासचिव चुना गया। उसके बाद कन्नूर में हुई कांग्रेस में अप्रैल 2022 में उन्हें तीसरी बार माकपा महासचिव चुना गया।

येचुरी पूर्व महासचिव हरकिशन सिंह सुरजीत की गठबंधन निर्माण विरासत के पक्षधर थे। उन्होंने पी. चिदम्बरम के साथ मिलकर 1996 में संयुक्त मोर्चा सरकार का कॉमन मिनिमम प्रोग्राम बनाया था और 2004 में यू.पी.ए. के निर्माण में भी उनकी सक्रिय भूमिका थी। येचुरी पार्टी के अन्तर्राष्ट्रीय विभाग के भी प्रमुख थे और अक्सर समाजवादी देशों की यात्रा पर जाने वाले पार्टी के प्रतिनिधि मंडल का भी हिस्सा होते थे।

येचुरी ने बी.बी.सी. के साथ काम कर चुकी सीमा चिश्ती से शादी की थी। उन्हें पूर्व पत्नी इंद्राणी मजूमदार से एक बेटा और बेटी थी। उनकी पुत्री अखिला यू.के. में पढ़ाती हैं। उनके पुत्र का 2021 में कोविड के कारण 34 साल की उम्र में देहांत हो गया था।

येचुरी की जे.एन.यू. पृष्ठभूमि के कारण मेरा उनसे परिचय हुआ था। अशोक रोड पर माकपा ऑफिस में जब मैं प्रकाश करात से मिलने गया था, तब मेरी येचुरी से बात हुई थी। मेरे जे.एन.यू. छोड़ने के कई सालों बाद येचुरी जे.एन.यू. में आए थे। मैं जे.एन.यू. से पूर्वी ज़र्मनी की हमबोल्ट युनिवर्सिटी चला गया था। सीता ने जब मुझे करात के कक्ष से बाहर निकलते देखा तो वे मेरे पास आए तथा खुद का परिचय जे.एन.यू. के छात्र के रूप में दिया। उनकी विनम्रता ने मेरा दिल छू लिया और तब से हम दोस्त बन गए। मेरी तरफ से उन्हें अश्रुपूर्ण श्रृद्धांजलि।

## मांडया में सांप्रदायिक...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उस शोभायात्रा पर पत्थर फैंके गए हैं। और शीघ्र ही, इस खबर ने साम्प्रदायिक रंग ले लिया।

माँड्या जिले, जिसके अन्दर उक्त गाँव स्थित है, के बहुत से दुकानदारों ने बताया कि झगड़ों के दौरान, उनकी दुकानें भी तोड़ी गई। पुलिस का कहना है कि झड़पें उस समय शुरू हुईं, जब शोभायात्रा एक धार्मिक स्थल से गुजरते वक्त धीमी हो गई थी।

पुलिस के अनुसार, शोभायात्रा उस पूजा-स्थल के पास स्थिर बनी रही तथा कथित रूप से, इस स्थिति के कारण झड़पें शुरू हो गई। पुलिस के अनुसार, अब स्थिति नियन्त्रण में है, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी गई है। माँड्या में 14 सितम्बर तक के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर कहा, "मैं जनता से अनुरोध करता हूँ कि वह हमें सहयोग प्रदान करे तथा उत्तेजना का शिकार हुए बिना, स्वयं को नियन्त्रित रखे एवं शान्ति बनाये रखे।"

राज्य के गृहमन्त्री ज़ी परमेश्वर ने कहा कि यह घटना उत्तेजना के कारण हुई। उन्होंने कहा कि दोनों ही पक्षों के 52 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। सी.सी.टी.वी. फुटेज की समीक्षा करने के बाद, उनके खिलाफ केस दर्ज किए जायेंगे।

माँड्या जिले के प्रभारी मन्त्री एन.चेलूवराया स्वामी ने कहा कि अब स्थिति शान्तिपूर्ण तथा नियन्त्रण में है।

भाजपा और जे.डी. (एस.) ने तुरन्त ही इस घटना का राजनीतिकण कर दिया। विधानसभा में विपक्ष के नेता आर.अशोक (भाजपा) ने आरोप लगाया कि गणेश प्रतिमा के जुलूस पर हुआ हमला "तुष्टिकरण की राजनीति का नतीजा है।"

भाजपा की सहयोगी तथा गठबन्धन पार्टनर, भारी उद्योग एवं इस्पात के केन्द्रीय मन्त्री तथा जे.डी.(एस.) नेता एच.डी. कुमारास्वामी ने कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था फेल हो गई है। उन्होंने भाजपा के स्वर में स्वर मिलाते हुए कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण की राजनीति नहीं रोकी तथा कांग्रेस के "बुरे दिन दूर नहीं हैं।"

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600